संसेक्स 72,831.94 ▲ +190.75
डॉलर 83.629 ▼ +0.402

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 18.0 | 25.0 |
| धनबाद | 33.0 | 17.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 37.0 | 19.0 | 31.0 |
| पलामू | 33.0 | 17.0 | 27.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते






डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 23 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 156, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — आखिर क्यों जरूरी है नागरिकता संशोधन कानून ... 8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च ...12 — देश/विदेश


## तीन अपराधियों ने पड़वा ग्रामीण बैंक में दिया घटना को अंजाम

# पलामू में पिस्तौल की नोंक पर ग्रामीण बैंक से छह लाख की लूट

### दिनदहाड़े दुस्साहसिक वारदात से नागरिकों में दहशत

### बैंककर्मियों को बाथरूम में बंद कर कैश ले उड़े अपराधी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पड़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण बैंक में तीन अपराधी शुक्रवार को पिस्तौल की नोंक पर दिनदहाड़े छह लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। जानकारी के अनुसार सुबह 10.20 बजे असलहे से लैस अपराधी ग्राहक के रूप में बैंक पहुंचे और पिस्तौल का भय दिखाकर वारदात को अंजाम दिया। सीधे बैंक अधिकारियों के चैंबर में घुसकर अपराधियों ने उनके सिर पर पिस्तौल तान दिया। उसके बाद सभी को बाथरूम में बंद कर कैश काउंटर में रखे छह लाख रुपये लेकर चलते बने। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी अपराधी बैंक खुलने के थोड़ी देर बाद ही अंदर घुसे थे। उस समय बैंक में लोगों की भीड़ कम थी। बताया जाता है कि बाहर अपराधियों के तीन अन्य साथी उनका इंतजार कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। सभी अपराधी हथियार से लैस बताये जा रहे हैं। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बाइक से भाग निकले। पुलिस बैंक और आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।





#### ऑन कॉल पुलिस पेट्रोलिंग की है व्यवस्था

मेदिनीनगर के जेलहाता चौक स्थित स्टेट बैंक के मैनेजर तनवीर कुमार ने बताया कि प्रतिदिन ऑन कॉल पुलिस के द्वारा बैंक में पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बैंक परिसर में एटीएम मशीन मौजूद है, यहां पर गार्ड की तैनाती की गई है। वहीं शहर के चर्च रोड स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंककर्मियों ने सुरक्षा मानकों के बारे में बताया कि ऑन कॉल के आधार पर बैंक की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हमारे यहां पर्सनल एक भी गार्ड बैंक की सुरक्षा में तैनात नहीं रहते हैं।

#### सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं : थाना प्रभारी

पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि अपराधियों ने बैंक खुलते ही घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने कैश रूम खोलकर पैसे लूट लिये, पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि करीब 6 लाख रुपये की लूट हुई है।

## अपराधियों ने तेतराई पंचायत मुखिया को मारी गोली, गंभीर



- एक गोली कंधे में और एक गोली हाथ में लगी
- घटना स्थल से खोखा बरामद

**पांकी।** प्रखंड के तेतराई बाजार में शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे पांकी प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह तेतराई पंचायत के मुखिया राजेंद्र पांडे उर्फ जितेंद्र पांडे को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडे शाम करीब 7 बजे तेतराई मुख्य बाजार स्थित एक होटल से कुछ सामान की खरीदारी कर रहे थे। इसी बीच बाइक पर सवार अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। एक गोली उनके बांह में लगी है। वहीं एक गोली हाथ को छूते हुए निकली है। घटना के बाद अपराधी भाग खड़े हुए। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल जितेंद्र पांडे को इलाज हेतु मेदीनीनगर सदर अस्पत भेजा गया है। वहीं घटनास्थल से खोखा भी प्राप्त हुआ है। मामले की जानकारी होने के बाद तत्काल पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखकर अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बिहार में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरा, एक की मौत, नौ घायल

- सुपौल के बकौर व मधुबनी के भेजा के बीच बन रहा देश का सबसे लंबा सड़क पुल
- पुल की लंबाई 10.2 किमी है, मृतक के परिवार को मिलेगा 10 लाख का मुआवजा

**पटना/सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले के बकौर में भारत माला परियोजना के तहत बन रहे देश के सबसे लंबे पुल के तीन गार्टर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सुपौल के डीएम ने बताया कि घटना सुबह साढ़े 7 बजे की है। इस हादसे में



9 लोग घायल हुए हैं और एक की मौत हुई है। मृतक के परिवार को 10 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। घायलों की भी मदद की जाएगी। मामले की जांच के आदेश दिए गए है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की टीम लगी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिलर नंबर 50, 51 और 52 का गार्टर गिरने से यह शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 66,260
चांदी (किलो) 74,960

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

## एक नजर

### ईडी की छापेमारी के बाद एसएसपी ने ओपी प्रभारी को हटाया

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह को पद से हटा दिया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वहीं आदर्श आचार संहिता के दौरान वारंट, कुर्की के निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले जिला के 11 थाना प्रभारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। इनमें सदर, लोअर बाजार, हिंदपीढ़ी, नगड़ी, रातू, बेड़ो, कांके, नामकुम और बरियातू थाना प्रभारी शामिल हैं।

## भाजपा ने निर्वाचन आयोग को सौंपा दीपिका पांडेय का कथित ऑडियो क्लिप

### अविलंब जांच करा कार्रवाई की मांग

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार को महगामा की कांग्रेस की महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह का एक कथित ऑडियो क्लिप सौंपा है। भाजपा ने दावा किया कि ऑडियो क्लिप में विधायक की आवाज है और वह किसी मुखिया रफीक भाई के साथ बातचीत कर रही हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा और मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस बातचीत में शेष पृष्ठ 11 पर


### चुनाव ड्यूटी करने वाले पत्रकार पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान : के रवि

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान चुनाव कवरेज के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग से जारी प्राधिकार पत्र धारित करने वाले झारखंड राज्य के मीडिया कर्मियों के मताधिकार प्रयोग के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था रहेगी। शेष पृष्ठ 11 पर

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी तानाशाही रवैया : चंपाई सोरेन

- अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गई है
- सीएम ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रिज करने पर उठाया सवाल

**रांची।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने शराब घोटाला मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। इसके विरोध में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने भी एक्स पर सवाल उठाया



है। साथ ही इसे तानाशाही रवैया बताया है। मालूम हो कि जमीन घोटाले में ईडी के दस समन की अवहेलना करने के बाद झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया गया था, शेष पृष्ठ 11 पर

## आईपीएल आज से



समय : 22 मार्च, 8 आठ बजे से
स्थान : चैन्नई

## आजकल




## स्वीप कोषांग के प्रभारी आईएएस रवि कुमार के नेतृत्व में जुटा महकमा

# कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर प्रशासन का फोकस

### जिले में कम मतदान प्रतिशत वाले 120 बूथ चिह्नित

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र में इस बार प्रशासन का ध्यान कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों पर है। इसके लिए संसदीय क्षेत्र के 120 मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। जहां मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। स्वीप कोषांग के प्रभारी आईएएस अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि लोकतंत्र इस महापर्व में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर खेल क्विज प्रतियोगिता के साथ-साथ कई नई तरीके के गतिविधियों को करने का निर्णय लिया गया है। जिस पर काम शुरू हो गया है। वे बताते हैं कि कम मतदान वाले क्षेत्र के युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस बार मेगा प्लान



बनाया गया है। जिसके तहत 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके तहत मॉक पोल भी कराया जाएगा। इसके अलावा फुटबॉल, क्रिकेट, रंगोली समेत कई इवेंट का प्लान तैयार किया गया है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक, शपथ दीपोत्सव, चुनावी पाठशाला के अलावे गांव व प्रखंड स्तर पर क्रिकेट व फुटबॉल प्रतियोगिता भी आयोजित कराए जाएंगे। नोडल अधिकारी श्री कुमार बताते हैं कि जागरूकता के लिए नए-नए कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। जिसके लिए कैलेंडर तैयार किया गया है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लोकल स्तर पर कई संस्थाओं को भी जोड़ा गया। जो अपने-अपने स्तर से कम मतदान वाले बूथ क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने का काम करेंगे। स्वीप पदाधिकारी का मानना है कि इससे वोट प्रतिशत बढ़ेगा। इसके तहत मतदाताओं को जागरूक करने वाली संस्थाओं व व्यक्ति विशेष को भी सम्मानित किया जाएगा। जो मतदाता को जागरूक करने में जुटे हुए है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मताधिकार का विशेष महत्व है। ऐसे में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम को प्रशासन लेकर आया है। जिससे उम्मीद है कि कम मतदान के प्रतिशत वाले बूथों में मतदाताओं की रुझान बढ़ेगा और वोट प्रतिशत बढ़ेगी।

## सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे पूर्व विधायक किशोर

**मेदिनीनगर।** छतरपुर के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। इसके बाद उनके समर्थकों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर डॉ अरुण शुक्ला के पास लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर सांसद विष्णु दयाल राम और पूर्व विधायक के समर्थक अस्पताल पहुंचकर उनके घायल होने की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि पूर्व विधायक श्री किशोर छतरपुर की ओर से आ रहे थे। इसी बीच कजरी पुल के पास एक स्कार्पियो ने पीछे से उनके वाहन में धक्का मार दिया। जानकारी मिलने पर पड़वा थाना के पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर स्कॉर्पियो को जब्त कर उसे थाना ले गई है।

## झारखंड लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ राज्य नेत्र सोसाइटी अवार्ड से सम्मानित

**संस्था की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की बीमारियों से बचाव के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान**

**कोलकाता।** कोलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82 वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सम्मारोह में झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी को 100 से 500 सदस्यों की श्रेणी में एजुकेशनल व साइंटिफिक गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। राज्य को यह सम्मान लगातार दूसरी बार मिला है। इस सम्मान को चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी व मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य डॉ. भारती




कश्यप, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य डॉ. बीपी कश्यप, सेक्रेटरी डॉ. एसके मित्रा व प्रेसिडेंट डॉ. राज मोहन ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया। यह सम्मान रामकृष्ण मिशन अस्पताल के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंद, आल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. हरबंश लाल व अमेरिका के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. उदय देवगन ने प्रदान किया। मैनेजिंग कमेटी के मेंबर सह चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी डॉ. भारती कश्यप ने बताया की झारखंड नेत्र सोसाइटी के बैनर के तहत संथाल परगना, पलामू प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, कोल्हान के दूरदराज के शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# केजरीवाल की गिरफ्तारी एक प्रयोग का अंत है या एक नया मोड़?



सुनील बादल

**सदियों** पहले कबीले के सरदार,उसके बाद राजा रजवाड़े, बादशाह से लेकर जमींदार या प्रजातांत्रिक व्यवस्था में चुने हुए जनप्रतिनिधि तक सभी को भारत ने विशेष दर्जा दिया।यहां तक कि ईश्वर का अंश तक मानकर हर आदेश का पालन किया पर मयार्दा पुरुषोत्तम राम के देश में यही राजा या नेता नीचता की सीमाएं लांघने लगे तो लोगों को तलाश हुई ऐसे नेता की जो सादगी से अपने कर्तव्यों का पालन करे पर शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब सादगी और ईमानदारी का दंभ भरने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया तो लोगों को गहरा आघात लगा । उनकी गिरफ्तारी के बाद इंडी गठबंधन के नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरा है, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि उनके कर्मों के कारण ही उनकी गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए अन्ना हजारे ने कहा, 'मैं बहुत दुखी हूं कि अरविंद केजरीवाल जो कभी मेरे साथ काम करते थे, उन्होंने शराब के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। अब वह खुद शराब नीतियां बना रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी उनके कर्मों के कारण ही हुई है।' अन्ना हजारे ने मीडिया को बताया कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को इस तरह की नीति लागू नहीं करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, 'मैंने बोला था कि हमारा काम शराब नीति बनाना नहीं है। एक छोटा बच्चा भी यह जानता है कि शराब बुरी चीज है। लेकिन उन्होंने नीति बनाई। उन्हें लगा कि वह इससे ज्यादा पैसे कमा लेंगे, इस वजह से उन्होंने इस नीति को लागू किया। मैंने उन्हें दो बार चिट्ठी भी लिखी। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के अलावा विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, समीर महेंद्रू, पी सरथ चंद्रा, बिनोय बाबू, अमित अरोड़ा, गौतम मल्होत्रा, राघव मंगुटा, राजेश जोशी, अमन ढाल, अरुण पिल्लई, मनीष सिसोदिया, दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह और के कविता को गिरफ्तार किया गया है। अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल का रिश्ता



जनलोकपाल बिल आंदोलन के दौरान अन्ना हजारे की कोर टीम में शामिल अरविंद केजरीवाल का नाम जनता के सामने आया था। 2011 में शुरू हुए इस आंदोलन में केजरीवाल एक प्रमुख चेहरा थे, जिन्होंने अन्ना हजारे के साथ मिलकर जन लोकपाल विधेयक को लागू करने की मांग की थी। अन्ना हजारे ने नई दिल्ली में जंतर मंतर पर भूख हड़ताल शुरू की। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने किरण बेदी के साथ मिलकर विदेशों से काले धन को वापस लाने के लिए तत्कालीन सरकार को घेरा था। 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की थी। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए थे और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई नीति लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। राज्य सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा। राज्य सरकार ने लाइसेंस की फीस भी कई गुना बढ़ा दी थी। जिस एल-1 लाइसेंस के लिए पहले ठेकेदारों को 25 लाख देना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद ठेकेदारों को पांच करोड़ रुपये चुकाने पड़े। इसी तरह अन्य कैटेगिरी में भी लाइसेंस की फीस में काफी बढ़ोतरी हुई। नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप है। भाजपा ने आरोप लगाया कि इससे बड़े शराब कारोबारियों को फायदा हुआ। विपक्षी दलों ने उनकी गिरफ्तारी को गलत बताया है। खास बात है कि केजरीवाल के समर्थन में ऐसे दो लोग भी खड़े हुए हैं, जिन्हें नौ वर्ष पहले आम आदमी पार्टी से अपमानित कर निष्कासित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण और राजनेता एवं आंदोलनकारी योगेंद्र यादव, जो 'आप' के संस्थापक सदस्य रहे हैं, उन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया है। योगेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राजनीतिक सहमति असहमति अपनी जगह है, लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादा सर्वोपरि है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी इस मर्यादा का चीर हरण है। अभी उन्हें दोषी नहीं कहा जा सकता पर निर्दोष भी नहीं कहा जा सकता।

## इसरो के 'पुष्पक' की लॉचिंग सफल, पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा किया जा सकता है इस विमान का प्रयोग

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग में 'पुष्पक' विमान को सफलतापूर्वक लैंड करवाया। इसरो ने एक्स हैंडल पोस्ट में यह जानकारी दी। 'पुष्पक' एसयूवी के साइज का पंखों वाला रॉकेट है। इसे 'स्वदेशी स्पेश शटल' भी कहा जा रहा है। ये रि-यूजेबल विमान है । इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसरो ने एक्स पर कहा कि रि-यूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आरएलवीएलईएक्स-02 लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए मील का पत्थर साबित हुआ। यह टेस्ट चित्रदुर्ग के एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में सुबह 7:10 बजे किया गया। 'पुष्पक' को



वायुसेना के हेलिकॉप्टर चुनूक से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इस मिशन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और इसरो जड़त्व प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के साथ पूरा किया था। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इस जटिल मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने यह सफलता भविष्य के ऑर्बिटल रि- प्रवेश मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 30 से



**ऊंटारी रोड।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत में 30 मार्च से श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा (जल भरी) के साथ किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि महायज्ञ की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। महायज्ञ का समापन पांच अप्रैल को किया जायेगा।

### लोस चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग

**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुसैनाबाद पुलिस द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जपला-नबीनगर मार्ग के शहीद भगत सिंह कॉलेज के समीप वाहनों की सघन जांच की गयी। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच की गयी। मौके पर एसआई धर्मेन्द्र सिंह, अमन कुमार, लवकुश कुमार मौजूद रहे।

### जावा महुआ व 60 लीटर अवैध शराब जब्त

**हुसैनाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम टिकवादह में छापेमारी कर 3.6 किलोग्राम जावा महुआ तथा 60 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी सोनू पासवान और सुनील यादव मौके से फरार हो गए। फरार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

### मजदूर किसान महाविद्यालय के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन

# रचनात्मकता को क्रियाशील करती है परिचर्चा

नवीन मेल संवादाता



**पांकी।** प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में अर्थशास्त्र और वाणिज्य शास्त्र के संयुक्त कार्यक्रम के तहत विवेकानन्द सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वित्तीय नियोजन एवं भारतीय कृषि में यंत्रीकरण के लाभ और हानि विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम ने अतिथियों का स्वागत करते हुये वृत्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एनपीयू अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजकुमार सिन्हा व विशिष्ट अतिथि वाणिज्य शास्त्र विभाग एसपीडी कॉलेज गढ़वा के कमलेश कुमार सिन्हा ने उपयोगी व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रोफेसर सर्वेश्वर प्रसाद विभागाध्यक्ष वाणिज्य शास्त्र ने निर्धारित विषय पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के सचिव डॉ. बिंदेश्वर सिंह ने सभी को बढ़-चढ़कर परिचर्चा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि परिचर्चा हमेशा रचनात्मकता को क्रियाशील करती है। डॉ. प्रेमचंद महतो ने कृषि कार्य में उपयोग हो रहे मशीनरी पर चर्चा करते हुए इसके लाभ हेतु उचित प्रशिक्षण को चिन्हित किया। रामविलास सिंह ने कृषि कार्य में लगे किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति को रेखांकित किया। कार्यक्रम में जमशेद आलम, विरेंद्र कुमार सहित छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश्वर चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन के द्वारा किया गया।

### नगदी फसलों का सिकुड़ता क्षेत्रफल चिंता का विषय

नरेंद्र कुमार तिवारी ने हरित क्रांति से अब तक कृषि के तथ्यात्मक आंकड़ों के द्वारा विश्व में भारत की स्थिति को स्पष्ट करते हुए ट्रैक्टर संस्कृति को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरित क्रांति से दलहन, तिलहन और अन्य नगदी फसलों का क्षेत्रफल तेजी से सिकुड़ रहा है जो गंभीर विमर्श का विषय है। हमें बेहतर परिणाम के लिए परंपरागत कृषि व्यवस्था से शप-प्रतिशत दूरी नहीं रखनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि ने वाणिज्य दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।

### बिहार से सटे इंटर स्टेट चेकपोस्ट का लिया जायजा

**हरिहरगंज।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसे लेकर शुक्रवार को छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार तथा एसडीपीओ नौशाद आलम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने आने-जाने वाले वाहनों की इंट्री बुक भी जांच की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को उन्होंने बिहार राज्य की ओर से आने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उसके बाद अधिकारियों ने राजकीय सीता उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगत तेंदुआ तथा अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय कौआखोह मतदान केंद्रों पर जाकर बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ कुमार अरविंद बेदिया, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार उपस्थित थे।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी 11 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 11 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाने में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 11 लोगों पर 2.91 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। विद्युत विभाग की कार्रवाई से अवैध कनेक्शनधारियों में हड़कंप मच गया है। अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद मेहता, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद व अशोक मेहता शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस माह होली की वजह 26 को लगने वाला शिविर 29 मार्च को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में लगाया जाएगा।

### आरोपियों पर 2.91 लाख रुपए का लगा जुर्माना, उपभोक्ताओं में हड़कंप

### शादी का झांसा देकर बनाया संबंध, जबरन कराया गर्भपात


# पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

### मामला देवरी ओपी क्षेत्र का

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और जबरन गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नाबालिग ने देवरी ओपी क्षेत्र निवासी दीपरंजन के खिलाफ देवरी ओपी में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि चार वर्ष पूर्व दीपरंजन से मोबाइल फोन के माध्यम से सम्पर्क हुआ था। उसके बाद से उनमें मोबाइल पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। उसके बाद दोनों छिपकर मिलने भी लगे। इसी दौरान शादी का झांसा देकर आरोपी शारीरिक संबंध बनाने लगा। जिससे वह गर्भवती हो गयी। जिस पर जपला के एक क्लीनिक में ले जाकर उसका गलत नाम बताकर उसने उसका गर्भपात भी करा दिया। उसके बाद जब वह आरोपी पर शादी का दबाव बनाने लगी तो वह आजकल कहकर टालमटोल करने लगा। जब वह उससे मिलने उसके घर गई तो उसके भाई राजेश बैठा ने उनका मोबाइल छीनकर उसका सीम तोड़ कर फेंक दिया तथा उसके पिता ने डरा धमकाकर उसे भगा दिया। इस संबंध में ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया की लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया है। वहीं लड़की को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

### नेतरहाट वन विश्राम गृह में भालू के घुसने से हड़कंप



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के नेतरहाट वन विश्राम गृह में गुरुवार की रात एक भालू घुस आया। देर रात दो बजे छह फीट ऊंचे चहारदीवारी को फांदकर भालू के घुसने से हड़कंप मच गया। रात्रि प्रहरी में तैनात इंद्रजीत बड़ाइक ने बताया कि वे रात में टॉयलेट के लिए उठे तो उन्हें इस विश्राम गृह के नीचले सतह से अजीबोगरीब आवाज सुनाई दी। ध्यान से देखने पर उन्होंने देखा कि एक भालू पानी के पाइप को अपने पंजे से खुरेच रहा है। पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने पर्यटकों से रात में कमरे से बाहर न निकलने का आह्वान किया है। साथ ही सुरक्षा प्रहरी को रात में लाइट जलाकर रखने का निर्देश दिया है।

# मतदान प्रक्रिया की महत्त्वपूर्ण कड़ी होते हैं सेक्टर पदाधिकारी : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शहर के जिला स्कूल के सभागार में सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए उन्हें पूरा प्रशिक्षण लेने के साथ सजग,सचेष्ट व क्रियाशील होना आवश्यक है।प्रशिक्षण के दौरान डीडीसी ने सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों से संवाद कर तैयारी का जायजा लिया। कहा कि कोई भी चूक अस्वीकार्य है। छत्तरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने सेक्टर पदाधिकारियों के दायित्वों के साथ रिजर्व ईवीएम का उपयोग,बुथ विजिट,माकपोल व रिपोर्टिंग के बारे में विस्तार से बताया।वहीं एलआरडीसी प्यारेलाल ने कहा कि सही जानकारी ही आप सबको संकट से उबारेगी तथा समुचित कार्य निष्पादन में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि अगर आप प्रशिक्षण में पसीना बहाते हैं तो कार्य के समय परेशानी नहीं होगी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी शहर थाना देवव्रत पोद्दार ने पुलिस पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारीगण के साथ समन्वय कर कार्य करने तथा मतदान के पहले,मतदान के दौरान व मतदान के पश्चात की विधि व्यवस्था व सुरक्षा सुनिश्चित करने के कौशल की जानकारी दी।जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने उपयोग के अनुसार ईवीएम के केटेगरी व विजिट के दौरान आब्जर्वेशन की बारीकियों से अवगत कराया। जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र कुमार पाठक ने ईवीएम के संचालन व बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, डीपीएम मिथलेश कुमार विश्वकर्मा, डीएसई रणधीर कुजूर, दिनेश चंद्र राम,राजन बाखला, सौरव कुमार सिन्हा, राजेश तिवारी, धनंजय सिंह व इन्द्रदेव राम मौजूद रहे।

### किसानों व पशुपालकों को दी गयी जानकारी

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह स्थित मधुबन होटल सह रेस्टोरेंट में शुक्रवार को प्रखंड के सीईओ तथा अकाउंटेंट के लिये प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख कृष्ण प्रसाद व मनोज कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमे वसंथा लक्ष्मी ट्रस्ट सीबीबीओ के ट्रेनर गोपाल कुमार द्वारा एकदिवसीय ट्रेनिंग दिया गया। इस मौके पर संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर मृत्युंजय कुमार मेहता तथा ट्रेनर गोपाल कुमार ने किसानों तथा पशुपालकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी गयी. मौके पर हरिहरगंज के एफपीओ रामराज सिंह, पिपरा के रविरोशन कुमार, हुसैनाबाद के अक्षय कुमार, हैदरनगर के चंदन कुमार, मोहम्मदगंज के अजय कुमार, नावा के सुरेंद्र पाल, पांडू के संतोष पाल, मनातू के अमरेश कुमार, तरहसी के विनोद सिंह मौजूद रहे।

# भाईचारे को बढ़ावा देता है होली पर्व



नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा पंचायत की मुखिया कमला देवी के आवास पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुखिया पति सह वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण पाल ने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें गढ़वा जिले के मशहूर लोकगीत गायक कौशल मधुर, रामप्रवेश चौधरी व उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति की। वरिष्ठ समाजसेवी श्री पाल ने कहा कि होली आपसी एकता व भाईचारे को बढ़ावा देता है। समारोह में उपमुखिया रूपेश सिंह, शंकर राम,दशरथ साह,अजीत श्रीवास्तव, वार्ड सदस्य गोविंद चौधरी, सीताराम साह, हिमांशु पाठक,संजय सिंह,चंदन चौधरी मौजूद थे।

### राजद के होली मिलन समारोह में उमड़ी भीड़

# एकता व भाईचारे का प्रतीक है होली

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** स्थानीय मोतीराज महिला इंटर कॉलेज के समीप स्थित राधे कृष्ण मैदान में शुक्रवार को राजद द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजद नेत्री ममता भुईयां ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव तथा पलामू लोकसभा के राजद के संभावित प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि होली एकता और भाईचारा का प्रतीक है। उन्होंने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव तथा संचालन बुधन सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक सुदर्शन यादव तथा श्रीजानंद पाण्डे ने होली गीतों की मनोरम प्रस्तुति की। समारोह में राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव,जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, समाजसेवी राजेश राम, विकास यादव, जिप सदस्य ददन पासवान, कांग्रेस नेता कृष्णा सिंह, मुखिया जितेंद्र पासवान, प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, छात्र जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, मुखिया राजेंद्र यादव मौजूद थे।

### अव्यवस्था — सिस्टम को मुंह चिढ़ा रहा झरहा का नवनिर्मित कॉलेज भवन

# पठन-पाठन शुरू होने का बाट जोह रहा डिग्री कालेज

### वर्ष 2017 से किया जा रहा है निर्माण, छात्र-छात्रायें परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** स्थानीय झरहा गांव में नवनिर्मित भवन के बनने के बाद भी इसे चालू नहीं किये जाने से छात्र-छात्राओं को जहां काफी परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ डिग्री कॉलेज भवन अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है। मालूम हो कि वर्तमान समय में हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में कोई स्कूल- कॉलेज या उच्च शिक्षण संस्थान का बड़ा भवन नहीं रहने का बहाना बनाकर एनपीयू ने एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र छतरपुर में निर्धारित कर दिया था। इससे परीक्षार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काफी दूर परीक्षा केंद्र हो जाने से अभिभावक इन दिनों काफी मानसिक तनाव में हैं। जबकि अनुमंडल क्षेत्र के झरहा में सरकारी डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के द्वारा किया गया था। जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 17 करोड़ रुपये थी। इस सरकारी कॉलेज की स्थापना का उद्देश्य था कि क्षेत्र के गरीब तबके के बेटे- बेटियों को सस्ता एवं सुलभ तरीके से उच्च शिक्षा प्राप्त हो सके और उन्हें इसके लिए दूसरे शहरों में ना जाना पड़े। लेकिन विडंबना यह रही है कि हुसैनाबाद के कथित विकास पुरुष एवं विकास कार्यों का दंभ भरने वाले राजनीतिज्ञोंऔर सरकारी महकमा को आज यह भवन मुंह चिढ़ा रहा है। एनपीयू विश्विद्यालय केवल निजी व व्यवसायिक संस्थाओं के विकास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप समर्थित रही है,लेकिन सरकारी कॉलेजों के विकास व संरक्षण के प्रति उदासीन है। सरकारी सिस्टम को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। लोगों का कहना है कि यदि नवनिर्मित डिग्री कालेज में पठन-पाठन शुरू कर दिया जाये तो सुदूर अंचल के छात्र-छात्राओं को भी उच्च शिक्षा ग्रहण करना सुलभ हो जायेगा।

### क्या है पूरा मामला

एनपीयू द्वारा ग्रेजुएशन के लिए संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सेमेस्टर-चार की हो रही है। लेकिन जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमीटर दूर झारखण्ड बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हुसैनाबाद अनुमंडल के मात्र एक डिग्री कॉलेज जिसमें गढ़वा जिला के कांडी एवं पलामू के ऊंटारी, मोहम्मदगंज, हैदरनगर हुसैनाबाद, पिपरा, हरिहरगंज के सुदूरवर्ती क्षेत्र के हजारों, गरीब मध्यम वर्ग के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, उनका परीक्षा केंद्र छतरपुर स्थित गुलाब चंद डिग्री कॉलेज में निर्धारित किया गया है, जो उक्त प्रखंडो से 40 से 60 किलोमीटर दूर है। छतरपुर जाने-आने का एकमात्र साधन सड़क मार्ग ही है। जबकि प्रतिदिन बड़ी दुर्घटना घटित हो रही है। सबसे ज्यादा कठिनाई छात्राओं को हो रही है। जिनके घर में आवागमन हेतु कोई साधन नहीं है। छात्र-छात्राओं को क्या परेशानी हो रही है। इससे विश्वविद्यालय को कोई लेना देना नहीं है। लेकिन भविष्य में इस तरह की परेशानियां होती है तो वह दिन दूर नहीं जब क्षेत्र की लड़कियां बीए तक की पढ़ाई नहीं कर सकेंगी।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## संदेश

प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को 'अर्थ ऑवर' मनाया जाता है। यह वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (WWF) की एक प्रभावी पहल है, जिसका आरंभ 2007 में किया गया था। इसका उद्देश्य प्रकृति की रक्षा, जलवायु संरक्षण से निपटने व मानव जीवन के उज्जवल भविष्य को बेहतर दिशा देने हेतु मिलकर काम करने के लिए जागरूकता को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर-भारत प्राकृतिक वातावरण के संरक्षण हेतु समर्पित है। हर वर्ष अर्थ ऑवर'पर एक घंटा के लिए स्वेच्छा से गैर जरूरी रोशनी बंद कर इस अभियान में लोग प्रतिबद्धता से भाग लेते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस प्रतीकात्मक आह्वान में ऊर्जा बचाने हेतु गैर आवश्यक प्रकाश के उपयोग को कम करना है। इस वर्ष अर्थ ऑवर'शनिवार 23 मार्च, 2024 को रात्रि 08:30 से 09:30 तक मनाया जा रहा है।

अतः सभी राज्यवासियों से आह्वान है कि वे इस अवधि में अपने-अपने घरों में अनावश्यक प्रकाश को बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना चाहेंगे। इस अवधि में सभी कार्यालयों/प्रतिष्ठानों में भी अनावश्यक प्रकाश बंद करने की दिशा में समुचित कार्य किया जाय।

(सी०पी० राधाकृष्णन)
राज्यपाल, झारखण्ड

PR No. 323333 (Governor) 2023-24 | सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो गया है। इसमें सक्रियता के साथ भाग लेते हुए मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करना प्रत्येक देशवासी का दायित्व है।

**रवि कुमार, अपर समाहर्ता, पलामू**

## शांतिपूर्ण माहौल में मनायें होली



**मेदिनीनगर।** टीओपी-तीन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने होली त्योहार पर अपने क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान गंभीर मामलों में पुलिस को तुरंत सूचित करें। माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बेवजह किसी पर रंग न डालें। सड़कों पर हुड़दंग न मचाएं और वाहनों को तेज गति से न चलाएं। उन्होंने कहा कि पर्व पर अवैध शराब के कारोबार को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।



स्वच्छ भारत मिशन को मुंह चिढ़ाती शहर के प्रमुख छह मुहान के पास स्थित गंदगी से बजबजा रही नाली (छाया -भोला)

# भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, एकजुटता पर बल

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** पलामू सांसद एवं भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कार्यकर्ताओं को बूथ जीता तो चुनाव जीता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने बूथ को मजबूत करने में जुट जाएं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र का सांसद के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहा है। पांडू में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह एवं संचालन मनोरंजन गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन धर्मदेव सिंह यादव ने किया। जबकि ऊंटारी रोड में अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर एवं संचालन महामंत्री सुनील तिवारी ने किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभाकर नारायण पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, संध्या सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव आदि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मौके पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडे, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पांडे, जिला कार्यसमिति सदस्य शम्भू शरण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह, कृष्णा विजय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, रिकेश ठाकुर ,सूरज तिवारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### हाइवा के धक्के से टूटा पोल,15 घंटे बिजली रही गुल

**मेदिनीनगर।** शहर के सुदना ग्रिड से चैनपुर के सेमरा विद्युत सब स्टेशन को जानेवाली 33 हजाए केवीए बिजली का एक पोल चैनपुर थाना से सटे रोटरी स्कूल के पास गुरुवार की देर रात हाइवा के धक्के से टूटकर धराशायी हो गया। इससे चैनपुर व रामगढ़ के इलाके की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। नतीजा सप्लाई पानी से लेकर घरों के मोटर बंद हो जाने से इस इलाके के लोगों को सुबह सवेरे पानी की परेशानी झेलनी पड़ी। शुक्रवार को विद्युत कनीय अभियंता सुभाष कुमार के कड़े प्रयासों से पोल तार को दुरुस्त किया गया और करीब 15घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हुई। जानकारी के अनुसार चैनपुर रामगढ़ मार्ग पर नेउरा की ओर से छरी लोड कर आ रहा हाइवा उपरोक्त स्थान पर अनियंत्रित होकर बिजली के लोहा पोल से टकराते हुए पलट गया। इससे पोल टूटकर गिर गया और चार अन्य पोल के तार टूटकर बिखर गये। घटना करीब एक बजे रात की है। इस घटना के बाद सम्पूर्ण इलाका अंधेरे में डूब गया।जेई सुभाष कुमार ने बताया कि हाइवा को पुलिस के हवाले करते हुए मामला दर्ज कराया जा रहा है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आप ने जताया रोष

**मेदिनीनगर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आप कार्यकर्ताओं ने भारी रोष जताया है। आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि केजरीवाल को तो गिरफ्तार किया जा सकता है, किंतु उनके विचारों को कभी भी कैद नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के शासनकाल में भारत में लोकतंत्र और न्याय पूरी तरह खत्म हो चुका है। संविधान को दरकिनार कर सरकार ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है। जनता भाजपा की चाल को समझ रही है। चुनाव में अपना जबाब देगी।

### नेतरहाट के जंगल में शावक के साथ बाघिन ने किया है गाय का शिकार

# पहली बार पीटीआर में शावक के साथ मिले बाघ के पगचिन्ह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के महुआडांड प्रक्षेत्र में पहली बार बाघ के शावक के पगचिन्ह मिलने से प्रबंधन की बांछे खिल गयी हैं। ऐसे में संभावना जतायी जा रही है कि बाघिन अपने बच्चे के साथ पीटीआर क्षेत्र में विचरण कर रही है। इस संदर्भ में पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि नेतरहाट की घाटी के एक जंगल में गुरुवार को वनरक्षक और ट्रेकर ने दो भिन्न प्रकार के पग मार्ग देखे। एक पग मार्ग केवल छह सेंटीमीटर चौड़ा, जबकि ठीक उसके बगल का पग मार्ग 16 सेंटीमीटर का था। यह दोनों पग मार्ग बाघ के ही हैं। छह सेंटीमीटर का पगचिन्ह बाघ के बच्चे का और उसके बगल में 16 सेंटीमीटर का पग मार्ग उसकी मां का हो सकता है। कुमार आशीष ने बताया कि यह बाघिन और उसका बच्चा नेतरहाट घाटी के एक जंगल के एक छोटे से मान में रह रहा है। उन्होंने बताया कि इस जंगल में गुरुवार को ही इस बाघिन और उसके बच्चे के द्वारा एक गाय का शिकार किया गया है। शावक के साथ बाघिन की मौजूदगी की आहट से जंगल में सुरक्षा के साथ सतर्कता बढ़ा दी गई है। वनरक्षक मिथिलेश ठाकुर और कर्मी जितेंद्र यादव ने पग मार्गों की तस्वीर भी ली है। उन्होंने बताया कि जिस इलाके में बाघिन ने गाय को मारा है। उसके आसपास चार कैमरा ट्रैप भी लगा दिए गए हैं। उम्मीद है कैमरा ट्रैप में जल्द ही बाघिन और उसका बच्चा कैद होंगे। चरवाहे पन्नू यादव ने गाय को बाघिन के द्वारा मारे जाने की पुष्टि की है।



नेतरहाट की घाटी के एक जंगल में ट्रेकर ने दो भिन्न प्रकार के पग मार्ग देखे

### शावक के साथ बाघिन हो जाती है हमलावर



विदित हो कि शावक के साथ रहने पर बाघिन कुछ ज्यादा ही हमलावर हो जाती है। क्योंकि खुद से ज्यादा उसे अपने बच्चे की सुरक्षा की चिंता रहती है। इसलिये वनरक्षक और ट्रेकर चिन्हित मान से कुछ दूर तक ही जा सकते हैं। उस मान के पास बाघिन के द्वारा खाकर छोड़े गए कुछ जानवरों की हड्डियों के अवशेष भी मिले हैं।

## अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना प्रभारी देवदत्त पोद्दार के निर्देश पर टीओपी-तीन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने हाउसिंग कॉलोनी स्थित सत्संग रोड में अवैध महुआ शराब के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान टीओपी प्रभारी ने टाइगर मोबाइल के जवान पंचम कुमार,मनोज कुमार,सत्येंद्र यादव,अविनाश कुमार, परवेज खान,सरवन यादव के साथ भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब को घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया। विदित हो कि होली पर्व व लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा अवैध शराब के काराबार के खिलाफ लगातार सख्ती बरती जा रही है। इससे अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

### जिले में भर में चहलपहल बढ़ी, बच्चों में देखा जा रहा विशेष उत्साह

# रंग-गुलाल और पिचकारियों से सजे शहर के बाजार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होली त्यौहार को लेकर शहर के बाजार में रंग-गुलाल व पिचकारियों की दुकानें लग गयी हैं। दुकानों पर एक से बढ़कर एक पिचकारियां देखी जा रही हैं। तरह-तरह की पिचकारियों को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पर्व के तीन दिन पूर्व से ही बच्चे पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार बाजार में इस बार 50 रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं। इनमें बच्चे ज्यादातर खिलौने की आकृति की पिचकारियों को पसंद कर रहे हैं। डोरेमन, मिक्की माऊस, पानी के बाटल की आकृति वाली पिचकारी तथा सिलेंडर वाली पिचकारी बच्चों को ज्यादा आकर्षित कर रही है। इसके अलावा होली को लेकर अबीर, गुलाल व रंगों की दुकानें भी सजने लगी हैं। बाजार में विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी टोपियां, गुब्बारे, मास्क, कलर स्प्रे भी आ रहे हैं। पिचकारी, टोपी तथा गुब्बारे खरीदने के लिये बच्चों में विशेष उत्सुकता देखी जा रही है।

### आज से बढ़ेगी रौनक, चुनाव का पड़ेगा असर

दुकानदार अमरेश कुमार ने बताया कि होली को लेकर बाजार में चहलपहल बढ़ने लगी है। शनिवार से रौनक और बढ़ जायेगी। मांग को देखते हुए नए-नए डिजाइन की पिचकारियों के ऑर्डर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार चुनाव के कारण होली और भी रंगीन होने की उम्मीद है । जिससे कारोबार भी अच्छा होगा। दुकानदार रमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने होली को लेकर पिचकारी समेत अन्य आवश्यक सामान भी मंगवा लिये हैं। उन्होंने बताया कि पिचकारी के दामों में इस वर्ष 20 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है।

## आदित्पुर को तेंदुए के आतंक से मुक्त कराने में जुटा पीटीआर

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल से रेस्क्यू वैन के साथ दक्ष कर्मी सरायकेल के आदित्यपुर में उत्पात मचा रहे तेंदुए को पकड़ने के लिये रवाना हुये। विदित हो कि आदित्यपुर में पिछले कई दिनों से एक तेंदुआ घुस आया है। इस तेंदुए से उस औद्योगिक क्षेत्र में घबराहट और चिंता बढ़ गई है। तेंदुए के खौफ के कारण कुछ सरकारी स्कूल भी वहां बंद कर दिए गए हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व की दो गाड़ियां रांची होते हुए आदित्यपुर पहुंच चुकी हैं। साथ दो जीव विज्ञान विशेषज्ञ, एक पशु चिकित्सा और कुछ दक्ष कर्मी भी भेजे गए हैं। श्री जैना ने बताया कि रेस्क्यू वैन में जिंदा कुत्ता या बकरी को रखा जाएगा, ताकि इसकी आवाज से आकर्षित होकर तेंदुआ वैन के अंदर आ जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीम का प्रयास होगा कि यह तेंदुआ या तो पूरी तरह सही सलामत रेस्क्यू वैन में बकरी या कुत्ते को खाने के लिए अंदर आ जाए। या फिर उसी रास्ते से जंगल वापस लौट जाये। जहां से वह आया है।

## ऑटो महासंघ का होली मिलन

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के तत्वावधान में ऑटो स्टैंड मेदिनीनगर में होली मिलन एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संघ के केंद्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने एवं संचालन गुड्डू शुक्ला ने किया। मौके पर केंद्रीय सचिव विवेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू भी मौजूद रहे।

### विधिक साक्षरता के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने की पहल

# छात्र-छात्राओं को दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधिक साक्षरता के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा स्थानीय ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव के निर्देशन में एलएडीसी के अधिवक्ता उत्तम कुमार व पुष्कर राज ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व पोक्सो एक्ट की विधिवत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिये विद्यार्थियों को किशोरावस्था से ही यातायात नियमों की जानकारी देना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्हें सेक्सुअर ह्रासमेंट के संबंध में भी सचेत करना जरूरी है। विद्यालय के निदेशक मनीष त्रिपाठी ने कार्यक्रम को उपयोगी करार दिया।

### इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम अधिष्ठापन को ले एसडीएम ने की बैठक

# कलस्टर प्वाइंट से मतदान केंद्रों की दूरी की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव के दौरान रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने हेतु इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने को लेकर सहायक निर्वाची पदाधिकारी 76 डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सभी प्रखंडो में जहां कलस्टर का चयन किया गया है। उसे इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के रूप में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने प्रखंडवार चयनित कलस्टर प्वाइंट से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि चुनाव के दौरान रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने की दिशा में स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे के अधिष्ठापन आदि से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये हैं। बैठक में सीओ और बीडीओ समेत शहर, सदर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, भंडरिया एवं बड़गड के थाना प्रभारी उपस्थित थे।



### डीईओ सह डीसी ने वीएएफ के प्रतिनिधियों संग की बैठक,कहा

# वोटरों के बीच जागरूकता के प्रसार में वीएएफ की भूमिका अहम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के सभी ब्लॉक, अन्य सरकारी व निजी संस्थानों में गठित वोटर अवेरनेस फोरम के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक लोगों को 13 व 20 मई को मतदान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से अभियान चलाकर वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग एवं नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करने की बात कही।

**बैठक में डीईओ सह डीसी ने कहा कि मतदाता अपना वोट सुलभता के साथ डाल सकें इसी उदेश्य से**

### मतदान के दिन को छुट्टी का दिन नहीं,बल्कि जिम्मेदारी का दिन मानते हुए वोट जरूर करें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी



लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 135 बी के तहत सभी सरकारी/ गैर सरकारी/ व्यवसायिक संस्थानों के कर्मियों के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रावधान किया गया है ऐसे में मतदान के दिन को छुट्टी का दिन नहीं बल्कि जिम्मेवारी भरा दिन मानते हुए वोट डालने जरूर जाएं।उन्होंने कहा कि वोट देकर आपको गर्व होगा कि सरकार बनाने में आपकी भी सहभागिता है।भारत के लिए मतदान करने जायेंगे,इसी बात को अपने मन में लिये वोट जरूर करें।इसके अलावे स्वीप के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने वीएएफ के प्रतिनिधियों को उनके कार्यों से भी अवगत कराया।

## विरासत — सोशल मीडिया के दौर में हासिये पर सिसक रही लोक गायिकी की विधा

# सुने पड़े चौपाल व दलान, गायब होने लगी होली गीतों की गूंज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंधाधुंध शहरीकरण व सोशल मीडिया के प्रचलन के दौर में गांव के लोक गायिकी की प्राचीन विधा विलुप्त होती जा रही है। एक समय था जब वसंत पंचमी के दिन से ही वसंत के गीतों के गायन की शुरूआत हो जाती थी। ग्रामीण लोक गायकों की मंडली शाम ढलते ही गांव के चौपाल या पांडे जी के दलान के साथ-साथ मंदिरों में जुटने लगती थी। देर रात तक बसंत, होली व फाग के राग झाल, मंजिरा व ढोलक के ताल पर गूंजते रहते थे, लेकिन धीरे-धीरे गांव की यह संस्कृति गायब होती जा रही है। अब इक्के-दुक्के गावों में ही फाग की गूंज सुनाई देती है। रंगों के पर्व को महज दो दिन शेष रह गये हैं, परंतु गांव के चौपाल और दलान सूने नजर आ रहे हैं। इनकी जगह यूट्यूब पर बज रहे होली के द्विअर्थी गीत सुने जा रहे हैं।

### धमार व होली एक-दूसरे के पूरक

शास्त्रीय संगीत में धमार का होली से गहरा संबंध है। हालांकि ध्रुपद, धमार, छोटे व बड़े ख्याल और ठुमरी में भी होली के गीतों का सौंदर्य देखते ही बनता है। कथक नृत्य के साथ होली, धमार और ठुमरी पर प्रस्तुत की जाने वाली अनेक सुंदर बंदिशें जैसे चलो गुंइयां आज खेलें होरी कन्हैया घर आज... भी अत्यंत लोकप्रिय हैं। ध्रुपद में गाये जाने वाली एक लोकप्रिय बंदिश है खेलत हरी संग सकल, रंग भरी होरी सखी भारतीय शास्त्रीय संगीत में कुछ राग ऐसे हैं जिनमें होली के गीत विशेष रूप से गाए जाते हैं। बसंत, बहार, हिंडोल और काफी ऐसे ही राग हैं। उपशास्त्रीय संगीत में चैती, दादरा और ठुमरी में अनेक प्रसिद्ध होलियाँ हैं। होली के अवसर पर संगीत की लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि संगीत की एक विशेष शैली का नाम ही होली है। जिसमें अलग अलग प्रांतों में होली के विभिन्न वर्णन सुनने को मिलते हैं जिसमें उस स्थान का इतिहास और धार्मिक महत्व छुपा होता है। लेकिन यह तो अब सिर्फ कहने की बात होती जा रही है।

#### पहले और आज के होली में अंतर

इस सम्बन्ध में आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलाकार सह पलामू जिला लोक कला संस्कृति विकास मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला बताते हैं कि पहले की होली और आज के होली में बहुत अंतर है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण परंपरागत फाग अब नेपथ्य में चला गया है। आज की पीढ़ी के युवा को तो फाग के बारे में पता ही नहीं है। उनमें सीखने की जिज्ञासा भी नहीं है। लोक कला संस्कृति विकास मंच का प्रयास है कि पारंपरिक लोक संस्कृति बची रहे। होली गायकी की विधा के जानकर व लोक व्यास गिरजा शंकर ने बताया कि भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोक तथा फिल्मी संगीत की परम्पराओं में होली का विशेष महत्व है।

## एक नजर

### तेली समाज का होली मिलन कल

**गढ़वा।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गढ़वा के तत्वावधान में 23 मार्च की सुबह 10 बजे से भव्य होली मिलन समारोह एवं रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम सहित राधा कृष्ण रासलीला और होली पकवान का आयोजन किया गया है। न्यू एरिया टंडवा वनांचल ग्रामीण बैंक के पीछे आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सभी को होली की बधाई दी जायेगी। मौके पर महामंत्री मनोज प्रसाद गुप्ता, जिला संयोजक मुकेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, प्रदेश मंत्री संत कुमार गुप्ता, संगठन महामंत्री रूपेश कुमार गुप्ता मौजूद थे।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी से रोष



**श्रीबंशीधर नगर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेता मंटू पांडेय ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र में यह दूसरी बार हुआ है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा की साजिश है। दो साल की जांच में भी भ्रष्टाचार साबित नहीं होने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली घटनाओं में शामिल है।

### विवाहिता ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के गुरहा गांव निवासी शशि कुमार सिंह की पत्नी सुमन कुमारी ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या की कोशिश की। गंभीर अवस्था में उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में शशि कुमार सिंह ने बताया कि रमना थाना क्षेत्र के भागोडीह गांव मे उनका ससुराल है। उनकी पत्नी पिछले एक साल से अपने मायके में रह रही थी। वे पत्नी का विदाई कराने के लिये ससुराल आये थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आपस में नोक-झोंक हो गई। इसी बात से आक्रोशित होकर सुमन कुमारी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

### पिकअप की चपेट में आने से युवक घायल

**रंका।** थाना क्षेत्र के हरे घाट बड़वाही गांव निवासी स्व. रामजी मांझी का पुत्र दिलीप पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दिलीप एवं उसका साला नंदू माझी बेंगलुरु से काम करके घर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

#### एंबुलेंस से शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम, लोगों की उमड़ी भीड़

# कर्नाटक में प्रवासी मजदूर ने लगायी फांसी, परिजन सन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** थाना मुख्यालय के मोनू कुमार 25 वर्ष पिता महेंद्र साव ने पिछले मंगलवार को कर्नाटक के बल्लारी जिला के थोरंगल थाना के केपीसीएल एरिया में 19 मार्च की शाम अपने रूम में बेडशीट के सहारे पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी लगते ही परिजन सन्न रह गये। संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण कराया। कंपनी द्वारा एंबुलेंस से मृतक का शव पैतृक निवास स्थान पहुंचाया गया। शुक्रवार की सुबह युवक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनके करुण चीत्कार से पूरा वातावरण गमगीन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोग मृतक के घर पहुंच गए।

**कंपनी द्वारा एंबुलेंस से मृतक का शव पैतृक निवास स्थान पहुंचाया गया**

### जनवरी में कमाने गया था मोनू

परिजनों ने बताया कि मोनू जनवरी में आसपास के युवकों के साथ कर्नाटक कमाने गया था। साथ में रहने वाले युवकों ने बताया कि घटना के वक्त सभी लोग अपने काम पर थे। जब रात को काम से वे रूम पर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था। दरवाजा बहुत खुलवाने के बाद भी जब नहीं खुला तो उन लोगों ने खिड़की से अंदर झांका तो पाया कि मोनू पंखे में फंदे पर लटक रहा था। विदित हो कि मोनू अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसके आकस्मिक निधन से परिवार के भरन-पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। पुलिस उसके मोबाइल फोन के सहारे मौत के कारणों का पता लगा रही है।

---

# होली मिलन में छाया उमंग




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन की ओर से नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता अलखनाथ पांडे ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि केमिस्ट सालों भर लोगों की सेवा देते हैं। सिर्फ एक दिन होली मिलन समारोह के रूप में उन्हें थोड़ी मस्ती करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि होली मस्ती और उमंग का पर्व है। जिला अध्यक्ष आद्या शंकर पांडे ने कहा कि गढ़वा के केमिस्टों ने सेवा का एक अच्छा माहौल बनाया है। दिन रात लोगों की सेवा कर रहे हैं। मौके पर सचिव नंदकुमार श्रीवास्तव, संतोष दुबे, दीपक तिवारी, रमेश चंद्रवंशी, मुरली प्रसाद, संतोष जायसवाल, रविंद्र जायसवाल, नंद कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

---

# उच्च विद्यालय को प्लस-टू का मान्यता न मिलने से परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरपुर।** स्थानीय शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर को प्लस-टू की मान्यता नहीं मिलने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग व स्थानीय जन प्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध लोगों ने कांडी प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता कर अपनी नाराजगी प्रगट की। प्रमुख ने बताया कि उवि हरिहरपुर में अधिकांश गरीब के बच्चे पढ़ते हैं। वहां से मैट्रिक करने के बाद अधिकांश बच्चियां पढ़ाई छोड़ देती हैं। इसके बाद भी विद्यालय को अपग्रेड नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रमुख ने बताया कि आचार संहिता हटने के बाद उवि हरिहरपुर के उत्क्रमण का पूरा प्रयास किया जायेगा। मौके पर उपस्थित कांड़ी प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अमित दुबे, पिंकू पांडे, निखिल सिंह, रिशु कुमार सिंह, रामचंद्र पासवान, सुनील विश्वकर्मा, सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।



### वाहन चालकों को दी गयी चेतावनी

**केतार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को केतार थाना की पुलिस ने कोल मोड़ और थाना के समीप एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान पीएसआई सुदामा तिवारी और एसआई कन्हैया बैठा के नेतृत्व में किया गया। इस क्रम में पुलिस ने सड़क से गुजरने वाले दर्जनों दो पहिया वाहनों को रोक कर वाहन की कागजात, हेलमेट, इंश्योरेंस, ड्राइवरी लाइसेंस और वाहन की डिग्गी की गहनता से जांच की। हालांकि बिना हेलमेट और कागजात के सफर कर रहे वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

**सभी दो पहिये वाहनों को रोक कर कागजात की जांच की**

---

#### बच्चों को मिलेगी सुविधा, अभिभावकों में हर्ष, क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल

# प्रखंड के दो विद्यालय 'पीएम श्री' स्कूल में चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** केन्द्र सरकार ने 'पीएम श्री' योजना के तहत गढ़वा जिला के 25 सरकारी विद्यालयों का चयन किया है। इसमें खरौंधी प्रखंड का राजकीय मध्य विद्यालय अरंगी एवं अपग्रेड उच्च विद्यालय भलुही भी शामिल हैं। उक्त दोनों विद्यालयों का चयन पीएम श्री विद्यालय में होने से प्रखंड वासियों में खुशी का माहौल है। जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, प्रमुख आभा रानी,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य,20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक,विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास,जितेंद प्रसाद यादव, विनोद चौधरी,पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी,विवेकानंद यादव, अरंगी मुखिया फूलकुमारी देवी,करिवाडीह मुखिया मंशा देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र दास,नसीम अंसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सरकार का आभार जताया है। उक्त लोगों ने कहा कि इससे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। वहीं गरीब परिवार के बच्चे भी आधुनिक तकनीक शिक्षा युक्त स्मार्ट क्लास में पढ़ सकेंगें। जानकारी हो कि पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जायेगा। आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए इन विद्यालयों को अगले पांच वर्ष में दो -दो करोड़ रुपए दिए जायेंगे। इनमें केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत राशि देंगी। इसके पूर्व भी खरौंधी प्रखंड में झारखंड सरकार ने प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय तोरेलावा को आदर्श विद्यालय के रूप चयनित किया है। उक्त विद्यालय में भी आधारभूत संरचना से सुसज्जित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सरंचना तैयार कर रही है। जिससे बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर सकें।




---

#### रमजान के दूसरे जुमे की नमाज में उमड़े रोजेदार, दिखा उत्साह

# देश में अमन-चैन की मांगी दुआ, की इबादत

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** पवित्र माह-ए-रमजान के दूसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के रोजेदारों ने मस्जिदों में अदा की। रमजान मुबारक के दूसरे जुम्मे की नमाज में रोजेदारों की काफी भीड़ देखी गयी। नगर ऊंटारी मस्जिद ,चेचरिया मस्जिद ,बरडीहा मस्जिद, नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद, कोइन्दी मस्जिद, सोनबरसा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी। मोहतमीम मौलाना अब्दुल कादिर ने कहा कि पवित्र रमजान रहमतों एवं बरकतों का महीना है। इस माह में अल्लाह की इबादत से हर दुख दूर होता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम की बुनियाद पांच चीजों पर कायम है पहला कलमा पढ़ना, दूसरा नमाज पढ़ना, तीसरा रमजान में रोजे रखना,चौथा जकात अदा करना और पांचवा हज करना। मौके पर सदर तौहीद खान, शमीम खान, आमीन खान, लालबाबू खान, तौकीर आलम, आजाद खान, महमूद आलम, तस्लीम खान, शोएब आलम,ि फरोज आलम, तौवाब खान, फुलटून खान, सदर मुश्ताक अहमद शेख, शमीम अख्तर, मसउवर अंसारी, साबिद अंसारी उपस्थित थे।



### अल्लाह जानता है रोजे का सबाब

मौलाना ने कहा कि नमाज, जकात और हज का सबाब तो सबको मालूम है, लेकिन रोजे का सबाब केवल अल्लाह ही जानता है। उन्होंने सभी लोगों को रोजा रखने और अल्लाह की इबादत करने की सीख दी।

---

# भाईचारे का पर्व है होली,दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विश्वनाथ वाटिका में तैलिक समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने इस मौके पर कहा कि होली महापर्व भाईचारे का पर्व है। रंगों के इस उत्सव को भाईचारे व हर्षोल्लास के साथ मनाए। इस दिन समाज के सभी लोग संकल्प लें कि समाज मे व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने का काम करेंगे। कहा कि समाज को एकजुट रखने में सभी लोगों का योगदान महत्वपूर्ण है। इस दौरान एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गयी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सिद्धनाथ प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, झामुमो नेता सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मदन प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, चंद्रिका साव, देवनारायण प्रसाद, छोटेलाल गुप्ता, टुन्नू प्रसाद, तुलसी दास, देवनाथ प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, दशरथ साव, चुनु प्रसाद, विकास स्वदेशी मौजूद रहे।

**तैलिक समाज ने किया मिलन समारोह का आयोजन**



---

# मायके में रह रही महिला ने खाया कीटनाशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उत्तर प्रदेश के दुद्धी थाना क्षेत्र के महुली फुलवार गांव निवासी हरीश्चंद्र मेहता की पत्नी चंचला देवी ने किसी बात से क्षुब्ध होकर घर में रखा कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर स्थिति में उन्हें उपचार के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में चंचला देवी के पिता ने बताया कि वर्ष 2002 में उसकी शादी हुई थी, किंतु कुछ वर्षों के बाद ससुराल वालों ने उसे छोड़ दिया था। तब से वह अपने मायके में ही रह रही थी। बताया जाता है कि पिछले कुछ महीने से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी।



---

# धरने पर बैठे परिजनों से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सहीजना मोड़ स्थित अंबेडकर प्रतिमा के पास धरने पर बैठे नुरसबा बीबी के हत्यारे को सजा दिलाने की मांग को लेकर धरना पर बैठे पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष श्री अंसारी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस मिलकर अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल कर रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों के साथ परिजन पीछले कई दिनों से धरना पर बैठे हैं, लेकिन स्थानीय विधायक सह मंत्री से लेकर जिला प्रशासन तक मौन है। उन्होंने कहा कि यदि अभी भाजपा सरकार होती तो अब तक अपराधी सलाखों के पीछे होते। प्रतिनिधि मंडल में गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष लाल मोहम्मद खान, गोवावल मंडल अध्यक्ष शमीम अंसारी, आबिद हुसैन, मुश्ताक अंसारी, इंताबुद्दीन अंसारी मौजूद थे।



---

### दो दर्जन से अधिक लोगों के काटे बिजली कनेक्शन

**चिनिया।** बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर विद्युत कनीय अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में बकायेदारों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के सिकंदर कुमार, विद्युत कर्मी तमजीत मंसूरी , सीमंत चंद्रवंशी व रघुनंदन सिंह ने चिनिया थाना के चिनिया, चिरका रानी, चेरी मसरा व मुरतंगी गांव के लगभग दो दर्जन से भी अधिक लोगों का बिजली कनेक्शन काट दिया। कनीय अभियंता ने बताया कि पांच हजार रुपये से अधिक बकाया के आरोप में कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने की 28 तारीख को बिजली बिल जमा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहां आकर उपभोक्ता आसानी से अपना बिल जमा करवा सकते हैं।



---

# बीडीओ ने आधा दर्जन मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मध्य विद्यालय परती के मतदान केन्द्र संख्या 49 व 50, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमवाडीह के मतदान संख्या 51,52, उच्च विद्यालय छाताकुड़ के मतदान केंद्र संख्या 53,54, प्राथमिक विद्यालय बत्तो कला के मतदान केंद्र संख्या 55 तथा प्राथमिक विद्यालय केतरी के मतदान केंद्र संख्या 76 का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने शौचालय,रैंप, पेयजल, बिजली व अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में मतदान केंद्र पर उक्त बुनियादी सुविधाएं अधूरी रहने पर दो दिन के भीतर ठीक करने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को निर्देशित किया।

### थाने में शांति समिति की बैठक आज




केतार। होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर केतार थाने में शनिवार की शाम चार बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी जानकारी थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने दी। उन्होंने कहा की शांति समिति की बैठक में जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष,बीस सूत्री उपाध्यक्ष,सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, समाजसेवी एवं दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों को उक्त बैठक में आमंत्रित किया गया है।

---

**व्यवस्था** | जिला शांति समिति की बैठक, डीसी व एसपी ने दी होली की शुभकामनायें

# त्योहारों पर मुकम्मल बिजली-पानी मुहैया कराने के निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं रमजान पर्व सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुये। बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने की बात कहते हुए उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन को भरोसा दिलाया कि पूर्व के दिनों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना गढ़वा जिला में घटित नहीं हुई है। बैठक में उपायुक्त ने त्योहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त ने समस्त जिलावासियों को होली एवं रमजान की शुभकामनाएं दीं। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया पर रखी जायेगी पैनी नजर

पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने कहा कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी को प्रेम व भाईचारे के साथ पर्व मनाने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया।



## एक नजर

### मृतक के परिजनों को मुखिया ने दी 25 हजार की आर्थिक मदद

**टंडवा (चतरा)।** बीते देर शाम टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खैल्हा गांव में 11 हजार हाई वोल्टेज करंट के चपेट में आने से मृतक के परिजनों को मुखिया निलेश ज्ञासेन ने 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। वहीं घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मृतक के परिजनों की सुध लेने संवेदक तथा बिजली विभाग के कोई कर्मी नहीं पहुंचे। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस शुक्रवार को मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। ज्ञात हो कि 30 वर्षीय मृतक चिंतामन महतो पोल व तार मेंटनेंस करने के ठेकेदार रविद्र सिंह के अधीन रहकर कार्य करता था। दुर्भाग्यवश हाइ वोल्टेज तार के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### प्रज्ञा केंद्र संचालकों को दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र के संचालक शामिल हुए। प्रशिक्षण जिला सीएससी प्रबंधक अमित कुमार सिंह व प्रेम प्रताप सिंह के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया की मिशन कर्म योगी कुशल व्यवहार के तहत लोगों के साथ व्यवहारिक विचार कैसे बनाए और रखेंगे। इससे संबंधित कइ जानकारियां भी बताई गई।

### ग्रामीण वितरक के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर-गुलाल

**इटखोरी(चतरा)।** चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज इंडेन ग्रामीण वितरक के संचालक रंजीत गुप्ता व राजेश पासवान द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पितीज पंचायत के मुखिया रामदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, पूर्व मुखिया कुसुम देवी, पूर्व प्रमुख गुड़िया देवी, प्रमुख पति सिंटू यादव समेत अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान पितीज इंडेन ग्रामीण गैस वितरक के दोनो संचालकों ने एक दूसरे को गुलाल एवं गले लगाकर एक होली की शुभकामनाएं दी।

### होली मिलन समारोह में शामिल हुए श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता

**हंटरगंज(चतरा)।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता राष्ट्रीय जनता दल परिवार की ओर से आयोजित जिलास्तरीय होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। वही मंत्री के आगमन पर समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री भोगता ने सबों को होली की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह पर्व आपसी भाईचारे, दोस्ती व सद्भाव का प्रतीक है। समाज सभी आपसी भेदभाव भूलकर एक दूसरे से गले मिलते हैं।

# चुनाव और पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के अध्यक्षता में होली पर्व में सुरक्षा व विधि व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय सभा कक्ष में शुक्रवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किए गए तैयारी की विस्तार से समीक्षा करते हुए बारी-बारी से जानकारी प्राप्त की गई एवं कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। वहीं उपायुक्त ने सभी गणमान्य लोगों एवं पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्रस्ताव एवं सुझाव साझा करने हेतु आंमत्रित किया। जिसमें सदस्यों द्वारा बताया गया कि जिले में पूर्व से कोई भी त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाता रहा है। सभी धर्म के लोग आपस में भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाते हैं। प्रशासन को आश्वस्त करते हैं कि इस बार भी शांतिपूर्ण एवं भाईचारगी के साथ त्योहार मनाया जाएगा। उपायुक्त ने सभी गणमान्य सदस्यों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिले में आदर्श आचार




संहिता लागू है। इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी का कर्तव्य होगा कि अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को सम्पन्न कराएं। विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से संबंधित अगर किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो नियमसंगत कार्रवाई करें। इसके अलावे उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर दण्डाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती करने के साथ सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पोस्ट को रोकने एवं ऐसा करने वालों के उपर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर उनपर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगे कहा अवैध शराब व अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। उपायुक्त ने अंत में सभीं को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा सभी थाना प्रभारी यह सुनिश्चित कर लें। जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है और नशीले पदार्थों का क्रय-विक्रय एवं परिवहन, भंडारण करने वाले लोगों के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाते हुए नियमसंगत कार्रवाई करें।

## कोयला बेचने के आरोप में ड्राइवर गिरफ्तार, गया जेल

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने कोयला बेचने के आरोप में ड्राइवर हेसम अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । जिसके बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि कुसमाही साइडिंग इंचार्ज अनिल राजगढ़िया द्वारा हाईवा नंबर जेएच 02बीपी 2153 से कोयला चोरी का मामला दर्ज कराया गया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन के चालक हेसम अंसारी (26 वर्ष) पिता दिलजान अंसारी ग्राम मोक्तमा जिला चतरा को हाईवा सहित गिरफ्तार किया गया है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि उपरोक्त हाईवा द्वारा 21 मार्च को रात्रि के 2:30 बजे लातेहार तुबेद कोल माइंस से 31 टन कोयला लेकर बालूमाथ होते हुए कुसमाही रेलवे साइडिंग गया था । पर साइडिंग पर मात्र 16 टन कोयला ही पहुंचा, जिस पर साईडिंग इंचार्ज द्वारा कोयला कम पहुंचने पर आपत्ति जताते हुए पुलिस कंप्लेंट की गई थी।

## संत जेवियर्स कॉलेज व एके सिंह कॉलेज जपला के बीच एमओयू



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ ।** संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में एके सिंह कॉलेज जपला के प्रधानाचार्य और अन्य प्रोफेसर ने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की तैयारी के लिए विशेष दौरा किया। आने का मुख्य कारण दोनों संस्थाओं के बीच एमओयू हस्ताक्षर करना था । इस दौरान संत जेवियर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर एम के जोश और ए के सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सूर्यमणि सिंह, आइक्यूएसी समन्वयक सिस्टर कैसल जूलियट तथा डॉक्टर अरुण सिंह एवं अन्य प्रोफेसर शामिल थे। इसके साथ दोनों संस्थाओं के बीच सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की तैयारी के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया गया । कॉलेज की आईयूएसी समन्वयक सिस्टर कैसल जूलियट और अन्य प्रोफेसर ने नाक की तैयारी को संक्षेप में उनके समक्ष प्रस्तुत किया और उनके संदेह का समाधान करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा आगंतुकों को कॉलेज कैम्पस,पुस्तकालय, प्रयोगशाला, सभागार, जलपान गिरी आदि का भ्रमण कराया गया। अंत में एक संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया । इस अवसर पर डॉक्टर फादर एम के जोश ने ए के सिंह कॉलेज के प्रोफेसरों को एसएसआर की तैयारी के लिए उचित सुझाव दिया और आने वाले समय में दोनों संस्थाओं के बीच कार्यक्रम आयोजित करने का विचार प्रस्तुत किया । इस कार्यक्रम में जपला कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर राम सुभाग सिंह, डॉ राजेश कुमार सिंह ,डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह, डॉ रवि कुमार सहित संत जेवियर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉक्टर फादर समीर टोप्पो सहायक प्रोफेसर डॉ राजीव तिर्की, शालिनी बाड़ा, जैन मरीन सोरेंग, अंजना एक्का ,शशि शेखर, शेफाली प्रकाश, सुरभी सिन्हा ,सुबोध मिंज और अन्य प्रोफेसर उपस्थित थे।

# बारियातू में ब्रेजा कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू ।** थाना क्षेत्र के बालूभांग निवासी अनूप कुमार केशरी ब्रेजा वाहन जेएच 01 इ डब्लू 9228 से बारियातू पुलिस ने बालूभाँग के लिए ले जा रहे अंग्रेजी शराब को भारी मात्रा मे पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू बाजार के अंग्रेजी शराब दुकान के विक्रेता मनोज प्रसाद एवं बनवारी उरांव के मिली भगत से अवैध रूप से बालूभांग के अनूप कुमार केशरी द्वारा ब्रेजा वाहन से अंग्रेजी शराब को बालूभांग ले जाकर मिलावट कर ऊंची कीमत में बेचा जाता है । इसी सिलसिले में अनूप कुमार केसरी उसे शराब दुकान से भारी मात्रा में ब्रेजा गाड़ी से लेकर बारियातू बाजार टांड होते बालूभांग के लिए निकला है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष सत्यम के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी राजा दिलावर द्वारा एक छापामारी टीम गठन किया गया।जिसमे सअनि नीरज दुबे, जिला सशस्त्र बल के हवलदार भुनेश्वर राम त्रिपुरारी सिंह, वर्तमान थाना के आरक्षी रोहित कुमार व अमरजीत बालूभाँग पहुंचा । तो देखा कि ब्रेजा गाड़ी बालूभांग की ओर जा रही है। सख़्ती दिखाते हुए ओवरटेक कर ब्रेजा वाहन जेएच 01इडब्लू 9228 वाहन को रोका । रोकते ही अनूप कुमार केसरी पिता विजय केशरी दौड़ने लगे जिन्हे दौड़कर पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ के बाद अपराध को स्वीकार किया। ब्रेजा वाहन व भारी मात्रा मे शराब जब्त कर बारियातू कांड संख्या 27/24 दिनांक 21.03.2024 धारा 272 /273 भदवि एवं 47 ए के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# बैंक से ऋण स्वीकृति के बाद भी नहीं मिली राशि

नवीन मेल संवाददाता

**इखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के जेएसएलपीएस की पांच महिला समूह का भारतीय स्टेट बैंक से ऋण की स्वीकृति मिलने बाद भी खाते में नही गई राशि। समूह से जूड़ी महिलाओं ने बताया कि ऋण स्वीकृति के बाद खाते में राशि नही गया। जिसे लेकर समूह की महिलाएं भारतीय स्टेट बैंक शाखा इटखोरी पहुंचीं, हां बैंक कर्मियो ने बताया कि जेएसएलपीएस के बीपीएम अमित कुमार गुप्ता के द्वारा बैंक को पत्र प्राप्त नही हुआ है। जिसके कारण ऋण की राशि खाते में नही गया है। आगे बताया गया कि समूह की महिलाएं जेएसएलपीएस कार्यालय पहुंची तो महिलाओं को देख बीपीएम आग बबूला हो गये और कहा कि इतना सारा भीड़ के साथ कार्यालय क्यो पहुंचे हैं। साथ ही बीपीएम ने समूह की महिलाओं को बाहर निकाल दिया। इस दौरान जेएसएलपीएस



कार्यालय के समीप भाजपा नेता मृत्युंजय सिंह पहुंच महिलाओं से जानकारी ली और बीपीएम को जमकर फटकार लगाई। साथ ही ऋण के लिए लेटर पैड बैंक को जल्द देने की बात कही। इस संबंध में भाजपा नेता श्री सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अगर बीपीएम अपनी कार्य प्रणाली में सुधार नही करते हैं, तो इसकी शिकायत उपायक्त से करेंगे। मौके पर समूह की आरती देवी, काजल देवी, मीना देवी समेत अन्य महिलाएं शामिल थीं।

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक– 202 /दिनांक– 21.03.2024

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MID/LATEHAR F2-17/2023-24(2nd call) विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-322506 water resource(23-24)D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल
लातेहार

PR 323278 Water Resource (23-24)_D

# प्रकृति के महापर्व सरहुल को हर्षोल्लास के साथ मनाएं



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय के नचना ग्राम स्थित आदिवासी पड़हा भवन परिसर मे प्रकृति का महापर्व सरहुल को हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने को लेकर सरना स्थल के मुख्य सेवक प्रधान उरांव के अध्यक्षा में तैयारी की बैठक किया गया।बैठक का संचालन महेंद्र भगत ने किया । इस बैठक मे सरहुल पुजा को विधिवत मनाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर परिचर्चा की गई। बैठक मे साल्वे मुखिया राजीव भगत ने पूजा को विधिवत संपन्न करने हेतु समिति गठन की बात कही ,वही सचू उरांव, ब्रहमदेव उरांव व जगदीश उरांव ने कार्यक्रम को विधिवत संचालन हेतु कई सुझाव दिये, धर्म अगुआ तेतर उरांव ने प्रकृति पर्व सरहुल व अपने धर्म संस्कृति व पहचान को बनाए रखने की बात कही. पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने सरहुल पूजा को लेकर वित्तीय व्यवस्था मजबूत करने पर बल दिया, कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से अगला बैठक 29 मार्च दिन शुक्रवार को तय किया गया। मौके पर पूर्व शिबला मुखिया , धनेश्वर उरांव, ,जयपाल उरांव, दिगम्बर टाना भगत, बिन्देश्वर उरांव, ब्रहमदेव उरांव, सरदुल उरांव, भरत उरांव, कालेश्वर उरांव, मान्ती भगत,राजमनी उरांव सहित भारी संख्या में सरना धर्मावलम्बीयों महिला पुरूष उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली है केंद्र सरकार : सौरभ श्रीवास्तव

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी पर आज पलामू के आम आदमी पार्टी प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव और कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने एक संयुक्त प्रेस बयान जारी कर इस पर अपना विरोध दर्ज कराया। सौरभ ने कहा कि देश के आम चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव से भाजपा घबराई हुई है। इसीलिए केंद्रीय एजेंसी का गलत इस्तेमाल कर उन्होंने पार्टी के मुखिया को गिरफ़्तार करवा दिया। यह पूरी तरह से भाजपा प्रायोजित गिरफ़्तारी है और इसकी पटकथा भाजपा मुख्यालय से लिखी जा रही है जिसके लेखक खुद प्रधानमंत्री हैं, लेकिन आने वाले चुनाव में भाजपा की यह फि ल्म फ्लॉप होने वाली है और जनता इसका जबाब देगी। जब एक वर्ष से ज्यादा समय से मनीष सिसोदिया को गिरफ़्तार कर के रखा गया और उनके खिलाफ



आरोप पत्र तक दाखिल नहीं कर सकी। ईडी तो फिर उसी मामले में एक चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार करने का क्या औचित्य बनता है। जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा की देश अघोषित तानाशाही की ओर बढ़ गया है और कुछ दिनों बाद भाजपा शब्दकोश से विपक्ष शब्द को ही खत्म कर देगी। दीपू सिन्हा ने कहा की आचार संहिता लगने के बाद एक सोची समझी रणनीति के तहत अरविंद जी की गिरफ़्तारी हुई है इससे पूरे देश के पार्टी कार्यकताओं और आम लोगों में रोष है। पार्टी में बैठकों का दौर जारी है और रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही अचार संहिता नियमावली के अनुरूप सभी विपक्षी दल इंडिया के बैनर तले लातेहार ज़िले में बड़े विरोधप्रदर्शन के लिये संबंधित अधिकारियों से इजाजत माँगेगी और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध प्रदर्शित करेगी। संयुक्त प्रेस वार्ता मे राजद

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक– 207 /दिनांक– 21.03.2024

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MID/LATEHAR F2-23/2023-24 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No- 322845 water resource (23-24)D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल
लातेहार

PR 323288 Water Resource (23-24)_D

## ट्रक-मोटरसाइकिल में टक्कर, बाइक सवार की मौत

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के चोरमुण्डा मोड़ में ट्रक और मोटरसाइकिल टक्कर में किशोर मुण्डा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक युवक गुमला जिले के काठोपानी का निवासी था। वह 22-23 मार्च नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज रद्द के संकल्प सभा में भाग लेने आ रहा था । इस क्रम मे पीछे से आ रही 407 ट्रक द्वारा धक्का मारा।

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा लाखों की लागत से बना अमृत सरोवर



अजित कुमार यादव

**कुंदा(चतरा) ।** क्षेत्र में बढ़ते जल संकट व घटते जलस्तर को देखते हुए केंद्र सरकार ने आजादी के 75वी वर्षगांठ पर जल संचयन करने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में देश के पीएम के आह्वान पर लाखों की लागत से अमृत सरोवर योजना की शुरूआत की है। इस मिशन में अमृत महोत्सव पर जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवर निर्माण व पुनरुद्धार को लेकर 24 अप्रैल 2022 को संकल्प के साथ एक एकड़ क्षेत्रफल 10,000 हजार घन मीटर पर अमृत सरोवर बनाए जाने के साथ.साथ सरोवर के बांध के चारों तरफ छायादार व फलदार वृक्ष लगाये गए। अमृत सरोवर का निर्माण जल संचयन के साथ बत्तख पालन, मछली पालन, सिंचाई, जल पर्यटन, समेत कई विभिन्न उद्देश्यों के लिए बनाया गया। लेकिन लोगों को शायद ये मालूम नहीं था कि पानी का उपयोग करके रोजगार सृजन करने वाले सरोवर खुद ही बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जाएगा। यदि स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो विभिन्न उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए बनाया गया अमृत सरोवर विफल साबित हो रहा है।

गर्मी की शुरूआती में ही जब बड़े पैमाने पर जल संचयन को लेकर बनाए गए अमृत सरोवर ही बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है तो जल सकंट का अंदाजा आप लगा सकते हैं।दूसरी तरफ सरोवर के बांध पर रोपाई की गई, अमृत वाटिका भी सूख चुका है, तो कहीं दिखाई भी नहीं देता कि पौधे लगाए गए थे या नहीं। वही इस संबंध में संबंधित विभाग के जेई ने बताया कि बारिश कम होने व नया खुदाई हो जाने के कारण तालाब में पानी सूख गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर**

पत्रांक........................ दिनांक..............................

**शुद्धि–पत्र**

**P.R.No-321758**

इस कार्यालय से आमंत्रित ई0 निविदा संख्या–04/2023-24/ RDD/NREP/ PALAMAU_(जिसका P.R. संख्या 321758 N.R.E.P.) में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है। शेष शर्तें एवं योजना यथावत् रहेगी।

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–26.03.2024 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–28.03.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू।

PR.NO.323325 District(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार**

**आम सूचना**

आगामी ग्रीष्म को देखते हुए लातेहार जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित नलकूपों तथा ग्रामीण जलापूर्ति योजना से संबंधित पेयजल की समस्या से निपटने हेतु **जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष** का गठन किया गया है जो निम्न प्रकार हैः–

1. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में जिला स्तर पर श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, जिनका मोबाईल नम्बर सह Whatsapp No 9431054379 है। श्री राजीव रंजन निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार जिनका मोबाईल सं0– 7903562848 तथा श्री अमित कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार जिनका मोबाईल सं0– 7903530445 है, को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है। Control Room में कार्यालय दिवस के कार्यालीय अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार अन्तर्गत अवर प्रमंडल/प्रशाखा स्तर पर भी शिकायत पुस्तिका संधारित है, तथा संबंधि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के जल सहिया को भी शिकायत दर्ज करा सकते है।

| क्र0 सं0 | नियंत्री पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | मोबाईल सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | आवंटित प्रखण्ड | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | श्री विरेन्द्र कुमार सिंह कनीय अभियंता | लातेहार | 8210573569 |
| | | | श्री प्रभात कुमार सिंह कनीय अभियंता, | मनिका | 7050799752 |
| 02 | श्री अरूण कुमार मेहता, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल चन्दवा। | 8340573562 | श्री सुनील कुमार कनीय अभियंता | चन्दवा | 7677322426 |
| | | | श्री मंगल मिंज, कनीय अभियंता | बालूमाथ | 7070064214 |
| | | | श्री विरेन्द्र कुमार सिंह कनीय अभियंता | हेरहंज<br>बरियातु, | 8210573569 |
| 03 | श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल बरवाडीह। | 8797128296 | श्री राहुल कुमार कनीय अभियंता | गारू | 7004702759 |
| | | | श्री पियुष कुमार रंजन कनीय अभियंता | बरवाडीह | 7667679642 |
| 04 | श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | श्री ओंकार कुमार कनीय अभियंता | महुआडाड़ | 8252546258 |
| | | | श्री ऋतिक आनन्द कनीय अभियंता | नेतरहाट | 7250075354 |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार

PR 323330 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## होली को लेकर सज गए बाजार, बच्चों और युवाओं में उत्साह

# दुकानों पर रंग, पिचकारी, मुखौटे की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

राहुल कौशल

**लोहरदगा।** होली के नजदीक आते ही बाजार में रंगों की दुकानें जगह-जगह सज गई हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बाजार होली के सामानों से गुलजार हो गए। रंग, अबीर के साथ पिचकारी और मुखौटे से बाजार पूरी तरह सज गया है। मोदी और योगी के मुखौटे के साथ फिल्मी कलाकारों से लेकर क्रिकेटर के मुखौटे बच्चों को अपनी ओर खूब आकर्षित कर रहे हैं। बाजारों में एक से बढ़कर एक पिचकारी दिखाई पड़ रही है। सुबह से देर रात तक इन दुकानों में खरीददारी को लेकर लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ एक दूकान से दूसरे दुकान तक बच्चों की मनपंसद पिचकारी, टोपी व मुखौटे की खरीददारी करते देखे जा रहे हैं। दुकानों पर रंग, पिचकारी, मुखौटे आदि खरीदारी के लिए भीड़ लगनी शुरू हो गई है। जिसके कारण बाजारों में चहल-पहल देखने को मिल रही है। रंगों की दुकानों के अलावा मिष्ठान भंडारों पर भी भीड़ देखने को मिल रही है। शहर में जगह-जगह होली की दुकानें सच चुकी हैं। हर चौक चौराहे पर आपको होली के सामानों के साथ दुकान सजे हुए मिल जाएंगे। बाजार भी गुलजार नजर आ रहा है। क्योंकि होली का त्योहार जो है, बाजार में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दुकानों में खरीददारी करने के लिए ग्राहक पहुंच रहे हैं। होली की तैयारी में कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहता है। इसके अलावा रंगों के पटाखे भी युवा खूब खरीद रहे हैं।



### मोदी, योगी व कार्टून कैरेक्टर वाले मुखौटे का क्रेज

होली में रंग, पिचकारी के अलावा मुखौटों का क्रेज भी बहुत रहता है। होली के दिन ज्यादातर लोग अलग-अलग अंदाज में नजर आते हैं। बच्चों में मुखौटों को लेकर खासा क्रेज देखने को मिलता है। जहा युवाओ में मोदी, योगी व राहुल के मुखौटे खास क्रेज रखे हैं वही बच्चों में सुपरमैन, स्पाइडर मैन, छोटा भीम जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली मुखौटों की मार्केट में खासा क्रेज है। बच्चे काफी पसंद कर रहे हैं। बाजार में 20 रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक पिचकारी तो 20 से लेकर दो सौ रुपए तक के कार्टून वाली मुखौटों की बिक्री हो रही है। लोग अपनी हैसियत के हिसाब से अपने बच्चों के लिए पिचकारी व मुखौटों की खरीददारी कर रहे हैं।

### होली के सामानों से सजा बाजार

शहर का पूरा बाजार होली के दुकानों से सजा हुआ है। होली रंगों का त्योहार है, तो दुकानें भी रंग बिरंगी दिख रही हैं। जगह-जगह रंग बिरंग पिचकारियों से दुकानें सजी हुई हैं। आकर्षक पिचकारी बच्चों को लुभा रहे हैं। अलग-अलग कलर के लिए बच्चे क्रेजी नजर आ रहे हैं। तो वहीं दुकानदार भी पिछली बार से ज्यादा सुविधा अपने ग्राहकों को दे रहे हैं और नए अंदाज में दुकानों को सजाए हुए हैं। होली पर्व पर रंग, पकवान और नए कपड़ों का खास महत्व रहता है। दुकानों पर मेवा और वनस्पति तेलों की खरीददारों की भीड़ देखी जा रही है। मोटू पतलू और एयर गन की पिचकारियां बच्चों को खूब भा रहा है। बाजार में एके 47 की पिचकारीयां भी पहुंच गई है। बैलून वाली पिचकारियां भी बाजार में पहुंच गई हैं। इस बार लोग रंगों की खरीददारी करने में सावधानी बरत रहे हैं। काटून और खिलौनों वाली पिचकारी की भी डिमांड देखी जा रही है।

### कपड़ा दुकान भी होली के रंग में रंगा

**लोहरदगा।** लोहरदगा में कपड़ों का करीब 200 से अधिक छोटे-बड़े दुकानें हैं। बच्चों युवक-युवतियों और महिलाओं के लिए बाजार में कपड़ों का पूरा रेंज भरा पड़ा है। खरीदारी जमकर हो रही है। युवतियों में डंगरी जींस के साथ डिजाइनर कुर्ती पहली पसंद है। बच्चों में बेबी डॉल ड्रेस, युवकों में शेरवानी और डिजाइनर कुर्ता पजामा की मांग अधिक है। महिलाओं में जयपुरी, राजस्थानी, बांधनी साड़ी पहली पसंद बन रही है। इस बार बच्चियों और युवतियों में वन पीस फ्रॉक, क्रॉप टॉप, डिजाइनर कुर्ती, शरारा ड्रेस, लहंगा सूट, फैंसी और डिजाइनर साड़ी, जींस- टी-शर्ट, युवकों में शेरवानी, डिजाइनर कुर्ता, टी-शर्ट और महिलाओं जयपुरी बंधनी, राजस्थानी और जेपी कोटा साड़ी, के अलावा बनारसी,साउथ सिल्क और तांत की साड़ियों की भी मांग जबरदस्त है। इसके अलावा जूते चप्पल के भी नए रेंज बाजार में उपलब्ध है।

### होली को लेकर सेन्हा थाने में शांति समिति की बैठक



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना परिसर में रंगों का त्यौहार होली को लेकर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुआ। सीओ ने कहा कि त्योहार में एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करें और सभी लोग आपस मे मिलजुलकर खुशी के साथ पर्व मनाये। आपस मे मिल जुल कर पर्व त्यौहार मनाने से खुशी दोगुनी हो जाती है। वही प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेंदात शंकर ने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग शांति भंग करने के उद्देश्य से अफवाह न फैलाये तथा होली के दौरान डीजे व साउंड पर नियंत्रण रखें, आपत्तिजनक गाना न बजाएं। नशापान पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। असमाजिक तत्वों पर प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन पैनी नजर है। मौके पर सीओ राकेश कुमार तिवारी, प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेंदात शंकर, प्रमुख फुलझरी देवी, पुअनि मनोज कुमार, अविनाश राम, मनीष कुमार, स अनि रामचंद्र मांझी के अलावे मिथलेश मिश्रा, रामलखन प्रसाद, गुजरात खान, अजय साहू, इम्तियाज अंसारी सहित शान्ति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कैरो थाने में होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**कैरो/लोहरदगा :** थाना परिसर में रंगों का त्योहार होली को लेकर प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र में किस-किस स्थानों पर होलिका दहन होता है, सार्वजनिक रूप से जुलूस के माध्यम से रंग ,गुलाल खेला जाता है इसकी विशेष जानकारी क्षेत्र के लोगो से लिया गया। प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने कहा की होली का त्योहार के मौके पर थाना क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएंगे।होली का पर्व शांति एवं भाईचारे माहौल में सम्पन्न होगा।प्रखंड क्षेत्र के वैसे स्थानों पर दंडाअधिकारी सहित पुलिस बल की तैनाती रहेगी तो वंही अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी होगी। थाना प्रभारी नीरज कुमार झा ने कहा होली असत्य पर सत्य का विजय मनाने का पर्व है। इसे सभी लोगो को आपसी भाई चारे के साथ मिल जुल कर मनाना है। होली में सभी जाति धर्म के लोगो को एक साथ धर्म पूजा-पाठ का सामान्य करना चाहिए। सभी को एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, मुखिया बीरेंद्र महली, अरबिंद उरांव, सुमन उरांव, सुमित्रा उरांव, श्रवण मुंडा, पूर्व उप प्रमुख दिलीप सिंह, शरत कुमार विद्यार्थी, लखन उरांव, सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दिन, बजरंग उरांव, जमील अख्तर, विवेक प्रजापति, सजाद अंसारी, बिपिन सिंह, प्रवीण साहू, सहीद अंसारी, मोजाहिर अंसारी, महताब आलम, मोहन साहू, समरुद्दीन अंसारी, संजीव शुक्ला, नाजुरल खान, धनपत उरांव, सुकरा उरांव, महबूब आलम, जितेंद्र महतो, अख्तर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### बाइक और ट्रक की सीधी टक्कर में युवक की मौत

**लोहरदगा।** जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाका पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत अंतर्गत सरजुपावा गांव निवासी 27 वर्षीय युवक ललित उरांव पिता नेवल उरांव की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मुखिया की मदद से परिजनों को इसकी सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहाँ पोस्टमार्टम के उपरांत शव को मृतक के परिजनों को सौप दिया गया।

### चैनपुर : एक युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के भठौली गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है जिसकी पहचान सिलफड़ी गांव निवासी अंजलुस किण्डो उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति शराब के नशे में घर से निकलकर कहीं घूमने चला गया था। जब देर रात तक वह अपने घर नहीं पंहुचा तो उनके परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह भठौली के ग्रामीणों ने खेत में शव को देखा और उसकी सूचना चैनपुर थाना को दी जिसके बाद चैनपुर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

### टेंपो से गिरी महिला प्राथमिक उपचार के बाद रेफर

**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी गांव के समीप शुक्रवार को टेम्पो में सवार महिला की टेम्पो से गिरने से बुरी तहत से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से टेम्पो चालक ने घायल महिला को भंडरा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहा चिकित्सको ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सादर रेफर कर दिया। घायल महिला की पहचान मसमानो गांव निवासी बालक राम की पत्नी कमला देवी के रूप में हुए। बताया जाता है कि कमला रांची में काम करती थी। शुक्रवार को वह टेम्पो से अपने घर लौट रही थी। इसी बीच पझरी गांव के समीप तेज गति से आ रहे टेम्पो से महिला सड़क पर गिर गई।

**लोस चुनाव :** इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, हैलीपैड, रूटचार्ट व अन्य विषयों की समीक्षा हुई

## कनेक्टिविटी, सुरक्षा, क्लस्टर में मतदान कर्मियों की सुविधाएं समेत कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त इंटरमीडिएट स्ट्रॉग रूम, हैलीपैड, रूटचार्ट एवं अन्य विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों के साथ क्लस्टर से बूथ तक की स्थिति, बूथ में मतदाता हेतु सुविधाएं, मतदान केंद्रों तक पहुंच पथ, कनेक्टिविटी, सुरक्षा, क्लस्टर में मतदान कर्मियों के लिए सुविधाएं समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, प्रशिक्षु आईपीएस, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी हेडक्वार्टर, पेशरार एवं किस्को प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, पेशरार, जोबांग, सेरेंगदाग एवं किस्को थाना के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## सेन्हा में अनियंत्रित होकर हाइवा पलटा, चालक को आई चोट

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत स्थित बेड़ा टोली से कोयल जाने के पथ में कोयला लोड हाइवा टेलर कोयल किनारे बंगला भट्ठा में गिराने जा रहा था। इसी दरमियान हाइवा टेलर सी जी 11 बी जी 3457 कच्ची सड़क से किनारे खेत में जा पलटा। भारी वाहन के पलटने से चालक को अंदरूनी चोटें आई है। घायल चालक की पहचान बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत मदनपुर सलैया निवासी केवल सिंह के 26 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार के रूप में किया गया है। फिलहाल चालक का इलाज सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में चिकित्सक राजीव कुमार के देख रेख में इलाज चल रहा है।घटना की सूचना पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच घटना का लिया जायजा और क्षतिग्रस्त हाइवा टेलर को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई पुलिस द्वारा आरम्भ कर दी गई।

## बीडीओ की अगुवाई में बीएलओ सुपरवाइजर की हुई बैठक

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचलाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में बीएलओ, सुपरवाइजर की बैठक हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने कहा लोकतंत्र में चुनाव एक अहम प्रक्रिया है जो प्रत्येक पांच वर्षो में आता है इसे हमसबको मिलकर शांतिपूर्वक, सही तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करना है। सभी को मतदान प्रतिशत बढाने के जागरूकता कार्यक्रम चलाने, प्रत्येक बूथ में साफ सफाई, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदी कि सुविधा बहाल करना है। 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वृद्ध वृद्धा को यदि वे मतदान केंद्र तक आने में सक्षम नही है तो उन्हें घरों में मतदान करने की सुविधा प्रदान करना है। हम सबको आदर्श आचार संहिता का ख्याल रखते हुए अपने कामो को ईमानदारी पूर्वक निष्पक्ष रूप निबटारा करना है। मौके पर सुपरवाइजर दिनेश कुमार, बीएलओ रामप्रसाद पाल, समीम अंसारी, नसीमा खातून, सुचित्रा उरांव, सुनीता देवी,मंसूर आलम, आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए लोहरदगा लोस सीट के प्रत्याशी समीर उरांव



नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** गुमला जिला के भाजपा घाघरा एवं आदर मंडल का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन देवाकी बाबाधाम के समीप मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पार्टी के लोहरदगा संसदीय सीट के प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि कार्यकर्ता मोदी सरकार द्वारा चलाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण को दे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरे उत्साह और लगन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार सौ पार नारा को पूरा कर विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार करे। उन्होंने कहा कि बताया कि इस 10 वर्षों में समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्यो को पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कोरोना महामारी पर देश को सुरक्षित रख पूरे विश्व को मदद की।

इनके अलावे कार्यक्रम को भाजपा नेता भिखारी भगत अशोक उरांव अनिल प्रसाद पप्पू तेम्बू उरांव विपिन बिहारी सिंह सतवंती देवी सहित अन्य ने संबोधित करते हुए लोहरदगा लोक संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। मौके पर भाजपा नेता भिखारी भगत अशोक उरांव अनिल प्रसाद पप्पू तेम्बू उरांव विपिन बिहारी सिंह सतवंती देवी गोपाल गोप अरुंजय सिंह अखिलेश साहू घनश्याम सिंह प्रदीप प्रसाद हरिलाल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन

**लोहरदगा।** जिले के ग्राम तिसीया में वन विभाग ने वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। वन विभाग के फॉरेस्टर मुकेश प्रजापति की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संचालित किया गया। ग्रामीणों को वन सुरक्षा के लिए तत्पर रहने की सलाह दी गई। वनों से होने वाले फायदे और इसके संरक्षण के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। वन समिति से जुड़े सदस्य को वनों में आग लगने के कारणों और अग्नि से बचने सहित अन्य बिदुओं पर जानकारी दी गई। वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह मार्च एवं अप्रैल के महीने में की जाती है। इस निमित्त शुक्रवार को कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वन विभाग फॉरेस्टर मुकेश प्रजापति ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व वनों में आग लगाकर वन संपदा को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं।

### भंडरा-कैरो पथ पर बोलेरो-बाइक की टक्कर, 8 लोग घायल

**भंडरा।** भंडरा कैरो मुख्य मार्ग पर गजनी जोड़ा पुल के समीप शुक्रवार को बोलेरो और एक बाइक के आपस में टकरा जाने से आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहा डाक्टरों ने इलाज किया। बताया जाता है कि भंडरा के अकाशी से पांच महिलाएं शादी समारोह में मांडर बोलेरो से जा रही थी । इसी बीच गजनी जोड़ा पुल के समीप अपनी बाइक से कैरो जा रहे सीठियो निवासी पंकज साहू की बोलेरो से दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घटना में बोलेरो पलट गई जिससे बोलेरो सवार अकाशी निवासी सोमारी उरांव, मंगी उरांव, रायमुनिया उरांव, व बेलों उरांव एव बाइक सवार सीठियो गांव निवासी पंकज साहू,सुनीता देवी,गीता देवी घायल हो गए। घटना के बाद बोलरो चालक फरार हो गया।

## विहिप, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी का होली मिलन समारोह संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला नगर स्थित वीर कुंवर सिंह भवन प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति जिला स्तरीय बैठक एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह विभाग सह मंत्री केशव चंद्र साय जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा उपाध्यक्ष पूनम सिंह जी ने प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बजरंग दल प्रान्त संयोजक दीपक ठाकुर जी ने कहा कि बजरंग दल को मजबूत करने हेतु सभी प्रखंड वह मजबूत करने की आवश्यकता है और 31 मार्च से पहले सभी प्रखंडों में बैठक सम्पन्न हो जानी चाहिए। सभी प्रखंडों को पूर्ण रूप से समिति का विस्तार एवं प्रखंड टोली को पूर्ण



करना है। विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो जी ने कहा कि 9 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पूरे भारतवर्ष में राम उत्सव कार्यक्रम प्रारंभ होने वाला है इसको लेकर पूरे भारतवर्ष में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है गुमला जिला में कुल 159 पंचायत है इसमें पूर्ण रूप से सभी स्थानों पर राम उत्सव कार्यक्रम बनाया जाएगा भगवान राम के चरित्र को समाज के सामने रखा जाएगा क्योंकि आज 500 वर्षों के बाद भगवान पुरुषोत्तम राम का भव्य रूप से अयोध्या में मंदिर बन चुका है जहां प्रतिदिन लाखों की संख्या में भीड़ हो रही है लोग दर्शन करने जा रहे हैं। अंतिम क्षण में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय राणा ने जिला स्तरीय बैठक में आए सभी प्रखंड के कार्यकताओं को होली की हार्दिक बधाई दी और होली खूब धूमधाम से बनाने को कहा। कार्यक्रम समाप्ति से पहले विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री मनोज वर्मा की पिता की मृत्यु कुछ दिन पहले हो गई थी इसको लेकर 2 मिनट का मौन धारण भी किया गया। उपस्थित गण में मुकेश सिंह, मनोज वर्मा, रविन्द्र सिंह शैल सिंह, गंगा कुमारी, मनीष बाबु, अशोक सिंह, किशोरी प्रसाद, मनोज साहु दिव्या कुमारी, पंकज साहू, विश्वकर्मा गिरी, सुदामा केशरी, संजय सिंह, निखिल गुप्ता, मुकेश राम, हरि नारायण महतो राजेश सिंह, रुपेश कंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक- 205 /दिनांक–21.03.2024

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-21/2023-24 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-322509 water resource( 23-24)D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 323282 Water Resource(23-24).D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक–209 /दिनांक–21.03.2024

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-25/ 2023-24 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-322861 water resource( 2023-24)D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 323292 Water Resource(23-24).D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक–204 /दिनांक–21.03.2024

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-20/2023-24 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-322506 water resource( 23-24)D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 323281 (Water Resource)23-24*D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक–203 /दिनांक–21.03.2024

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-18/2023-24(2nd call) विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-322507water resource (23-24):D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 323279 Water Resource(23-24)#D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक–206 /दिनांक–21.03.2024

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-22/2023-24 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-322510 water resource(2023-24):D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.323287 Water Resource(23-24):D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक–208 /दिनांक–21.03.2024

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-24/2023-24 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-322856 water resource( 2023-24)D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 323291 Water Resource(23-24)#D

## एक नजर

### सुसाइड प्वाइंट बना धातकीडीह तालाब, वृद्ध ने कूदकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धातकीडीह तालाब इन दिनों सुसाइड प्वाइंट बन गया है। बीते 20 फरवरी को हरिजन बस्ती के सुरेश मुखी और 9 मार्च को कपाली को एक महिला ने तालाब की कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इधर शुक्रवार को भी तालाब में एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान धातकीडीह हरिजन बस्ती निवासी 62 वर्षीय गरीब लाल के रुप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे सोमदेव ने बताया कि उनके पिता बुधवार दोपहर से ही लापता थे। परिजनों ने उनकी खोज शुरू की पर वे नहीं मिले। आज वे लोग पिता को ढूंढने के लिए मुसाबनी की ओर जाने वाले थे तभी पुलिस ने शव मिलने की सूचना दी। सोमदेव ने बताया कि बीते सप्ताह पत्नी और पिता को लेकर कुछ पारिवारिक विवाद हुआ था। इसी बात से पिता कुछ दिनों से शर्मिंदगी महसूस कर रहे थे। संभवतः इसी कारण से उन्होंने आत्महत्या की है।

### पेट्रोल पंप कर्मी से पर्स छीन कर भाग रहे दो युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल के पास पेट्रोल पंप कर्मी से पर्स की छिनतई कर भाग रहे दो आरोपियों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में उलीडीह निवासी बिट्टू प्रमाणिक और उसका साथी सीतारामडेरा निवासी आकाश श्यामल शामिल है। पुलिस ने दोनों के पास से छीना हुआ पर्स बरामद किया है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी मुख्यालय 1 भोला प्रसाद सिंह ने बताया कि मानगो पुलिस के पास स्थित पेट्रोल पंप में काम करने वाला गौरव लोहार रात 8.30 बजे पेट्रोल पंप के पास ही चाय पी रहा था। इसी बीच वह पर्स निकालकर चाय के पैसे देकर पर्स को जेब में रख ही रहा था कि पीछे से दो युवकों ने पर्स छीना और भागने लगे। स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। डीएसपी ने बताया कि बिट्टू पूर्व में भी जेल जा चुका है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मारवाड़ी महिला समिति ने स्कूल में दिए पंखे

**चाईबासा।** मारवाड़ी महिला समिति द्वारा पुलिस लाइन में स्थित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान के प्रश्न उत्तर किया। उन्हें गिफ्ट एवं बिस्किट का पैकेट दिया। बच्चों की कक्षा में लगाने हेतु दो सीलिंग फैन भी दिया गया। समिति के द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्कूलों में जरूरत की सामग्री दी जाती है। बच्चों के बीच ज्ञानवर्धक जानकारी पहुंचाना समिति का मुख्य उद्देश्य होता है। इस अवसर पर अध्यक्ष कविता शर्मा, चंचल सराफ, मीना पसारी, प्रभा रुंगटा एवं नेहा अग्रवाल, उपस्थित थी। रोटेक्ट क्लब के अध्यक्ष अमित पोद्दार ने बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी। आगे भी विभिन्न स्कूलों में जरूरत की सामग्री दी जाएगी एवं बच्चों के विकास हेतु विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे।

### अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई करें : आईजी

**बोकारो।** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ। माइकल राज एस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बोकारो समाहरणालय में समीक्षा बैठक की। उन्होंने ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन बुकलेट का अच्छी तरह से अध्ययन करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी बुकलेट में निर्वाचन दायित्वों, कर्तव्यों के संबंध में विस्तार से बताया गया है। अगर कहीं कोई समस्या आती है तो उसका समाधान भी बुकलेट में दिया गया है। इसलिए छोटी-छोटी बात का भी अध्ययन करना आवश्यक है।

# गिरिडीह में केजरीवाल की गिरफ्तारी से भड़के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

## लोकतंत्र की हत्या कर रही है मोदी सरकार : आम आदमी पार्टी






**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी के द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा और माले नेता राजेश सिन्हा के नेतृत्व में सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया गया और नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना लोकतंत्र की हत्या है। देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अरविन्द केजरीवाल से डर गए हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। लोकसभा चुनाव में देश की जनता इसका जवाब देगी। तानाशाह का अंत होगा। आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि जब सरकारी स्कूल की स्थिति खराब थी लोगों का ध्यान प्राइवेट स्कूल की ओर ज्यादा था उस वक्त आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में सरकारी स्कूल को प्राइवेट स्कूल से अच्छा बनाया और गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई।

आज प्राइवेट स्कूल के बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने को लालायित रहते हैं। केवल गरीब ही नहीं दिल्ली के हर व्यक्ति का सौ फीसदी मुफ्त इलाज की जैसी क्रांतिकारी व्यवस्था जो अरविन्द केजरीवाल की सरकार ने किया है। ये काम धर्म की राजनीति करने वाली पार्टी को पच नहीं रहा है। माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। छात्र नौजवानों किसानों की उम्मीद इस सरकार से खत्म हो गई है। माले नेता उज्जवल साव ने कहा कि अब जब दस साल का हिसाब देने का समय आया तो सरकार तानाशाही पर उतर आई है। ये भारत के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करके एक एक करके विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। भारत के इतिहास में पहली बार एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को जेल में डाल दिया गया। मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया। प्रीति भास्कर ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है।

### डीसी ने किया मतदान सामग्री वितरण केंद्र का निरीक्षण

**रांची।** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान में मतदान सामग्री और ईवीएम मशीन वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 13 मई को होने वाले मतदान के लिए मांडर और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सामग्री एवं ईवीएम का वितरण मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान से किया जाएगा। रांची लोकसभा के होने वाले मतदान के लिए 24 मई को भी चुनाव सामग्री एवं ईवीएम का वितरण यहीं से किया जाएगा। सभी चुनाव सामग्री एवं ईवीएम लेकर मतदान कर्मी मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान से लेकर अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। उपायुक्त ने मतदान सामग्री एवं इवीएम मशीन वितरण केंद्र के पूरे परिसर की साफ-सफाई कराने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया ।

## पंडरा के मतगणना केंद्र व वज्रगृह का रांची डीसी ने किया निरीक्षण

**मतगणना के दौरान त्रिस्तरीय रहेगी सुरक्षा : एसएसपी**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को पंडरा स्थित वोटिंग काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) और वज्रगृह का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने वोटिंग काउंटिंग सेंटर और वज्रगृह के पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए वहां के तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। मौके पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने उपायुक्त को बताया कि मतगणना के दौरान त्रिस्तरीय (ट्रिपल लेयर सुरक्षा) मतगणना केंद्र में रहेगी। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेगी।

## गावां में एक साथ मिल रही थी सरकारी के साथ नकली विदेशी शराब

**तीन चढ़े प्रशासन के हत्थे, बिहार तक हो रही थी सप्लाई**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिस बिल्डिंग में सरकारी शराब दुकान चल रही थी। उसी बिल्डिंग के गोदाम में न सिर्फ नकली विदेशी शराब को डंप किया जा रहा था बल्कि इस नकली शराब को चारपहिया वाहन से बिहार तक खपाया जा रहा था। नकली शराब के इस गोरखधंधे का खुलासा गिरिडीह एसपी के निर्देश पर उत्पाद विभाग, पुलिस व एफएसटी द्वारा किया गया है। उत्पाद विभाग की टीम ने भवन के गोदाम से एक सौ पेटी नकली शराब, गोदाम के पास खड़ी गाड़ी से बीस पेटी नकली शराब बरामद किया है। टीम के द्वारा बबलू साहा नामक व्यक्ति के अलावा सरकारी शराब दुकान में कार्यरत दो कर्मी हीरा सिंह और प्रिंस सिंह को हिरासत में लिया गया है।

इस कार्रवाई की पुष्टि उत्पाद दारोगा रविरंजन ने की है। पकड़ में आए तीनों लोगों से प्रशासन की टीम सख्ती से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि शराब को कहां पर बनाया जाता था और कैसे शराब गावां के गोदाम में पहुंचती थी। वहीं नकली शराब के इस कारोबार में कौन कौन लोग शामिल हैं। किस किस सरकारी शराब दुकान के बगल में नकली शराब को डंप किया जाता है। नकली शराब के इस धंधे में सरकारी दुकान के कर्मियों की भूमिका क्या है। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को यह लगातार सूचना मिल रही थी गिरिडीह के गावां से शराब बिहार भेजी जा रही है। शराब को सरकारी दुकान के सामने ही चारपहिया पर लोड किया जाता है।

## बरनवाल सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
रंगोत्सव पर बरनवाल सेवा समिति गिरिडीह के द्वारा बरनवाल सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समाज के बुजुर्ग दंपति यशवंत लाल बरनवाल एवं लखन लाल बरनवाल, प्रदेश अध्यक्ष,महासभा झारखंड ने महाराजा अहिबरन के समक्ष दीप जलाकर,पुष्प एवं गुलाल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर समिति की ओर से अध्यक्ष सुबोध कुमार बरनवाल एवं कोषाध्यक्ष संजय कुमार बरनवाल ने बुजुर्ग दंपति एवं गिरिडीह के जाने-माने चिकित्सक डॉ राजेश चंद्रा को अंग वस्त्र और पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया।समारोह में होली की गीतों पर उपस्थित आगंतुकों ने जमकर आनंद लिया एवं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

मौके पर लखन लाल बरनवाल ने कहा कि होली सामाजिक सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश के साथ-साथ रंगों की तरह ही समरस होने का संदेश देता है। समिति सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने कहा कि होली सिर्फ त्योहार ही नहीं है बल्कि पाप पर पुण्य और अधर्म पर धर्म की विजय का त्यौहार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक इंद्रजीत लाल प्रदीप बरनवाल, विनय कुमार,राकेश रंजन,बिरेंद्र लाल, शंभु लाल, ललिता बरनवाल, आयुष राज,अमितेश गौरव, शंकर बरनवाल,दीपक बरनवाल,संदीप कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## होली में हुड़दंगियों पर रहेगी प्रशासन की नजर


**आचार संहिता का पालन करने का दिया निर्देश**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गांडेय अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने की। बैठक में होली को शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। अंचल अधिकारी ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। सभी को मिल जुलकर त्योहार मनाने की जरूरत है।

थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि होली का पर्व आचार संहिता का पालन करते हुए शांति पूर्वक मनाने को आवश्यकता है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का धार्मिक या भड़काऊ बातें पोस्ट और फॉरवर्ड नही करें। ऐसा करने वाले एडमिन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर भी प्रतिबंध होगा। सभी जन प्रतिनिधि किसी भी तरह के अप्रिय घटना होने पर प्रशासन को सूचना दें। क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिलने पर कार्रवाई की बात कही गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत अंजुम, जिप सदस्य प्रतिनिधि सईद मुफ्ती मुखिया पंचम देवी, मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि भागीरथ मंडल, प्रवीण चौधरी, कृष्णा नंदन अग्रवाल, शंकर सिंह, पिंटू हाजरा, राजेश सिंह, सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विश्व जल दिवस पर कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन






**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती वीणा मिश्रा के निदेर्शा नुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती सोनम बिश्नोई के आदेशानुसार विश्व जल दिवस के अवसर पर मकतपुर उच्च विद्यालय गिरिडीह एवं गिरिडीह प्रखंड के जंगलपुरा में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल के चीफ मोहम्मद नजमुल हसन ने बताया कि पानी के महत्व को समझने और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रथम विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया जल हमारे शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमारे सामान्य शरीर कार्यों के लिए जरूरी है पीने के लिए उपयुक्त मात्रा में पानी पीना हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जल हमें ऊर्जा प्रदान करता है शरीर की संरचना को बनाए रखना है और ऊर्जा कार्यों के लिए उपयोग होता है।

वही कार्यक्रम में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के गौरी शंकर सहाय ने भी अपने विचार व्यक्त किया जिसमें उन्होंने बताया कि दुनिया की 70 फीसदी जल है लेकिन पीने योग्य पानी में तीन फीसदी है विकास के लिए तेजी से बढ़ रही है फैक्ट्रियां, बढ़ती जनसंख्या के कारण जल के स्रोत प्रभावित हो रहे हैं इससे स्वच्छ जल की मांग बढ़ रही है और पूर्ति की समस्या आ रही है

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी बताया की पृथ्वी पर जल के बिना जीवन की कल्पना संभव है ऐसे में जल के महत्व और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल दुनिया में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिन जल के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

### 20 पेटी नकली शराब व 30 लीटर स्प्रिट जब्त

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव व होली त्योहार के मद्देनजर उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह निरसा थाना क्षेत्र के जोधाडीह गांव व गोविंदपुर में छापेमारी की। छापेमारी में शराब अड्डे से 20 पेटी नकली अंग्रेजी शराब व 30 लीटर स्प्रिट जब्त की गई। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि धनबाद के डीसी के निदेर्शानुसार अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को तड़के करीब 3 बजे गोविंदपुर व निरसा थाना क्षेत्र के जोधाडीह ग्राम में विकास साहनी के घर की छापेमारी कर विभिन्न ब्रांडों की 20 पेटी नकली अंग्रेजी शराब और स्प्रिट बरामद की गई। धंधेबाज भागने में सफल रहे। जब्त शराब की कीमत लगभग 82 हजार रुपए आंकी गयी है।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव को ले आईजी अभियान ने की बैठक, दिए कई निर्देश



**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में राज्य के विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक की। इस दौरान आईजी अभियान ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। आईजी ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में विधि-व्यवस्था, नक्सलियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई, अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की। आईजी ने अधिकारियों से कहा कि अवैध रूप से ले जाए जाने वाले कैश, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए औचक रूप से वाहन चेकिंग करें। उन्होंने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट, नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने एवं विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी एसएसपी, एसपी को स्वयं भौतिक रूप से सत्यापन करने का निर्देश दिया, ताकि अवैध रूप से ले जाये जाने वाले कैश रुपये, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाया जा सके। आईजी ने कहा कि सकिय अपराधकर्मियों और अन्य उपद्रवियों को चिह्नित कर लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करें। सभी जिलों में अपराध का आंकड़ा कम करने के लिए ड्राइव चलाकर अविलंब इसकी सूचना देने का निर्देश दिया। साथ ही, आईजी ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास करने, अफवाह फैला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने कार निर्देश दिया। इसके अलावा, माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया ताकि उपद्रवी किसी तरह का धार्मिक उन्माद नहीं फैला सकें।

### लोकसभा चुनाव को लेकर आजसू रांची जिला समिति की हुई बैठक

**रांची।** हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ की रांची जिला समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, विशिष्ट अतिथि छात्र संघ के प्रभारी हरीश कुमार, रांची जिला प्रभारी गदाधर महतो एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि अखिल झारखंड छात्र संघ रांची जिला समिति के पदाधिकारी सदस्य प्रखंड के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव में अपना अहम योगदान सुनिश्चित करेंगे। पार्टी के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे। बैठक में सांगठनिक चर्चाएं करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गुमला निवासी जयराम उरांव ने आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सचिव सचिन भगत रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार महतो, रोशन सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष ताती, महासचिव कुमार महतो, मीडिया प्रभारी मदन कुमार, विकास कुमार, सदस्य रमेश वीर चंद्र उरांव, कुलदीप भगत, राजेश उरांव, अर्जुन उरांव, भरत कुमार, अजय टोप्पो, आशीष कुमार, विनोद कुमार एवं अन्य लोग शामिल हुए।

### उप विकास आयुक्त ने त्रुटि रहित डाटाबेस तैयार करने का दिया निर्देश




**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने शुक्रवार को कार्मिक कोषांग की समीक्षा की। इसमें उन्होंने विगत दिनों डाटा एंट्री में मिली गलतियां में किए गए सुधार के प्रगति की समीक्षा की। वैसे कर्मी जिन्हें प्रीसाइडिंग में जाना था परंतु वे पोलिंग ऑफिसर 1 वन या पोलिंग ऑफिसर 2 हो गए थे, उसमें सुधार किया गया। साथ ही वैसे कर्मी जिनके फोन नंबर डाटा एंट्री में नहीं थे उनके अपडेट की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को अच्छे से संपन्न कराने के लिए सभी कर्मियों का त्रुटि रहित डाटाबेस तैयार करना है। साथ ही कहा कि जिन विभागों ने अब तक अपने कर्मियों का पूरा डेटाबेस कार्मिक कोषांग को उपलब्ध नहीं कराया है वे आज संध्या 5:00 बजे तक उपलब्ध करा दे। अन्यथा विभाग के कंट्रोलिंग पदाधिकारी पर रिप्रेजेंटेशन ऑफ दी पीपल एक्ट 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि शनिवार को दोपहर तीन बजे न्यू टाउन हॉल में उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग की जाएगी। बैठक की सूचना सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी तथा रिजर्व सेक्टर पदाधिकारी को फोन से देने का निर्देश दिया।

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का खुलासा

**धनबाद।** होली और लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को एक बार फिर धनबाद उत्पाद विभाग ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब सहित नकली शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कई सामान बरामद किया है। इस दौरान गोविन्दपुर थाना क्षेत्र में एक मिनी शराब फैक्ट्री का भी उद्भेदन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि शुक्रवार अहले सुबह करीब तीन बजे गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जोधाडीह ग्राम में विकास सैनी के आवास पर छपेमारी कर नकली अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का उदभेदन किया गया।इस मिनी शराब फैक्ट्री के संचालक विकास सैनी के खिलाफ पहले से उत्पाद विभाग में तीन मामले दर्ज है। जिसमे यह फरार चल रहा है। इसके पूर्व के अपराधों और लगातार इस तरह के अपराध से जुड़े रहने के कारण विकास सैनी के खिलाफ उत्पाद विभाग सरकार से सीसीए लगाने की सिफारिश करेगी। उन्होंने बताया कि इस मिनी शराब फैक्ट्री से कुल 180 लीटर नकली शराब जब्त की गई।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार, 23 मार्च, 2024



'स्वयं' को पहचानने से अधिक कोई 'ज्ञान' नहीं, 'क्षमा'करने से बड़ा कोई 'दान' नहीं : अज्ञात



# जल संकट जो मुद्दा नहीं है

झारखंड के पलामू सहित भारत में जल संकट की जो स्थिति मई-जून के महीनों में होती थी, वह मार्च में ही दिखने लगी है और अभी से ही कई शहरों में लोग पानी की समस्या से जूझने लगे हैं पर यह चुनावी मुद्दा नहीं है। भारत का अमेरिका कहा जाना वाला बंगलूरू शहर इन दिनों हर रोज बीस करोड़ लीटर पानी की कमी झेल रहा है। बंगलूरू के अलावा देश में दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, भोपाल, कोलकाता, जयपुर, इंदौर जैसे अनेक शहर आज जल संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने चेतावनी दी है कि अगर हैदराबाद ने जल्दी ही जल संरक्षण के लिए उचित कदम नहीं उठाए, तो पानी के मामले में उसका भी हाल सिलिकॉन वैली' बंगलूरू जैसा ही होगा। चेन्नई में वह समय अब भी सबको याद होगा, जब नल सूख गए थे, और पानी की कमी के चलते स्कूलों को बंद करना पड़ा था। जल स्त्रोतों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात करनी पड़ी थी।हाल ही में नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में भी यह बात स्वीकार की गई है कि भारत के कई शहरों में जल संकट गहराता जा रहा है, और आने वाले वक्त में उसके और विकराल रूप लेने के आसार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां वर्ष 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, वहीं 2020 तक देश में 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना करने के लिए मजबूर थे। नीति आयोग की समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स) रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं।वास्तविकता यह भी है कि दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के ताजा जल संसाधनों का मात्र चार फीसदी ही है। भारत में लगभग 70 फीसदी सतही और ताजा जल के संसाधन सीवेज वेस्ट और कारखानों के अपशिष्ट से प्रदूषित हैं। वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है। भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र (32.8 करोड़ हेक्टेयर) में से 69 फीसदी (22.8 करोड़ हेक्टेयर) क्षेत्र सूखाग्रस्त है। ये आंकड़े हमारे देश में जल संकट की गंभीरता को साफ-साफ बयान करते हैं। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हो रहे बदलावों के कारण यदि पानी की मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ता है, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन की पदचाप गहराती जा रही है, वैसे-वैसे वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) बढ़ता जा रहा है। इसका असर मौसम के बदलते मिजाज के रूप में नजर आ रहा है। इसके चलते कहीं बारिश कम हो रही है, तो कहीं सर्दियों का मौसम अपेक्षाकृत गर्म हो रहा है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, भूटान, अफगानिस्तान, चीन, म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश शामिल हैं। इन पर्वत श्रृंखलाओं के ग्लेशियर पिघलने से दिल्ली, ढाका, कराची, कोलकाता और लाहौर जैसे पांच महानगरों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना होगा। इन नगरों की आबादी 9 करोड़ 40 लाख से ज्यादा है और इसी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी 26,432 मेगावॉट क्षमता वाली पनबिजली परियोजना है। जाहिर है, जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की समस्या से निपटने के लिए हमें जल संरक्षण के उपायों पर गंभीरता से विचार करना होगा और पर्यावरण सुरक्षा के उपाय करने होंगे।झारखंड में वर्षा जल के संचय और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को धरातल में उतारना होगा ।राजधानी रांची सहित अनेक शहरों में गर्मी के दिनों में पलायन की नौबत आ जाती है।

**रिपोर्ट के अनुसार, जहां वर्ष 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, वहीं 2020 तक देश में 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना करने के लिए मजबूर थे। नीति आयोग की समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स) रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं।**

इन दिनों

# आखिर क्यों जरूरी है नागरिकता संशोधन कानून



मुनीष त्रिपाठी

***मोदी*** सरकार ने बहुप्रतिक्षित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है। हम यहां यह समझने की कोशिश करेंगे आखिर यह क्यों जरूरी है। साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में कई ऐसे लोग भी थे जिन्हें कानून की कम या गलत जानकारी थी। इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा। आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है । सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है। साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे, इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा? तकनीकी तौर पर सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए से सिटीजनशिप एक्ट ऑफ 1955 में संशोधन किया गया है। इससे होगा ये कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को नागरिकता मिल जायेगी जो 31 दिसम्बर, 2014 से पहले किसी न किसी तरह की प्रताड़ना से तंग होकर भारत आए थे। इससे इन मुस्लिम देशों के अल्पसंख्यक समुदायों को फायदा होगा जिनमें हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। भाजपा पार्टी के एजेंडा में सीएए का काफी पहले से जिक्र होता आया है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साल 2016 में इसे लोकसभा में पेश किया गया। यहां से पास होने के बाद इसे राज्यसभा में भेजा गया, लेकिन वहां इसे बहुमत से पास नहीं कराया जा सका। अटकने के बाद इसे संसदीय समिति के पास भेजा गया था। 2019 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो दोबारा बहुमत जीतने के बाद मोदी सरकार बनी। सरकार बनते ही इसे दोबारा लोकसभा में पास किया गया। दो दिन बाद 09 दिसंबर,2019 को राज्यसभा में भी इस पर मुहर लग गई। दोनों सदनों में पास होने के बाद सीएए को 10 जनवरी, 2020 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई । हालांकि, इसके लागू में होने में काफी देरी हो गई। इसकी प्रमुख वजह रही देशभर में होने वाले विरोध प्रदर्शन। सरकार ने अपने बयान में कहा है कि सीएए के जरिए मिलने वाली नागिरकता वन-टाइम बेसिस पर ही होगी। यानी कि 31 दिसम्बर, 2014 के बाद गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। इस कानून के अमल में आने के बाद भारत के किसी भी नागरिक चाहे वो किसी भी धर्म का हो, की नागरिकता को कोई प्रभाव नहीं होगा। सीएए की आवश्यकता इसलिए थी क्योंकि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई अल्पसंख्यक जो दशकों से भारत में आए और देश में बस गए, वे पूर्व-संशोधित नागरिकता कानून के तहत भारतीय नागरिकता हासिल नहीं कर सकते थे। इसके चलते वो भारतीय नागरिकता के कई लाभों से वंचित थे। संशोधन के बाद उन्हें अब अनिश्चित जीवन नहीं जीना पडेगा। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के आने के कई कारण थे-उत्पीड़न, भेदभाव, शारीरिक असुरक्षा, जबरन धर्म परिवर्तन का खतरा, इत्यादि। आधिकारिक आंकड़े मुस्लिम बहुल पड़ोसी देशों से बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के पलायन की गवाही देते हैं। 1947 में पाकिस्तान में अल्पसंख्यक, ज्यादातर हिंदू और सिख, आबादी का लगभग 23% थे; आज वो लगभग 5% हैं। हिंदू लगभग 1.65% ही रह गए हैं। इसी तरह 1971 में जब बांग्लादेश बना, तब हिंदू आबादी का 19% थे. 2016 में वे केवल 8% ही थे। जबकि भारत में अल्पसंख्यकों की संख्या दोगुना हुई है। 1947 में भारत में मुसलमानों की संख्या 9.2 करोड़ थी। आज उनकी अनुमानित संख्या लगभग 20 करोड़ है जो लगभग 14% से अधिक है। बांग्लादेश के प्रसिद्ध लेखक सलाम आजाद ने अपनी पुस्तक 'बांग्लादेश से आखिर क्यों भाग रहे है हिन्दू' में बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और पलायन पर तथ्यात्मक विवेचन किया है। उन्होंने जो आंकड़े दिए हैं वे बांग्लादेश के हिंदुओं की हकीकत बयां करते है। उन्होंने लिखा कि बांग्लादेश के मुस्लिम कट्टरपंथी संगठनों के बेतहाशा अत्याचारों के चलते 475 हिन्दू, बौद्ध प्रतिदिन बांग्लादेश छोड़ने के लिये बाध्य होते है अर्थात एक साल में लगभग 1,73,000 हिन्दू, बौद्ध बांग्लादेश से पलायन कर जाते है । आजाद ने अपने शोध से ये आंकड़े 1974 से 1991 के बीच अवधि के लिये जारी किये हैं। 1991 के बाद के वर्ष में भी बांग्लादेश के हिंदुओ , बौद्ध अनुयायियों के हालात ठीक नहीं हुए है। 06 दिसम्बर 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिर जाने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के 28,000 घरों, 2200 व्यापारिक प्रतिष्ठानों और 3600 मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया था। इन सबके बावजूद तत्कालीन खालिदा जिया सरकार ने हिंदुओं पर अत्याचार और पलायन को रोकने के लिये कोई कदम नहीं उठाए। ये भी सही है कि खालिदा जिया सरकार में शेख हसीना सरकार के मुकाबले अल्पसंख्यकों पर कुछ ज्यादा ही अत्याचार होते हैं। 2001 के बांग्लादेश के आम संसदीय चुनाव में भी हिंदुओं पर जमकर हमले हुए थे जिसके कारण हजारों हिन्दू अपनी जानमाल की रक्षा के लिए पश्चिम बंगाल के कई जिलों में शरण लेनी पड़ी थी। 2014 में भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर भयावह अत्याचार हुए थे । मौजूदा समय में बांग्लादेश की कुल आबादी में लगभग सवा करोड़ हिन्दू हैं, यदि हिंदुओं का पलायन इसी तरह न हुआ होता तो आज बांग्लादेश में लगभग सवा तीन करोड़ हिन्दू नागरिक होते। बांग्लादेश सरकार के 2014 के जनसांख्यकीय आंकड़ो के अनुसार 1941 में पूर्वी पाकिस्तान अब बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी लगभग 28 प्रतिशत थी, 1951 में यह घटकर 22 प्रतिशत हुई। वर्ष 1961 में 18.5 प्रतिशत, 1974 में 13.5 प्रतिशत, 1981 में 12.13 प्रतिशत,1991 में 11.6 प्रतिशत, 2001 में 9.6 प्रतिशत और 2011 में यह घटकर मात्र 8.2 प्रतिशत रह गई । आंकड़े बताते है कि बांग्लादेश की आबादी में हिंदुओं और बौद्ध लोगों की लगातार जनसंख्या घट रही है । लेखक सलाम आजाद लिखते है कि बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए तीन ही रास्ते बचे हैं - या तो वे आत्महत्या कर लें या धर्मांतरण कर लें या फिर देश छोड़ कर पलायन कर जाएं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं, बौद्धों, सिखों के हालात तो बांग्लादेश से बहुत ज्यादा खराब हैं । **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**




**साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे, इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा? तकनीकी तौर पर सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए से सिटीजनशिप एक्ट ऑफ 1955 में संशोधन किया गया है। इससे होगा ये कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को नागरिकता मिल जायेगी जो 31 दिसम्बर, 2014 से पहले किसी न किसी तरह की प्रताड़ना से तंग होकर भारत आए थे।**

## आपकी बात

### उच्च स्तरीय आलेख



देवेश कु. घोष

विजय केसरी जी द्वारा 'मन में उम्मीदों की दीप जलातीं कविताएं' एक उच्च स्तरीय आलेख है। विजय केसरी जी को साधुवाद! अपने सटीक शब्दों की मायावी रचना से पाठकों के मन पर स्थायी प्रभाव छोड़ने के लिए विद्वान लेखक को नमन करता हूँ। पंक्तियों में कविता की कई परिभाषाएँ कविता पढ़ने को उत्प्रेरित करती हैं। 'कविता शोर से शांति की ओर ले जाती है' 'कविता हर व्यक्ति के अंदर विद्यमान है' 'कविता जूझने की शक्ति देती है' जैसी पंक्तियाँ संग्रहणीय हैं। कविता का इतिहास और विश्व में इस विधा की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेख को गहराई तक अर्थपूर्ण बनाती है। अंतिम पंक्ति पढ़ने के उपरांत भी मन नहीं भरा। कई बार पढ़ा और संग्रहणीय पंक्तियों को नोट कर लिया ।

**अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली ।**

### पॉलिथीन का उपयोग घातक

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है, जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। **– पंकज कुमार**

मंथन

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से उपजते सवाल



कमलेश पांडे

***आपको*** याद होगा कि अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी का जन्म यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में चले एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही हुआ है। ऐसे में आबकारी नीति घोटाले में आप मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न है। आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाना सही है या गलत- यह प्रशासनिक और न्यायिक विमर्श का विषय है। लेकिन आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है ! मेरा स्पष्ट मानना है कि इस घटनाक्रम से आप पार्टी और इंडी गठबंधन को भारी क्षति के विपरीत काफी लाभ भी हो सकता है, बशर्ते कि पूरे घटनाक्रम का प्रस्तुतीकरण जनमानस में सही तरीके से किया जाय और सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने की फितरत से हुई इस प्रशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध हर गली-कूची के भ्रष्टाचार की फोटो और उसकी आधिकारिक अनदेखी के विरुद्ध पम्फलेट वितरण अभियान शुरू किया जाय। वहीं, जगह जगह सक्षम माननीय न्यायालय को पत्र भेजकर उसकी प्रतिलिपि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाय और स्थानीय मीडिया को भेजी जाय, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी जनजागृति पैदा हो सके। वैसे तो लोकल मीडिया में ऐसे प्रकरण हमेशा प्रकाश में आते रहते हैं, लेकिन उनपर प्रशासनिक खामोशी के खिलाफ न्यायालय जाने के कम ही मामले प्रकाश में आते हैं। शायद इसलिए कि भ्रष्टाचार के हमाम में कहीं न कहीं हर कोई नँगा है। अमूमन विपक्षी दल भी ऐसे मामलों में धरना-प्रदर्शन के अलावा ज्यादा दूरदर्शी रवैये नहीं अपनाते, जिसके चलते ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे जनता अक्सर परेशान रहा करती है। इसलिए भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करना जरूरी है ताकि सत्ता पक्ष के इशारे पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने वाले भारतीय प्रशासन को चुनावों में बेनकाब करते हुए जनादेश मांगा जाय।

**(ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।)**

**आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है!**




बोधि वृक्ष

## कोलकाता कालीघाट का मंदिर

***कोलकाता*** के कालीघाट मंदिर के बारे में सबसे खास बात यह है कि पहले यह मंदिर हुगली (जिसे भागीरथी भी कहा जाता था) के किनारे स्थित था। लेकिन समय के साथ भागीरथी, मंदिर से दूर होती चली गई। ऑपइंडिया की मंदिर श्रृंखला में हाल ही में दक्षिणेश्वर काली मंदिर के बारे में जानकारी दी गई थी, जिसका निर्माण एक विधवा महिला रानी रासमणि द्वारा कराया गया था। कोलकाता में ही एक और प्रसिद्ध काली मंदिर है, जो कालीघाट के नाम से जाना जाता है। यह भारत का सबसे प्रसिद्ध और सिद्ध काली मंदिर है, जो 51 शक्तिपीठों में से एक है। **मंदिर का इतिहास :** भारत में शक्तिपीठों का सर्वाधिक महत्व है। ये शक्तिपीठ ऐसे स्थान हैं, जहाँ माता सती की मृत देह के अंग गिरे थे। ये स्थान पूरे भारत समेत पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश और नेपाल में भी स्थित हैं। कोलकाता के कालीघाट मंदिर में माता सती के दाहिने पैर का अँगूठा गिरा था। तब से ही यह स्थान शक्तिपीठ माना जाता है।

वर्तमान दृश्य मंदिर की स्थापना सन 1809 में हुई थी। **(क्रमशः)**



## फेसबुक वॉल से

**Ajit Kumar**
6 h

"डॉक्टर साहब ने अपना लड़का जैसा व्यवहार किए हैं।
हम अभी फर्स्ट क्लास है "
ये शब्द है मेरे बगल में बैठे सज्जन श्री "राम नंदन गुप्ता" जी के।
इनको पित्त की थैली में पत्थर के कारण पेट में दर्द रहता था,
इन्होंने 'धनबाद' के कई चिकित्सकों को दिखाया उन सभी ने इन्हें रांची जाकर इलाज कराने की सलाह दी। अपने शुभचिंतकों से पता कर ये रांची में " मां ललिता" बरियातू क्लीनिक में मुझसे आकर मिले।
इनके साथ परेशानी यह थी कि इनको ' पेसमेकर' लगा हुआ था और 'स्पाइन' की सर्जरी पहले हो रखी थी।
इनके शब्द भावुक और दिल को छू लेने वाले है।
उनके बगल में उनका इकलौता बेटा "सागर" है जिसने कोई कसर नहीं छोड़ी इनके बेहतर इलाज के लिए।
उनके पूरे इलाज के दौरान हमारे Maa Lalita POLYDOC टीम के एनेस्थीसिया के डॉक्टर एवं कार्डियोलॉजिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हमने ऑपरेशन के बाद इन्हें जल्द छुट्टी दे दिया। इनके अनुभव उन्हीं के शब्दों में सुने।



## X- से

**Geeta kora**
@Geetakora1

झारखण्ड सरकार का संथाल, हो तथा मुंडा समुदाय के साथ सौतेला व्यवहार किसी भी रूप में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने "फिल्म डेवलॉपमेंट काउंसिल ऑफ झारखण्ड" के गठन में उक्त तीनों समुदायों में से किसी के भी प्रतिनिधि को शामिल नहीं कर इनकी घोर उपेक्षा की है। यदि सरकार शीघ्र ही संथाल, हो, मुंडा समुदाय के प्रतिनिधियों को काउंसिल में शामिल नहीं करती है तो इसका घोर विरोध किया जायेगा। @yourBabulal @BJP4Jharkhand @BJP4India




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# भारत में महिला मतदाताओं का बढ़ता प्रभाव



राजेन्द्र प्र. शर्मा


***विश्व*** के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जायेगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनाव में सक्रियता से हिस्सा लेने और उम्मीदवार को जिताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनाव में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थीं वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आईं। हालांकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नये-नये सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिये जाते हैं। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हों या शहर, महिलाएं अब घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही हैं। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी हैं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता हैं तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम हैं। यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल प्रदेश, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाय तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रिपीट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है।

## टेक वर्ल्ड

## बेडरूम के वातावरण को शुद्ध करें

क्या आप जानतें हैं कि बेडरूम के वातावरण में भी सतहों और हवा में कई खतरे छिपे रहते हैं, जो रात अच्छी नींद आने से रोकते हैं?

हाल ही में अमेरीस्लीप की एक रिपोर्ट में नींद के वातावरण के बारे में एक चौंकानेवाला खुलासा हुआ है। बिना धुले तकिये के कवर में एक हफ्ते में 3 मिलियन बैक्टीरिया इकट्ठे हो जाते हैं।, जो टॉयलेट की सीट के मुकाबले 17,000 गुना ज्यादा प्रदूषित होता है। वहीं बिना धुली चादर में बाथरूम के दरवाजे के हैंडल की तुलना में 24,631 गुना ज्यादा बैक्टीरिया होते हैं। जोआन कांग, लीड रिसर्च साईंटिस्ट, माईक्रोबायोलॉजी, डायसन इस बारे में महत्वपूर्ण बातें बताते है कि निरंतर सफाई और वैक्यूम क्लीन करके आपको बेडरुम से धूल और एलर्जन को दूर रखने के लिए सुझाव दिये हैं जिससे बेडरुम में स्वच्छ वातावरण बना रहे।



**गंदगी को धो डालें :** चादर, तकिये के कवर और कंबलों को कम से कम 140 डिग्री फॉरेनहाईट पर गर्म पानी से धोकर एलर्जन को दूर करने की मदद मिलती है। इसलिए सप्ताह में एक बार बिस्तर की चादरें, तकिए के कवर और कंबल को धो लेना चाहिए।

**वैक्यूम से सफाई करें :** धूल के कण काफी सूक्ष्म होते हैं और गद्दे में गहराई तक उतरकर रेशों में लग जाते हैं, जिसकी वजह से उन्हें निकालना मुश्किल हो जाता है। वैक्यूम की मदद से आप अपने घर के कोने-कोने की सफाई कर सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### ओडिशा के दिग्गज नेता दामोदर राउत का निधन



**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री दामोदर राउत का शुक्रवार को निजी अस्पताल में निधन हो गया। 18 मार्च को दिल का दौरा पड़ने के बाद राउत को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दामोदर राउत के निधन पर शोक जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, ''ओडिशा सरकार में कई बार मंत्री रहे अनुभवी नेता दामोदर राउत के निधन से दुखी हूं। ओडिशा और देश की प्रगति में राउत के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।'' सीएम नवीन पटनायक ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री दामोदर राउत के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। ओडिशा की राजनीति में यह एक अपूरणीय क्षति है।

### दिल्ली में युवक पर चाकू से 12 वार, मौत नौ किशोर हिरासत में

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में नाबालिगों के एक समूह ने 20 साल के एक युवक पर 12 बार चाकू से वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि इस मामले में नौ किशोरों को हिरासत में लिया गया है। मृतक की पहचान संगम विहार इलाके के रहने वाले शादाब के रूप में हुई है।

### महाराष्ट्र : 1.5 लाख रुपये का इनामी खूंखार माओवादी गिरफ्तार

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र पुलिस ने एक खूंखार, वांछित माओवादी को गिरफ्तार किया है, जिसके सिर पर 1.5 लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान पेका माडी पुंगती (42) के रूप में हुई है, जिसे सीआरपीएफ और भामरागढ़ क्यूआरटी टीमों द्वारा लागू सुरक्षा नाकाबंदी के दौरान एक ट्रैफिक चेक पोस्ट के पास पकड़ा गया।

### अखिलेश ने आजम खान से जेल में की मुलाकात



**सीतापुर।** यूपी की सीतापुर जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री आजम खान से शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव मिलने पहुंचे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पूर्व विधायक अनूप गुप्ता और पूर्व एमएलसी आंनद भदौरिया भी जिला कारागार में गए। बताया जा रहा लोकसभा चुनाव को लेकर उनसे मंत्रणा के लिए अखिलेश यादव पहुंचे हैं। सीतापुर जेल में बंद सपा नेता से मिलने के लिए अखिलेश यादव का काफिला सीधे जेल परिसर के अंदर चला गया। अखिलेश यादव ने जेल के अंदर जाते वक्त मीडिया से बातचीत नहीं की।



दिल्ली में नई आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को आईटीओ पर विरोध प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। (फोटो : आईएएनएस)

# भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे आम आदमी पार्टी के नेताओं की लंबी फेहरिस्त



**एजेंसी। नई दिल्ली ।**

जिस आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार के विरोध में झंडा बुलंद किया था, जिसने जनता से भ्रष्टाचार मुक्त राजनीतिक व्यवस्था विकसित करने का वादा किया था, आज वही आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं। उसके कई नेता कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं, कई सलाखों के पीछे हैं। आप के कई नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के बाद पंजाब से लेकर दिल्ली तक पार्टी की प्रतिष्ठा को धक्का पहुंचा है। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। आप के दो नेताओं की पहले से ही इस मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है, जिसमें संजय सिंह और मनीष सिसोदिया का नाम शामिल है।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने दलील दी थी कि 2021-22 दिल्ली आबकारी नीति के जरिए हितधारकों को असीमित लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस नीति के जरिए थोक विक्रेताओं को जहां 12 प्रतिशत, तो वहीं खुदरा विक्रेताओं को 185 फीसद मार्जिन पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप है। कथित तौर पर थोक विक्रेताओं के लाभ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 6 प्रतिशत आप नेताओं के लिए रिश्वत के रूप में आने का आरोप है। इसके अलावा, यह भी आरोप लगाया गया है कि साउथ ग्रुप ने विजय नायर को 100 करोड़ रुपए दिए, जो आम आदमी पार्टी के साथ संचार प्रभारी के रूप में जुड़ा हुआ था। मई 2022 में सत्येंद्र जैन को भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया। जैन पर आरोप है कि उन्होंने हवाला के जरिए पैसे ट्रांसफर करवाए। जैन ने भी दिल्ली आबकारी नीति को लागू कराने में अहम भूमिका निभाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस एम. बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका को खारिज कर आप नेता को जेल अधिकारी के समक्ष समर्पण करने का निर्देश दिया।

इस बीच, एक और आप नेता अमानतुल्लाह खान भी मुश्किलों में फंसे हुए हैं। हालांकि, वो जमानत पर बाहर हैं, लेकिन वो वर्तमान में कई तरह की कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। दरअसल, उन पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्र्ड बोर्ड के चेयरमैन रहने के दौरान वित्तीय हेराफेरी की थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि उसके पास अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, जिससे अब उनके राजनीतिक भविष्य पर भी ग्रहण लग चुका है। इससे पहले मार्च में दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान की जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी। यह मामला ओखला में अवैध रूप से जुटाए गए 36 करोड़ से जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान ईडी ने सीबीआई, एसीबी और दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल की गई प्राथमिकी पर भी विचार किया। ईडी ने कहा था कि संपत्ति खान के कहने पर खरीदी गई थी और 27 करोड़ रुपये नकद लेनदेन के सबूत पेश किए गए। इससे पहले पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन पर लगे आरोपों ने भी पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी। दरअसल, ताहिर पर दिल्ली 2020 के दंगों को भड़काने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे थे।

### 'हर गली-मोहल्ले में क्रांति होगी', हिरासत में लिए जाने के बाद आतिशी, सौरभ की ललकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद बीजेपी हेड क्वार्टर पर प्रदर्शन करने जा रहे आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लेना शुरू कर दिया है। आतिशी, सौरव भारद्वाज समेत कई नेता आम आदमी कार्यकताओं के साथ प्रोटेस्ट में शामिल हुए थे, जिन्हें दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस प्रदर्शन के जरिए आम आदमी पार्टी लगातार यह कहती दिखाई दे रही है कि अब हर गली मोहल्ले में क्रांति होगी। दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के दौरान आम आदमी पार्टी के एमएलए सौरव भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के बुजुर्ग मां-बाप और परिवार को उनके रिश्तेदारों और लोगों से नहीं मिलने दिया जा रहा है। एक तरीके से उनका मेंटल टार्चर किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए बताया कि ईडी सिर्फ यह कहती है कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सबूत मिले हैं, लेकिन वह सबूत को सुप्रीम कोर्ट में भी नहीं दिखा पाती।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे गुजरात 'आप' के अध्यक्ष हिरासत में

**अहमदाबाद।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ गुजरात में 'आप' कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान ईसुदान गढ़वी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ईसुदान गढ़वी आम आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के अध्यक्ष हैं। पुलिस के इस कदम को आप कार्यकर्ताओं ने 'राजनीति' से प्रेरित बताया। पुलिस ने आप के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया, जिसमें ईसुदान गढ़वी भी शामिल हैं। गुजरात आप सदस्य करण बारोट ने कहा, ''अहमदाबाद के सरदारबाग इलाके में आम आदमी पार्टी के 300 कार्यकर्ता सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जुटे। हम केजरीवाल के साथ हुए अन्याय के विरोध में एकत्रित हुए। इस बीच पुलिस की वैन आई और उन्होंने आप कार्यकताओं ही नहीं, बल्कि ईसुदान गढ़वी को भी हिरासत में ले लिया। हम शांतिपूर्ण विरोध कर रह थे, लेकिन तभी एकाएक पुलिस आई और हमें जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गई।''

### भाजपा ने लोस उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की अपनी चौथी लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने अपनी चौथी लिस्ट में दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु से 14 और पुड्डुचेरी से एक उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने तमिलनाडु और त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी एक-एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने तमिलनाडु के तिरुवल्लुर से पोन. वी. बालगणपति, नमक्कल से केपी. रामलिंगम, तिरुपूर से एपी. मुरुगानंदम, चिदंबरम से पी. कार्थियाइनी और मदुरई से रामा श्रीनिवासन सहित तमिलनाडु से 14 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। इससे पहले भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में 195, दूसरी लिस्ट में 72 और तीसरी लिस्ट में 9 लोकसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे।

# ईवीएम में गड़बड़ी करने वालों को फांसी दी जाएगी : दिग्विजय



**एजेंसी। भोपाल।**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने ईवीएम में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि इस गड़बड़ी में शामिल लोगों को देशद्रोह में फांसी दी जाएगी। भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईवीएम में हेराफेरी करने वालों को मैं चेतावनी देना चाहता हूं, वे लोग एक दिन पकड़े जाएंगे, हम लोग इसके काफी नजदीक पहुंच गए हैं। जिस दिन ये पकड़े जाएंगे, उस दिन इन्हें देशद्रोह में फांसी दी जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने ईवीएम में गड़बड़ी, कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने और भोजशाला के सर्वे कराए जाने जैसे मसलों पर भाजपा तथा केंद्र की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा के बढ़ते जनाधार को लेकर कहा कि जन चर्चा इस बात की है कि जो मेंडेट जनता का मिला है, उसमे कहीं न कहीं गड़बड़ है और कई प्रश्न ईवीएम पर भी उठ रहे हैं। इसका जवाब न तो चुनाव आयोग देता है, न सरकार देती है और इनका अति विश्वास झलकता है। इन्होंने 2014 में कहा 272 से ज्यादा सीटें मिलेगी तो 284 आई। 2019 में कहा 300 से ज्यादा सीटें आयेगी, तो 303 आई और अब कह रहे हैं 400 पार। यह इस तरह का उदाहरण हमें कहीं और देखने नहीं मिलता, लेकिन उनका अति विश्वास शक पैदा करता है।

# सनातन पर प्रहार नहीं सह पाए रोहन गुप्ता, छोड़ दी कांग्रेस



**एजेंसी। नई दिल्ली ।**

कांग्रेस प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। रोहन गुप्ता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर अपना इस्तीफा भेजा और साथ ही पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं पर गंभीर आरोप भी लगाए। इसके अलावा उन्होंने अपने पोस्ट में कांग्रेस से इस्तीफा देने की वजह भी बताई है। बता दें कि इससे पहले रोहन गुप्ता ने अहमदाबाद (पूर्व) लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्णय लिया था। रोहन गुप्ता ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को लिखी चिट्ठी में बताया, ''मैं पिछले तीन दिनों से अपने पिता की खराब स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहा हूं। जिससे मुझे वास्तव में उनके दृष्टिकोण को समझने में मदद मिली। उन्होंने पिछले 40 वर्षों में पार्टी में विश्वासघात और तोड़फोड़ की घटनाओं का वर्णन किया। उन घटनाओं के घाव अभी भी ठीक नहीं हुए हैं। उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वह नहीं चाहते कि मैं भी कांग्रेस में रहकर उनकी तरह पार्टी के नेताओं के विश्वासघात की कीमत चुकाऊं, क्योंकि पिछले दो वर्षों से मैं जिस मानसिक आघात से गुजरा हूं, उसे मेरे पूरे परिवार ने देखा है, जो कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट से जुड़े वरिष्ठ नेता के कारण हुआ था। मेरे पिता मेरे साथ वही सब घटित होने की कल्पना कर रहे थे जो मैं नहीं कर सकता था।''


# बंगाल के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर ईडी की छापेमारी



**एजेंसी। कोलकाता ।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम शुक्रवार को बीरभूम जिले में पश्चिम बंगाल के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और कपड़ा विभागों के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर छापेमारी की। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ईडी के अधिकारियों की टीम के साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान भी थे। वे सुबह करीब 9.45 बजे नीचूपट्टी इलाके में मंत्री के आवास पर पहुंचे। सीएपीएफ कर्मियों ने इमारत के प्रवेश द्वार की नाकेबंदी कर दी और ईडी के अधिकारी अंदर चले गए। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि उस वक्त मंत्री अपने आवास पर नहीं थे। पता चला है कि छापेमारी और तलाशी अभियान पश्चिम बंगाल में पशु तस्करी मामले से जुड़े थे। मंत्री सिन्हा, बीरभूम जिले के एक प्रभावशाली मंत्री, और वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद पार्टी के कद्दावर नेता, अनुब्रत मंडल के करीबी विश्वासपात्र माने जाते थे। वहीं, ईडी अधिकारियों की अन्य टीमें पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती घोटाले के सिलसिले में शुक्रवार सुबह से कोलकाता में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही हैं।

# आंध्र प्रदेश में छह पूर्व सीएम के बेटे चुनाव मैदान में



**एजेंसी। अमरावती ।**

आंध्र प्रदेश में कम से कम छह पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे 13 मई को विधानसभा और लोकसभा के लिए एक साथ होने वाले चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे, जबकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की बेटियों के भी दौड़ में शामिल होने की संभावना है। हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी हैं। संयुक्त आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के बेटे वाईएसआर परिवार के गृह जिले कडप्पा में पुलिवेंदुला निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ेंगे। पुलिवेंदुला को 1978 से वाईएसआर परिवार का गढ़ माना जाता है। जगन मोहन रेड्डी लगातार तीसरी बार यहां से चुनाव लड़ेंगे।उनकी बहन और राज्य कांग्रेस प्रमुख वाई.एस. शर्मिला के कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद और चचेरे भाई वाई.एस. अविनाश रेड्डी के खिलाफ मैदान में उतरने की संभावना है। कडप्पा भी 1989 से वाईएसआर परिवार का गढ़ रहा है। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के संस्थापक एन.टी. रामा राव के बच्चे भी राजनीति में अपनी किस्मत आजमाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि वाईएसआर की तरह एनटीआर के बच्चे भी अलग-अलग पार्टियों के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। एनटीआर के बेटे और लोकप्रिय अभिनेता एन. बालकृष्ण हिंदूपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक के रूप में हैट्रिक की तलाश में होंगे। एनटीआर खुद 1985, 1989 और 1994 में हिंदूपुर से चुने गए थे। उनके बड़े बेटे एन. हरिकृष्ण भी 1996 में हुए उपचुनाव में यहां से चुने गए थे।

# लालू प्रसाद टिकट बेचने के माहिर खिलाड़ी : भाजपा



**एजेंसी। पटना ।**

बिहार के पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री मीसा भारती और सारण से रोहिणी आचार्य के उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव टिकट बेचने के माहिर खिलाड़ी हैं। पटना में पत्रकारों ने शुक्रवार को सम्राट चौधरी से इस संबंध में सवाल किया तो उन्होंने साफ लहजे में कहा कि लालू जी टिकट बेचने के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्होंने तो अब अपनी बेटी तक को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले अपनी बेटी से किडनी लिया, उसके बाद टिकट दिया, यही है लालू प्रसाद यादव का परिचय। जो व्यक्ति अपनी बेटी तक को नहीं छोड़ता है, उसी का नाम है लालू प्रसाद यादव। उल्लेखनीय है कि लालू प्रसाद यादव ने कुछ महीने पहले किडनी ट्रांसप्लांट करवाई है। बताया जाता है कि उनकी बेटी रोहिणी ने ही अपनी किडनी अपने पिता को दी है।

# लोस चुनाव : बिहार के वैशाली संसदीय क्षेत्र में राजद-लोजपा के बीच मुख्य मुकाबला

**एजेंसी। पटना ।**

लोकतंत्र और गणतंत्र का पाठ पढ़ने वाली वैशाली भगवान महावीर की जन्मस्थली और भगवान बुद्ध की कर्मस्थली है। लोकसभा चुनाव-2024 में यहां मुख्य मुकाबला आईएनडीआईए और राजग गठबंधन के बीच होगा। राजग गठबंधन में यह सीट लोजपा रामविलास के चिराग के पास गई है जबकि आईएनडीआईए में यह सीट राजद के खाते में है।

वैशाली से 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा की वीणा देवी ने राजद के दिग्गज नेता रघुवंश प्रसाद सिंह को पटकनी दी थी। रघुवंश प्रसाद सिंह को जनता ने वैशाली से पांच बार जिताकर लोकसभा भेजा। 1996 में जनता दल की टिकट पर रघुवंश प्रसाद सिंह ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की। इसके बाद लालू यादव की राजद की टिकट पर उन्होंने 1998, 1999, 2004 और 2009 में जीत हासिल की। रघुवंश प्रसाद यहां से लगातार पांच बार जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2014 में मोदी लहर में भाजपा की सहयोगी पार्टी लोजपा के राम किशोर सिंह ने उन्हें हरा दिया। इसके बाद 2019 में भी लोजपा उम्मीदवार वीणा देवी से हार का सामना करना पड़ा।




वैशाली लोकसभा सीट वैशाली, बरूराज, मीनापुर, कांटी, साहेबगंज और पारू विधानसभा क्षेत्रों को मिलकर बना है। वैशाली में कुल 1735983 मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटर जहां 932416 हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1735983 है। वैशाली में बिहार के दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह ही जातीय समीकरण से हार जीत तय होता है।

### 2019 के लोकसभा में यहां लोजपा की हुई थी जीत

| |
|---|
| विजयी उम्मीदवार : वीणा देवी |
| पार्टी : लोक जन शक्ति पार्टी |
| प्राप्त वोट : 568215 |
| वोट का प्रतिशत : 62 |
| पुरुष मतदाता : 932416 |
| महिला मतदाता : 803519 |
| कुल मतदाता : 1735983 |
| निकटतम प्रतिद्वंद्वी : रघुवंश प्रसाद सिंह |
| पार्टी : राष्ट्रीय जनता दल |
| प्राप्त वोट : 333631 |
| हार का अंतर : 234584 |

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**तुला :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।



# आरसीबी ने सीएसके को 174 रन का दिया टारगेट, अनुज और दिनेश ने 95 रन की पार्टनरशिप की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की मौजूदगी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को रुतुराज गायकवाड़ की चेन्नई सुपर किंग्स के सामने है। बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीतने के बाद पहले बललेबाजी का फैसला लिया है। बेंगलुरु ने चेन्नई को दिनेश कार्तिक और अनुज रावत की महत्वपूर्ण पारियों की बदौलत 174 रनों का लक्ष्य दिया है। विराट कोहली मात्र 21 रन ही बना पाए। रचिन रवींद्र और रहाणे ने खूबसूरत एफर्ट लगाकर उनकी कैच पकड़ी। इसके बाद ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन 22 गेंदों पर 18 रन बनाकर आऊट हो गए। 77 रन पर 5 विकेट गिर चुके थे लेकिन इसके बाद अनुज रावत ने विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया।



**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 21 | 20 | 0 | 1 |
| फाफ डुप्लेसी | 35 | 23 | 8 | 0 |
| रजत पाटीदार | 0 | 3 | 0 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 0 | 1 | 0 | 0 |
| कैमरन ग्रीन | 18 | 22 | 1 | 0 |
| अनुज रावत | 48 | 25 | 4 | 3 |
| दिनेश कार्तिक | 38 | 26 | 3 | 2 |

अतिरिक्त -13, कुल -173/6 (20 ओवर)

**विकेट पतन :** 1-41, 2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173 . डीआरएस **गेंदबाजी :** दीपक चाहर 4-0-37-1, तुषार देशपांडे 4-0-47-0, महीश थीक्षणा 4-0-36-0, मुस्तफि जुर रहमान 4-0-29-4, रवींद्र जाडेजा 4-0-21-0

# पंजाब किंग्स के सामने होगी दिल्ली कैपिटल्स की चुनौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का दूसरा मुकाबला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें चंडीगढ़ के मुल्लानपुर में बने नए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम खेलेंगी जहां पर पहली बार आईपीएल का मुकाबला खेला जाएगा। पंजाब किंग्स की टीम जहां एक बार फिर से शिखर धवन की कप्तानी में खेलने उतरेगी, तो वहीं दिल्ली कैपिटल्स टीम में ऋषभ पंत की वापसी के साथ वह टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आएंगे, दोनों ही टीमों के बीच अब तक आईपीएल इतिहास में कई रोमांचक मुकाबले भी देखने को मिले हैं। पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल इतिहास में अब तक हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो दोनों ही टीमें आपस में 32 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 16 बार पंजाब किंग्स को जीत मिली है तो वहीं 16 बार मैच को दिल्ली कैपिटल्स ने अपने नाम किया है।




## दोनों टीमों इस प्रकार से हैं

**दिल्ली कैपिटल्स –** ऋषभ पंत (कप्तान), पृथ्वी शॉ, प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, मिचेल मार्शे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नॉर्टजे, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, ललित यादव, खलील अहमद, स्वास्तिक छिकारा, इशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, शाई होप, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल।

**पंजाब किंग्स –** शिखर धवन (कप्तान), आशुतोष शर्मा मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, राइली रूसो, शशांक सिंह सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, हर्षल पटेल, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, विदवथ कावेरप्पा , शिवम सिंह, क्रिस वोक्स, विश्वनाथ प्रताप सिंह, तनय त्यागराजन, हरप्रीत भाटिया, प्रिंस चौधरी।

## पंत की वापसी पर रहेगी सभी की नजरें

दिल्ली कैपिटल्स टीम के मैदान पर उतरने का इंतजार सभी फैंस काफी बेसब्री के साथ कर रहे हैं, जिसमें ऋषभ पंत की वापसी पर नजरें हैं। पिछले सीजन कार एक्सीडेंट में घायल होने की वजह से पंत नहीं खेल सके थे, वहीं इस सीजन के लिए उन्हें पहले ही पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है। पंत की वापसी से दिल्ली कैपिटल्स टीम की बल्लेबाजी को जहां मजबूती मिलेगी, वहीं डेविड वॉर्नर से भी दबाव कम होगा जिनके नेतृत्व में पिछले सीजन में टीम ने खेला था और लीग स्टेज से ही बाहर हो गई थी।

**14 महीने के बाद मैदान पर लौटने वाले हैं पंत**

# 'शेर यहां है', बुमराह के ट्रेनिंग कैंप में शामिल होने पर मुंबई ने शेयर की पोस्ट

**मुंबई ।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुक्रवार को आगामी सीजन से पहले पांच बार के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विजेता मुंबई इंडियंस (एमआई) के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। आईपीएल 2023 में पीठ में स्ट्रेस चोट के कारण बुमराह टूर्नामेंट से चूक गए। स्टार तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट के 2013 सीजन में मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के साथ अपनी शुरूआत की, इसके बाद उन्होंने 120 मैचों में भाग लिया जिसमें उन्होंने 7.4 की इकॉनमी रेट से 145 विकेट हासिल किए। मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने 30 वर्षीय खिलाड़ी के टीम में शामिल होने की खबर साझा की। एमआई ने एक्स पर लिखा, 'शेर यहां है।'आईपीएल का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है जबकि मुंबई इंडियंस अपने अभियान की शुरूआत रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। एमआई का 2023 में एक सफल सीजन रहा जो लीग के नॉकआउट चरण तक पहुंचे। हालांकि वह छठे खिताब का दावा करने में असमर्थ रहे। टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर रही लेकिन क्वालीफायर 2 में गुजरात टाइटंस से बाहर होने के बाद फाइनल से चूक गई।

## कोलकाता और सनराइजर्स हैदराबाद में भिड़ंत आज

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंसके अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। उन्होंने हाल ही में एक घरेलू मैच में मुंबई के लिये 95 रन बनाए लेकिन फिटनेस को देखते हुए यह तय नहीं है कि वह सारे मैच खेल सकेंगे या नहीं।

# खबरें व्यापार जगत की

## होली के पहले बाजार में तेजी, निवेशकों ने 1 दिन में ही की 2.39 लाख करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरूआती कमजोरी का सामना करने के बाद जबरदस्त मजबूती का प्रदर्शन किया। होली के पहले के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में तेजी के कारण निवेशकों ने भी जम कर मुनाफा कमाया। आज कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी लेकिन पहले घंटे के कारोबार में ही तेजड़ियों ने बाजार पर कब्जा जमा लिया। इसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक जोरदार तेजी दिखाने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में आईटी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ऑटोमोबाइल, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 382.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। हालांकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 379.85 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.39 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,906 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,444 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,365 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 97 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,228 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,481 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 747 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 409.53 अंक टूट कर 72,231.66 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 469.10 की कमजोरी के साथ 72,172.09 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में तेजड़ियों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शाम 3 बजे के कुछ देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 943.53 अंक उछल कर 474.43 अंक के तेजी के साथ 73,115.62 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 275 अंक से भी अधिक फिसल कर 190.75 अंक की मजबूती के साथ 72,831.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## डीजीसीए ने फ्लाइट ड्यूटी टाइमिंग उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर ठोका 80 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने एयर इंडिया पर उड़ान से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए 80 लाख रुपये का जुमार्ना ठोका है। चालक दल के लिए अल्ट्रा-लंबी दूरी की उड़ानों से पहले और बाद में आराम न देने के रुल में अनियमितता बरतने के लिए यह जुमार्ना लगाया गया। डीजीसीए ने हाई लेवल की सेफ्टी को देखते हुए एफडीटीएल और एफएमएस नियमों के अनुपालन को लेकर जनवरी में एयर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किया था। ऑडिट के दौरान साक्ष्य एकत्र किए गए और रिपोर्टों का विश्लेषण किया गया। डीजीसीए के महानिदेशक विक्रम देव दत्त ने कहा, "रिपोर्टों की जांच में यह बात सामने आई कि एयर इंडिया ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों फ्लाइट क्रू के साथ उड़ानें संचालित की, जो एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के नियम 28 ए के उप नियम (2) का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेटर को अल्ट्रा-लॉन्ग रेंज उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त साप्ताहिक आराम और फ्लाइट क्रू को लेओवर पर पर्याप्त आराम प्रदान करने में भी कमी पाई गई, जो एफडीटीएल पर नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के मौजूदा प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके अलावा, ऑडिट के दौरान ड्यूटी अवधि से अधिक होने, गलत तरीके से चिह्नित प्रशिक्षण रिकॉर्ड, ओवरलैपिंग कर्तव्यों आदि में भी कमी पाई गई।

## वैश्विक चुनौतियों के बीच आरबीआई की बैठक में आर्थिक हालात की समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को नागपुर में एक बैठक की जिसमें वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और दृष्टिकोण की समीक्षा की गई। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि भू-राजनीतिक घटनाएं और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियां का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ा है। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, कंज्यूमर एजुकेश और जागरूकता में हुई प्रगति सहित रिजर्व बैंक की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

# चयन ट्रायल में हुई खिलाड़ियों की कौशल की जांच

**चयनित खिलाड़ियों को सेंटर ऑफ एक्सेलेंस केंद्र में मिलेगी ट्रेनिंग**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग और रांची जिला प्रशासन के तत्वावधान में सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के प्रतिभा चयन ट्रायल के दूसरे दिन खेलगांव, होटवार में बैडमिंटन, कुश्ती तथा बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में फुटबॉल के खिलाड़ियों की कौशल एवं एंड्यूरेंस की जांच की गई। बता दें कि इस चयन प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कुश्ती एवं फुटबॉल में बालक एवं बालिका मिलाकर लगभग साढ़े तीन सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को विभिन्न खेलों के सेंटर ऑफ एक्सेलेंस केंद्र में रखा जाएगा। ज्ञात हो कि चयन प्रतियोगिता विगत गुरुवार (21 मार्च) से शुरू हुई थी और शनिवार (23 मार्च) तक चलेगी। पहले दिन गुरुवार को सभी निर्धारित स्थानों पर खिलाड़ियों के पंजीयन के उपरांत शारीरिक दक्षता के तहत बैटरी जांच हुई थी। इस चयन ट्रायल में आज विभाग के आवासीय एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा, भरत कुमार साहू, रवि शंकर केशरी, सौरभ कुमार, करम मुंडा, सुनील महली, काली चरण महतो, जेम्स पूर्ति,जोलेन होरो, अघनू उरांव, शाहिद अंसारी, गोपाल तिर्की, अंगद कुमार हंसराज, प्रेमचंद पूर्ति, विनय क्षेत्री, फरजाना प्रवीण, दुलारी टोप्पो, अख्तर हुसैन, हसन अंसारी, अनमोल टोप्पो, राजीव रंजन, बिरसी मुंडू ने संयुक्त रूप से अहम भूमिका।



# अर्जेंटीना का बॉस बने रहने के फैसले में मेसी की भूमिका अहम : स्कालोनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लियोनेल स्कालोनी ने लियोनेल मेसी सहित वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और एक साल बाद अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के मैनेजर बने रहने के लिए उनके उत्साह को फिर से जगाया, जिसे उन्होंने मुश्किल बताया। नवंबर में, स्कालोनी ने खुलासा किया था कि वह रियो डी जेनेरो के माराकाना स्टेडियम में फीफा विश्व कप क्वालीफायर में ब्राजील पर एल्बीसेलेस्टे की 1-0 की जीत के बाद अपनी नौकरी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। लेकिन शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ अर्जेंटीना के दोस्ताना मैच से पहले बोलते हुए, 45 वर्षीय ने अपने भविष्य के बारे में किसी भी संदेह को दूर कर दिया। स्कालोनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने लियो [मेसी] और अन्य खिलाड़ियों से बात की। मेसी टीम के कप्तान हैं। मैंने अन्य खिलाड़ियों से भी बात की, एंजेल डि मारिया, लुटारो [मार्टिनेज], (निकोलस) ओटामेंडी, रोड्रिगो डी पॉल के साथ। वे ऐसे लोग हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करता हूं, जिनसे मैं बहुत प्यार करता हूं। वे पहले दिन से ही हमारे साथ हैं। मुझे उनसे बात करने और अपने विचार साझा करने की जरूरत थी। स्कालोनी, जिन्होंने नवंबर में सुझाव दिया था कि उनके पास जारी रखने के लिए ऊर्जा की कमी है, ने जोर देकर कहा कि उन्होंने छोड़ने के बारे में कभी गंभीरता से नहीं सोचा था।





## आईपीएल में दिव्यांग दर्शकों के लिए साइन लैंग्वेज में होगी कमेंट्री

**मुंबई।** आईपीएल 2024 में बधिर, कम सुनने वाले और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए साइन लैंग्वेज में कमेंट्री होगी। आईपीएल 2024 के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने इंडिया साइनिंग हैंड्स के सहयोग से और बीसीसीआई के समर्थन से लीग में भारतीय सांकेतिक भाषा फीड की शुरूआत की घोषणा की। यह फीड उन विशेषज्ञों के परामर्श से भारतीय सांकेतिक भाषा का उपयोग करके गेंद-दर-गेंद अपडेट प्रदान करेगी, जिन्हें इंडिया साइनिंग हैंड्स की मदद से शुरू किया जा रहा है। जो बात इसे और भी खास बनाती है, वह है दृष्टिबाधित प्रशंसकों के साथ जुड़ने की इसकी क्षमता, जिसमें कमेंटेटर नियमित मौखिक स्कोर अपडेट के साथ खेल के हर पल का वर्णन करते हैं। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के कप्तान वीरेंद्र सिंह आईपीएल का पहले जैसा अनुभव लेने के लिए तैयार हैं और दोस्तों और परिवार के साथ इसका पूरा आनंद लेना चाहते हैं।

# साथियान ने रचा इतिहास, डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूनार्मेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3.1 (6.11, 11.7, 11.7, 11.4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15.13, 6.11, 11.8, 13.11 से मात दी थी औ शीर्ष वरीयता प्राप्त चुआंग चिह युआन को 11.8, 11.13, 11.8, 11.9 से हराया था। महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11.9, 11.5, 11.5 से मात दी। पुरूष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11.5, 7.11, 11.13, 12.14 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11.6, 10.12, 11.6, 11.6 से हराकर खिताब जीता।




# भारतीय महिला हॉकी टीम को नई मजबूती देंगे, यह वादा है मेरा : कप्तान सविता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रांची में ओलंपिक क्वालीफायर में हार का दर्द जिंदगी भर उन्हें सालता रहेगा लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया का वादा है कि अगले चार साल में इतनी मजबूत टीम बनायेंगे कि यह दिन दोबारा नहीं देखना पड़े। सविता ने कहा, ओलंपिक क्वालीफायर हारना हमारे लिये ऐसा बुरा पल है जिसे हम खिलाड़ी पूरी जिंदगी शायद नहीं भुला सकेंगे। अभी तक मैं उससे उबर नहीं सकी हूं। रियो ओलंपिक 2016 के जरिये 36 साल बाद ओलंपिक में लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। रांची में जनवरी में खेले गए क्वालीफायर में हालांकि जापान से हारकर उसने पेरिस ओलंपिक जाने का मौका गंवा दिया।

इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा, मैं उसके बारे में बात नहीं करना चाहती थी क्योंकि इससे दुख ही होता है। हमने तोक्यो में चौथे स्थान पर रहने की खुशी देखी और अब ओलंपिक नहीं खेलने का दर्द भी। लेकिन हम खिलाड़ी हैं और हार जीत हमें बहुत कुछ सिखाती है। लेकिन कम से कम हमें यह मलाल नहीं है कि हमने अच्छा नहीं खेला। उन्होंने कहा, हम सभी ने अपना शत प्रतिशत दिया और हमारी तैयारी बहुत अच्छी थी। वादा करते हैं कि अगले टूर्नामेंटों में अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। शायद इस हार के पीछे हमारी बदकिस्मती थी। लोगों से ज्यादा हम खुद दुखी हैं। हमने बहुत मेहनत की थी। सब कुछ झोंक दिया था। छह साल बाद सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेल रही इस खिलाड़ी ने कहा, खेल की अच्छी बात यही है कि आपको पिछला भुलाकर बहुत जल्दी आगे बढ़ना पड़ता है। इसलिए मैं पुणे में सीनियर राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप खेलने आई क्योंकि हॉकी मेरा जुनून है और मैदान से जितना दूर रहूंगी, ये बात परेशान करती रहेगी। क्वालीफायर हारने के बाद टीम को मिले ब्रेक में खिलाड़ियों को सारा दुख दर्द भुलाकर नये सिरे से लौटने के लिये कहा गया था। सविता ने कहा, घर पर पांच से दस दिन कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा था। बहुत कोशिश की लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा था। फिर योग और प्राणायाम का सहारा लिया और फिटनेस पर ध्यान दिया।

उन्होंने कहा, क्वालीफायर के बाद एक सप्ताह घर पर थे और सभी खिलाड़ियों को कहा कि जितना रोना है, उदास होना है यह ब्रेक उसी के लिए है। भीतर रखने से कुछ नहीं होगा और इसे बाहर निकालना जरूरी है। इस ब्रेक में ओलंपिक क्वालीफायर के बारे में किसी ने बात नहीं की। ओलंपिक क्वालीफायर हारने के दस दिन बाद ही भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग खेलना काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को भी हराया। सविता ने कहा, प्रो लीग के लिए टीम भुवनेश्वर में एकत्र हुई तो पहली टीम बैठक में यही देखा कि सभी को कैसा महसूस हो रहा है। युवाओं का मनोबल ऊंचा रहना जरूरी था। टीम को भी श्रेय जाता है कि हमने एकजुट होकर प्रो लीग खेला। उन्होंने कहा, प्रो लीग में हालैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन से अच्छे मैच खेले। मन में यही चल रहा था कि हम बेहतर के हकदार थे लेकिन क्वालीफाई क्यो नहीं कर पाए, इसका जवाब हमारे पास नहीं है। हालैंड टीम भी हैरान थी कि हम क्यो नहीं कर सके। अब भारतीय टीम को मई जून में बेल्जियम में प्रो लीग मुकाबले खेलने हैं और फोकस फिटनेस पर रहेगा। सविता ने कहा, अब नया कोर ग्रुप बनेगा और कुछ नए खिलाड़ी भी आएंगे। फिटनेस और ड्रैग फ्लिक पर फोकस रहेगा। जो हॉकी हम लगातार खेल रहे हैं, उसी पर काम करना है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये शादी के बाद पति से दूर रहने वाली सविता को सबसे बड़ी तसल्ली क्वालीफायर हारने के बाद उनसे मिलने कनाडा से आये पति के सांत्वना भरे शब्दों से मिली।



**यह हमारे लिए सबक है। मुझे अपने सफर का पता नहीं लेकिन कोशिश रहेगी कि अगले चार साल में टीम को इतना मजबूत बनाए कि ओलंपिक और विश्व कप में खेलें और अच्छा खेलें। भारत के लिये 2008 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाली सविता ने कहा, लोग सिर्फ नतीजे देखते हैं लेकिन एक सीनियर खिलाड़ी या कप्तान के तौर पर मैं कह सकती हूं कि हमारा प्रदर्शन ग्राफ ऊपर ही गया है।**



## मांडू विस क्षेत्र के जिप सदस्य सर्वेश सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

# कांग्रेस और जेपी पटेल को भाजपा ने दिया करारा जवाब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हजारीबाग जिला के दाड़ी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह और विष्णुगढ़ के मिशिलेश पाठक अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय और बोकारो विधायक बिरंची नारायण की उपस्थिति में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिप सदस्य सर्वेश सिंह और मिशिलेश पाठक को पार्टी में शामिल कराकर भाजपा ने कांग्रेस और मांडू के भाजपा विधायक जेपी पटेल दोनों को करारा जवाब दिया है। जेपी पटेल हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए है।

**जेपी पटेल के कांग्रेस में जाने का नहीं होगा कोई असर : सर्वेश सिंह :** भाजपा में शामिल होने के बाद जिप सदस्य सर्वेश सिंह ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में शामिल होने के बाद खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, पीएम मोदी का गरीबों के प्रति जो भाव है, उससे मैं पहले से ही बहुत प्रभावित था। मैंने बिना किसी आकांक्षा और स्वार्थ के भाजपा में शामिल हुआ हूं। पार्टी एक बुथ कार्यकर्ता से लेकर जो भी दायित्व सौंपेगी उसका ईमानदारी और जिम्मेवारी के साथ पूरा करने का प्रयास करूंगा। एक सवाल के जवाब में सर्वेश सिंह ने कहा कि जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने का क्षेत्र में कोई असर नहीं होगा, जनता पहले से ही जानता है कि वे निजी स्वार्थ में कहीं भी जा सकते है। सर्वेश सिंह ने यह भी कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में मांडू में भाजपा का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा।

### पहली बार गरीबों के चेहरे पर मुस्कान :आदित्य



राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने जिप सदस्य के पार्टी में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वेश सिंह का मांडू क्षेत्र में काफी लोकप्रिय समाजसेवी हैं। उनके आने से पार्टी को निश्चित रूप से फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह गरीबों के लिए कार्य कर रहे हैं, उससे देश के गरीबों के चेहरे पर पहली बार मुस्कान देखने को मिल रहा है। जबकि आज पीएम मोदी के हर योजना देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। आदित्य साहू ने कहा कि दस साल पहले गांव का कोई भी गरीब उम्मीद नहीं करता था कि उसका घर कभी बिजली से जगमगाएगा। उसके घर में शौचालय होगा, गैस चुल्हा और गैस होगा, लेकिन आज ये सुविधाएं हर गरीब के घर में मौजूद है।

### झारखंड की सभी सीट जीतेगी भाजपा : रवींद्र



पूर्व सांसद रवींद्र राय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर जिप सदस्य सर्वेश सिंह और मिथिलेश पाठक को बधाई देते हुए कहा कि जेपी पटेल को कांग्रेस में जाने के बाद अवसर मिलने का इंतजार कर रहे लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा का हजारीबाग और मांडू में जीत का सिलसिला जारी रहेगा। समाजिक जीवन में अहम भूमिका निभा रहे लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, इसलिए झारखंड में सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत तय है।

### होली गीत गाकर विधायक ने किया स्वागत

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने होली के गीत गाकर नये कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया । उनके गीतों पर मीडिया के लोग भी झुमते नजर आएं। विधायक ने कहा कि आज होली का त्योहार काफी बदल गया है।



25-30 साल पहले लोग नाली के कादो-कीचड़ से खुब होली खेलते थे, समूचा मुहल्ला घर से बाहर निकल पड़ता था, अब वह देखने को नहीं मिलता है। विधायक ने कहा कि होली हमें सारी दुश्मनी और गिले-शिकवे भूला कर सबको गले लगाने का महान पर्व है ।

# कांग्रेस में चार सीटों पर प्रत्याशी के नाम तय, घोषणा होली के बाद

### दुमका से प्रत्याशी चयन को लेकर हेमंत सोरेन अधिकृत

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची ।** झारखंड में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीट शेयरिंग की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। कांग्रेस के पांच तो झामुमो के दो प्रत्याशियों के नाम पर भी सहमति बन चुकी है। लेकिन प्रत्याशियों की घोषणा होली के बाद की जाएगी है। गठबंधन के नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार सीट-बंटवारे के समझौते के अनुसार, कांग्रेस राज्य की सात सीट पर चुनाव लड़ेगी, जबकि झामुम पांच पर, राष्ट्रीय जनता दल एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) शेष दो सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। हालांकि उन्होंने किसी प्रत्याशी के नाम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। लेकिन माना जा रहा है कि रांची से पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय का नाम लगभग फाइनल है । उसी तरह भाजपा के कांग्रेस में शामिल मांडू विधायक जेपी पटेल हजारीबाग से गठबंधन के प्रत्याशी हो सकते हैं। खूंटी में कालीचरण मुंडा और लोहरदगा में सुखदेव भगत प्रत्याशी बनाए जा सकते हैं। जिन तीन सीटों पर प्रत्याशी के नाम की चर्चा करना बाकि है, उसमें धनबाद ,गोड्डा और चतरा है। धनबाद से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और ददई दुबे दो प्रमुख दावेदार बताएं जा रहे हैं, वहीं गोड्डा से दीपिका पांडेय और प्रदीप यादव मुख्य दावेदार माने जा रहे हैं ।चतरा सीट पर राजद के दावा ठोका है, राज्य में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता खुद को प्रत्याशी घोषित कर जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं।






### जेल से ही हेमंत के लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें

दुमका लोकसभा सीट झामुमो के खाते में जरूर है, लेकिन प्रत्याशी को लेकर अभी संशय बना हुआ है, झामुमो हेमंत सोरेन को ही जेल से चुनावी मौदान में उतारेगी या कोई दूसरा प्रत्याशी होगा। तस्वीर स्पष्ट नहीं है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस सीट पर जेल से ही हेमंत सोरेन लड़ सकते हैं। पार्टी की ओर से भी उनपर दबाव बनाया जा रहा है कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ें। पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी के तमाम नेता व दुमका की जनता भी चाहती है कि हेमंत सोरेन लोकसभा का चुनाव लड़ें। जनता की चाहत से पूर्व मुख्यमंत्री को

### गांडेय से कल्पना सोरेन का उपचुनाव लड़ना तय

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का गांडेय विधानसभा का उपचुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है। यह पार्टी में भी तय हो गया है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की गयी है। लेकिन जिस तरह कल्पना पिछले की दिनों से गांडेय विधानसभा क्षेत्र में दौरा कर रही है और जनसंपर्क अभियान में लगी हुई हैं, उससे तस्वीर पूरी तरह साफ है। इस अभियान में कल्पना के साथ गांडेय के पूर्व विधायक व राज्यसभा के सांसद डॉ सरफराज अहमद और गिरिडीह के विधायक सुदीव्य कुमार सोनू भी शामिल हैं।

### चार सीटों पर प्रत्याशी के नाम तय : आलमगीर आलम

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने बताया कि पार्टी की ह्यस्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कांग्रेस को राज्य की मिली सात सीट में से चार सीट के उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा, 'हमने स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के दौरान चार सीटों खूंटी, लोहरदगा, रांची और हजारीबाग के उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप दिया है। शेष तीन सीटों पर निर्णय नहीं लिया जा सका। अब, उन्हें होली के त्योहार के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।'

# टाटा स्टील व प्रशासन को सरयू राय ने दी विद्युत सत्याग्रह करने की चेतावनी



**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने टाटा स्टील लिमिटेड और पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि 31 मार्च 2024 तक केबुल टाउन, गोलमुरी के घरों में बिजली का अलग-अलग कनेक्शन उपलब्ध करा दें। अन्यथा बाध्य होकर हमें इसके लिए विद्युत सत्याग्रह आरंभ करना पड़ेगा। सत्याग्रह के दौरान अप्रैल 2024 से केबुल टाउन के विद्युत उपभोक्ता उतना ही बिजली बिल देंगे, जितना बिल उनके बिजली मीटर में उठेगा। टाटा स्टील द्वारा नियुक्त नौ वेंडरों द्वारा बिजली मीटर का अतिरिक्त लिया जा रहा सेवा शुल्क वे नहीं देंगे। यदि वेंडरों को अतिरिक्त शुल्क देना ही है तो यह शुल्क टाटा स्टील लिमिटेड खुद दे क्योंकि वेंडरों की नियुक्ति टाटा स्टील ने ही की है।

# दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मांडू विधायक जयप्रकाश



**रांची ।** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली में मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में शामिल हुआ हूं। पार्टी जिस काम में लगाएगी उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरा करूंगा।

# झारखंड में आसपास की दो सीटों पर ससुर-दामाद होंगे 'इंडिया'



**रांची।** झारखंड में आस-पास की दो लोकसभा सीटों, गिरिडीह और हजारीबाग, पर इस बार इंडिया अलायंस की ओर से ससुर मथुरा महतो और दामाद जयप्रकाश भाई पटेल की उम्मीदवारी तय मानी जा रही है। गिरिडीह सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा महतो ने तो आधिकारिक तौर पर उम्मीदवारी घोषित होने के पहले ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी, गिरिडीह के विधायक सुदिव्य सोनू और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी चुनावी अभियान में उनके साथ शामिल हैं। हजारीबाग सीट पर कांग्रेस की ओर से जयप्रकाश भाई पटेल की उम्मीदवारी पर पार्टी में सहमति बन चुकी है। जयप्रकाश भाई पटेल फिलहाल मांडू के विधायक हैं।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता। महतो ने शुक्रवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नेता सह निलय इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरपर्सन भूतपूर्व सैनिक भीम मुंडा के साथ प्रदीप उरांव, प्रदीप कुमार, गंगाधर प्रसाद, अफरोज अंसारी (छोटू) समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी वर्गों का पार्टी में जुड़ना अच्छा संदेश है। भीम मुंडा ने देश सेवा के बाद शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया है। सार्वजनिक जीवन में आने के लिए उनका पार्टी में स्वागत है। आजसू के सशक्त मंच के माध्यम से जनहित के लिए कार्य करें।



## पृष्ठ एक के शेष

**भाजपा ने निर्वाचन आयोग को सौंपा...**

आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है और भ्रष्टाचार से संबंधित बड़ा रैकेट के होने की भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा ने कहा कि ऑडियो क्लिप में हुई बातचीत में जिस बुलबुल का जिक्र हुआ है, वह कौन है, जिसे विधायक 25 लाख रुपये देने की बात कह रही हैं। बातचीत में जिस मंत्री का जिक्र हुआ है, वह कौन हैं। मुखिया और रफीक भाई कौन हैं। किस डीसी और डीडीसी के नाम की चर्चा हो रही है। इन सब बातों की जांच कराकर अविलंब कार्रवाई की जाये। इधर गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर क्लिप शेयर करते हुए दावा किया कि ऑडियो में कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह की आवाज है, जिसमें वह एक पंचायत के मुखिया से कथित तौर पर 25 लाख रुपये किसी बुलबुल नामक शख्स के पास जमा करने की बात कह रही हैं। भाजपा सांसद ने लिखा है कि सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभाग को जांच करनी चाहिए। इस आरोप पर दीपिका पांडेय सिंह की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। दूसरी तरफ झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी एक्स पर लिखा, यह झारखंड में हो रहे प्रचंड भ्रष्टाचार का एक उदाहरण मात्र है।

**चुनाव ड्यूटी करने वाले पत्रकार...**

के रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव-2024 में मीडिया कर्मियों को आवश्यक श्रेणी में रखा है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव कवरेज के लिए जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी किया है वे इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मीडिया कर्मी संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है। रवि कुमार ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा। निर्धारित मतदान दिवस के छह दिन पूर्व से तीन दिन तक वोट डाले सकते हैं। तीन दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक कार्यरत रहेंगे।

**अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी...**

लेकिन उन्होंने गिरफ्तारी से पहले पद से इस्तीफा दे दिया था। चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राजनीतिक दलों को तोड़ने, विधायकों को डराने-धमकाने व लालच देकर सरकारें गिराने, मीडिया पर कब्जे तथा कंपनियों से वसूली के बाद अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गई है। जरा सोचिए कि एक मेयर का चुनाव जीतने के लिए सारे नियमों को ताक पर रखने वाले ये लोग लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए किस हद तक जायेंगे? आजादी के सात दशकों बाद यह देश लोकतंत्र से चलेगा या तानाशाही से यह फैसला आपको करना है। चम्पाई ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रिज करने पर भी सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि इनकम टैक्स द्वारा चुनावों के ठीक पहले कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज करना वास्तव में भारत के लोकतंत्र को फ्रीज करने की कोशिश है। सारी एजेंसियों को लगाने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध ठहराए गये चुनावी बॉन्ड में हजारों करोड़ लेने के बाद यह स्टेप भाजपा के डर को दशार्ता है। चम्पाई ने सवाल करते हुए कहा है कि चुनावों की घोषणा के बाद क्या आप विपक्षी दलों को चुनाव लड़ने से रोकना चाहते हैं? इन चुनावों में लोकतंत्र के इन विरोधियों को जनता द्वारा करारा जवाब मिलेगा। हेमंत सोरेन के एक्स पर उनकी ओर से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने पोस्ट किया है। उन्होंने कहा है कि शासन का मतलब तानाशाही हो गया है। देश का हर एक कोना इनके जुल्म की गवाही हो गया है। इन्हें लगता है कि करोड़ों लोगों का नेतृत्व कर रहे जन नेताओं को गिरफ्तार कर ये फिर से गद्दी पर बैठ जाएंगे। देश की स्वाभिमानी-निडर जनता इनके भ्रम और अहंकार का मुंहतोड़ जवाब देगी। इंडिया झुकेगा नहीं।

**बिहार में गिरा निर्माणाधीन पुल का...**

हादसा हुआ। यह हादसा गोपालपुर सिरे पंचायत के मेरचा गांव के पास हुई। यहां पिलर नंबर 154 गिरने से कई लोगों का दबे होने का आशंका है। 10 से 15 लोगों को उपचार के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेजा गया है। इनमें कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 40 लोगों के दबे होने की आशंका है। इस पुल का निर्माण केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय 12 सौ करोड़ रुपये की लागत से करवा रहा है। इसकी लंबाई 10.2 किलोमीटर से ज्यादा है। एप्रोच रोड मिलाकर पुल की कुल लंबाई 13.3 किलोमीटर होगी। इसका निर्माण दो एजेंसियां मिलकर कर रही हैं। इसमें गैमन इंडिया व ट्रांस रेल लाइटिंग प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। पुल का निर्माण 2023 तक पूरा होना था, लेकिन कोरोना एवं बाढ़ के कारण अब यह पुल 2024 में पूरा होगा। बकौर और मधुबनी जिले के भेजा के बीच बन रहा ये पुल देश का सबसे लंबा सड़क पुल है। उल्लेखनीय है कि बिहार में इससे पहले चार जून, 2023 को भागलपुर में एक निमाणार्धीन पुल गिर गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की जांच के आदेश दिए थे और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए कहा था। यह पुल खगड़िया-अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच बन रहा था।

**झारखंड लगातार दूसरी बार...**

क्षेत्रों में नेत्रदान, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और डायबिटिक रेटिनोपैथी के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची, रिम्स, बोकारो जेनेरल हॉस्पिटल व सीसीएल रांची के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ वेट लैब की ओर से सर्जिकल प्रशिक्षण भी दिया गया। राज्य में नेत्र चिकित्सा की नई तकनीकों को नेत्र चिकित्सकों को अवगत कराने के लिए कई साइंटिफिक सेमिनारों का अलग-अलग शहरों में आयोजन किया गया। इस सम्मान से झारखंड का नाम देश में तेजी से उभरा है।

## न्यूज बॉक्स

### पत्थर कारोबारी टिंकल भगत की जमानत अर्जी पर जवाब के लिए ईडी ने मांगा समय



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता और ईडी की ओर से पक्ष रखा गया। ईडी ने याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ बिंदुओं पर जवाब के लिए समय मांगा। जस्टिस एसएन प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अवैध खनन का यह मामला शेड्यूल ऑफिंस में नहीं आता है। जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। याचिकाकर्ता को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कॉन्सेंट टू ऑपरेट भी मिला है। उनकी ओर से इस संबंध में दस्तावेज भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। याचिकाकर्ता को ईडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिसपर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। मामले के एक सह आरोपित कृष्णा साहा को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसलिए याचिकाकर्ता को भी जमानत दी जाए। ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व में टिंकल भगत जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई है। मामले में ईडी ने टिंकल भगत के खिलाफ दो सितंबर, 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। टिंकल साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़ा है।

### झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव को बड़ा झटका, याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेन्द्र साव को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बड़कागांव से जुड़े एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण केस में रांची सिविल कोर्ट द्वारा दी गई सजा को रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में शुक्रवार को क्रिमिनल अपील पर सुनवाई हुई। योगेन्द्र साव की ओर से अधिवक्ता विशाल तिवारी ने बहस की। योगेन्द्र साव की ओर से हाई कोर्ट के इस आदेश को चुनौती दी जा सकती है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद अब योगेन्द्र साव के चुनाव लड़ने पर रोक जारी रहेगी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका की खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी ने इनके खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन और अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे, जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

### झारखंड हाई कोर्ट ने पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका की खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने जांच में पाया था कि कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद-बिक्री की गई थी।

### कोर्ट में अमित अग्रवाल की जमानत पर सीबीआई ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में अधिवक्ता राजीव कुमार कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा की ओर से दर्ज मामले में अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांगी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिंह एवं अधिवक्ता अभिषेक अग्रवाल ने पैरवी की। इस मामले में अमित कुमार अग्रवाल सात दिसंबर, 2023 से जेल में है। मामले में सीबीआई की दिल्ली ब्रांच के ने रांची की सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया है। चार्जशीट में सीबीआई ने कैश कांड के मुख्य आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को भी आरोपित बनाया है। साथ ही अमित अग्रवाल की एक कंपनी का भी नाम चार्जशीटेड है। अमित अग्रवाल वर्तमान में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपये नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था। सीबीआई की दिल्ली शाखा ने अमित अग्रवाल के खिलाफ 20 जनवरी, 2023 को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई 19 को



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पक्ष रखा गया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 19 अप्रैल निर्धारित की है। ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने का खुलासा ईडी की जांच में हुई है। मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है। 19 अक्टूबर को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### एनडीए की सहयोगी पीएमके ने 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) ने शुक्रवार को तमिलनाडु में आगामी संसदीय चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की घोषणा की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने पीएमके को 10 लोकसभा सीटें सौंपी हैं। पीएमके संस्थापक डॉ. रामदास की सहमति से नौ उम्मीदवारों के नाम वाली पहली सूची की घोषणा की गई। हालाँकि, पार्टी ने अभी तक कांचीपुरम के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। पार्टी की तरफ से जारी सूची में अराक्कोनम से के बालू, धर्मपुरी से अरसंगम, अरणी से ए गणेश कुमार, विल्लुपुरम से मुरली शंकर, कल्लाकुरिची से देवदास उदयर, सलेम से एन अन्नादुराई, डिंडीगुल से एम थिलागाबामा, मयिलादुथुराई से स्टालिन और कुड्डालोर से थांगर बचन के नाम शामिल हैं।

### इंडोनेशिया में 6.0 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में शुक्रवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। जकार्ता समय के अनुसार सुबह 11.22 बजे समुद्र के नीचे भूकंप आया। इसका केंद्र तुबन रीजेंसी से 132 किमी उत्तर पूर्व में और 10 किमी की गहराई में स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। भूकंप के झटकों से समुद्र में बड़ी लहरें नहीं उठेंगी। इंडोनेशिया एक द्वीपसमूह देश है जो ज्वालामुखी और भूकंप की एक टेक्टॉनिक बेल्ट, पैसेफिक रिंग ऑफ फायर में स्थित है। यहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है।

### इजरायली सेना के हमले में वेस्ट बैंक में 6 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह।** इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक के कई शहरों में छह फिलीस्तीनियों को मार डाला। गुरुवार को तुल्कर्म शहर में नूर शम्स फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की छापेमारी के दौरान हुई झड़प में छह फिलिस्तीनियों में से चार की मौत हो गई। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी और सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, उनमें से दो लोगों की मौत इजरायली सैनिकों की फायरिंग और अन्य दो की मौत ड्रोन हमले में हुई। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया, "इजरायली सेना ने सैन्य बुलडोजरों के साथ गुरुवार को तुल्कर्म शहर और शरणार्थी शिविर पर धावा बोल दिया और सख्त घेराबंदी कर दी।"

# मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च सम्मान 140 करोड़ भारतीयों को किया समर्पित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो दिन के भूटान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। भूटान दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। अपनी स्थापना के बाद से यह पुरस्कार केवल चार प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। ऐसे में पीएम मोदी भूटान के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। इस सम्मान को पाने के बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर पीएम मोदी ने लिखा कि, "भूटान द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' पुरस्कार से सम्मानित होने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। मैं इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करता हूं।"



भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रवार को भूटान पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मोदी देश के पूर्वोत्तर हिस्से में स्थित हिमालयी राष्ट्र के साथ भारत के अनूठे संबंधों को और मजबूत करने के लिए दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं।

# यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 'असंवैधानिक' घोषित

**एजेंसी। लखनऊ**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को 'असंवैधानिक' घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने कानून को अधिकार क्षेत्र से बाहर घोषित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को एक योजना बनाने का निर्देश दिया ताकि मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके। यह आदेश अंशुमान सिंह राठौड़ द्वारा दायर एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान आया, जिसमें यूपी मदरसा बोर्ड की शक्तियों को चुनौती दी गई थी। साथ ही केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा अन्य संबंधित मदरसों के प्रबंधन पर आपत्ति जताई गई थी। इसमें बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2012 जैसे मुद्दों पर भी आपत्ति जताई गई थी। उत्तर प्रदेश में लगभग 25 हजार मदरसे हैं और 16,500 से अधिक मदरसा यूपी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। इससे पहले मार्च में, एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने राज्य में यूपी-नेपाल सीमा पर 13 हजार अवैध मदरसों की पहचान की थी और सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें इन मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई थी। इस बीच, शुक्रवार को अदालत के फैसले ने राज्य में मदरसा छात्रों के बीच अनिश्चितता पैदा कर दी है। लखनऊ के एक मदरसे में माध्यमिक स्तर के छात्र आसिफ रियाज ने कहा, हम अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। हम नहीं जानते कि अपनी शिक्षा कैसे जारी रखें क्योंकि नए स्कूल में स्थानांतरित होना आसान नहीं होगा और नई प्रणाली को अपनाना कठिन होगा। कोर्ट को इसके लिए कम से कम दो-तीन साल का समय देना चाहिए था।'




**सरकार योजना बना मदरसा के छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित करे**

**राज्य में 25 हजार मदरसे, 16,500 से अधिक मदरसा यूपी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त**

### तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया विस की सदस्यता से इस्तीफा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक एक बार फिर गरमा गई है। राज्य के तीन निर्दलीय विधायकों ने भी विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। इससे पहले ही विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस के छह बागी विधायकों को अयोग्य ठहरा चुके हैं। शुक्रवार को देहरा से विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से विधायक केएल ठाकुर और हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा विधानसभा परिसर पहुंचे और विधानसभा सचिव को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। इनमें नालागढ़ से केएल ठाकुर 2012 में भाजपा से विधायक रह चुके हैं, जबकि वे 2017 का चुनाव हार गए थे। वर्ष 2022 में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। तब वे निर्दलीय चुनाव जीते थे। देहरा से होशियार सिंह लगातार दूसरी बार निर्दलीय विधायक बने हैं। हमीरपुर से आशीष शर्मा पहली बार के निर्दलीय विधायक बने हैं। यह तीनों निर्दलीय विधायक कांग्रेस के अयोग्य ठहराए गए विधायकों के साथ बीते 27 फरवरी से लगातार प्रदेश से बाहर थे।

# भाजपा ओडिशा में लोस और विस चुनाव अकेले लड़ेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ओडिशा में लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने शुक्रवार को राज्य में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। मनमोहन सामल ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इससे पहले सामल ने यह भी कहा, विगत 10 वर्षों से, नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा की बीजू जनता दल (बीजेडी) केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



सरकार के अनेक राष्ट्रीय महत्व के प्रसंगों में समर्थन देती आई है, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। अनुभव में आया है कि देशभर में जहां भी डबल इंजन की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढे हैं। लेकिन, आज ओडिशा में मोदी सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे ओडिशा के गरीब बहनों-भाइयों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में तमिलनाडु के लिए 4 नामों की घोषणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

तमिलनाडु की लोकसभा सीटों पर चर्चा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई। आईएनडीआई गठबंधन में कांग्रेस कोटे की 9 सीटों में से 4 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो गए हैं। शेष 5 सीटों पर उम्मीदवारों पर फैसला 27 मार्च को सीईसी की अगली बैठक में लिया जाएगा। तमिलनाडु में कांग्रेस तिरुवल्लूर, कृष्णागिरि, करूर, कुड्डालोर, मायलादुथुराई, शिवगंगा, विरुधुनगर, तिरुनेलवेली और कन्या कुमारी में लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पुडुचेरी में एक सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, महासचिव एन वेणुगोपाल और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद रहे।

### गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा पहुंचा 32 हजार

**गाजा।** गाजा में इजरायल के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31,988 हो चुकी है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये जानकारी दी है। मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि इजराइली सैनिकों ने 24 घंटे में 64 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया है। इस दौरान 92 लोग जख्मी हुए हैं। जब से इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुआ, तब से मरने वालों का आंकड़ा 31,988 तक पहुंच चुका है और 74,2023 लोग घायल हुए हैं।

## ऐतिहासिक भोजशाला में पहले दिन का सर्वे पूर्ण, एएसआई टीम ने की वीडियोग्राफी

**एजेंसी। धार**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला का ज्ञानवापी की तर्ज पर एएसआई सर्वे शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गया। दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की सर्वे टीम सुबह छह बजे भोजशाला परिसर में पहुंची। दोपहर में नमाज से पहले सर्वे टीम भोजशाला परिसर से बाहर आ गई। याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने बताया कि एएसआई द्वारा दोपहर 12:00 बजे तक सर्वे का काम पूरा



हो चुका है। अब अगले दिन यानी शनिवार को सर्वे दोबारा शुरू होगा। पहले दिन प्रारंभिक तौर पर सर्वे का काम किया गया है। शुक्रवार की नमाज से पहले सर्वे काम पूरा किया गया। याचिकाकर्ता गोयल ने बताया कि भोजशाला में शुक्रवार सुबह 6:21 बजे एएसआई के पांच सदस्यों की टीम द्वारा सर्वे का काम शुरू किया गया। सुबह टीम के अंदर जाने के साथ 20 से 25 श्रमिकों को भी अंदर भेजा गया। इसी के साथ उपकरण भी अंदर भेजे गए। इसमें दोपहर 12:00 तक पहले दिन का सर्वे का काम हुआ है। इसमें प्राथमिक तौर पर भोजशाला में सर्वे किया गया है। चिन्हों के वीडियो व फोटोग्राफी करने के साथ आगामी दिनों की रूपरेखा सर्वे को लेकर तैयार की गई। टीम द्वारा विभिन्न पैमाने पर सर्वे किया है। आज ग्राउंड लेवल पर काम किया गया। इसमें आगामी दिनों में जो गतिविधि होगी, उसकी रूपरेखा तैयार की गई है।

### ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात की



**बीजिंग।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कैनबरा में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की। बैठक के दौरान, अल्बानीज ने टिप्पणी की कि ऑस्ट्रेलिया-चीन संबंधों ने पिछले दो वर्षों में व्यापार, निवेश और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान को फिर से सक्रिय करने के साथ सकारात्मक प्रगति की है।

# मुझे केजरीवाल की गिरफ्तारी का दुख नहीं : हजारे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में शराब घोटाला मामले में ईडी ने गुरुवार की रात सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर समाजसेवी अन्ना हजारे की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उन्हें कोई दुख नहीं है। अन्ना हजारे ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली का सीएम बनने के बाद नई शराब पॉलिसी लेकर आए, जिसको लेकर मैंने उन्हें दो बार पत्र लिखा था। मुझे इस बात का दुख है कि मेरी बात नहीं मानी गई और अब वह गिरफ्तार हो गए हैं। अन्ना ने आगे कहा कि जब केजरीवाल और मनीष सिसोदिया आंदोलन के समय हमारे साथ आए थे, तो भी मैंने उन दोनों से कहा था कि देश की भलाई के लिए काम करना है। लेकिन, दोनों ने मेरी बातों पर ध्यान नहीं दिया। ना ही



केजरीवाल ने मेरी बात मानी। ऐसे में मैं उन्हें कोई सलाह नहीं दूंगा और साथ ही मुझे केजरीवाल के हालात पर कोई दुख नहीं है। अन्ना ने कहा कि कभी हम दोनों शराब जैसे भ्रष्टाचार के खिलाफ साथ खड़े थे और आज वो खुद शराब नीति बना रहा था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कभी भी मेरी बात नहीं मानी, इसका मुझे दुख है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी सड़क पर है। लेकिन, केजरीवाल की पार्टी जिस तरह का जनसमर्थन चाह रही थी क्या उन्हें मिल पा रहा है यह देखना होगा?

### केजरीवाल ने गिरफ्तारी के खिलाफ एससी से याचिका वापस ली

आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा हिरासत में लिए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका वापस ले ली। शीर्ष अदालत की एक विशेष पीठ मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार दोपहर को सुनवाई करने वाली थी। इससे पहले दिन में, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना - जो एक अलग संयोजन में पीठ में लौटे - ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि तीन-न्यायाधीशों की विशेष पीठ अन्य मामले खत्म होने के बाद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी।

### केजरीवाल का जेल से सरकार चलाना, दिल्ली के लोगों, कानून व लोकतंत्र का अपमान: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात कह रहे हैं, वह दिल्ली के लोगों, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक राजनीतिक दल जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बोलता था और सोनिया गांधी की गिरफ्तारी की मांग करता था, उसने 9 समन के बाद भी ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल करोड़ों रुपये का घोटाला करते हैं और घर में बैठकर भ्रष्ट नेताओं को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे रहे हैं। सबसे बड़े भ्रष्टाचारी से अब जानना पड़ेगा कि कौन ईमानदार है और कौन बेईमान है?

### ममता ने की केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने दिल्ली के सीएम केजरीवाल की आबकारी नीति भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने इस कदम को भाजपा की हताशा करार देते हुए आरोप लगाया कि जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री से डर कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को ममता ने एक्स पर लिखा कि मैं जनता द्वारा चुने गए दिल्ली के मौजूदा केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती हूं। मैंने अपना अटूट समर्थन और एकजुटता बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से सुनीता केजरीवाल (अरविंद केजरीवाल की पत्नी) से संपर्क किया है।

### नासा ने छोटा सैटेलाइट लॉन्च किया, ब्रह्मांडीय विस्फोटों के रहस्यों को करेगा उजागर

**वाशिंगटन।** नासा ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए छोटे आकार का एक सैटेलाइट लॉन्च किया। इसका उद्देश्य ब्रह्मांडीय विस्फोटों के रहस्यों को उजागर करना है। सैटेलाइट बर्स्टक्यूब स्पेसएक्स के 30वें कमर्शियल पुनःआपूर्ति सर्विस मिशन पर परिक्रमा लैब के रास्ते में है। इसने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स से गुरुवार को उड़ान भरी। नासा ने कहा, "आईएसएस पर पहुंचने के बाद बर्स्टक्यूब को अनपैक किया जाएगा और बाद में कक्षा में छोड़ दिया जाएगा, जहां यह उच्च-ऊर्जा प्रकाश की संक्षिप्त गामा-किरण विस्फोटों का पता लगाएगा और उनका अध्ययन करेगा।" अमेरिका के मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में बर्स्टक्यूब के मुख्य इन्वेस्टिगेटर जेरेमी पर्किन्स ने कहा, "बर्स्टक्यूब छोटा हो सकता है।

## फिल्म जगत

### 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' में प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाएंगी रश्मि देसाई

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपकमिंग फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) में लेखिका और प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने कहा, "सबसे पहले मुझे स्क्रीन पर देखने का इंतजार करने के लिए मेरे प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। जिस तरह की मैं भूमिका निभाना चाहती थी, उसके लिए थोड़ा ब्रेक लेना सही निर्णय था। मैंने अपने किरदार के लिए बहुत मेहनत की है।"

उन्होंने आगे कहा, "मेरे इस किरदार से बहुत से लोगों की उम्मीदें जुड़ी हुई है, और इस चीज का ध्यान रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। एक कलाकार के तौर पर चरित्र में गहराई से उतरने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है।" रश्मि ने कहा, "अब यह देखने का समय आ गया है कि दर्शक मेरे प्रदर्शन पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि लोगों को मेरा काम पसंद आएगा। प्रोमो के बाद मुझे इतना प्यार देने के लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।" आईएमडीबी के मुताबिक यह फिल्म एक छोटे शहर के सौरभ शर्मा के बारे में है जो अब जेएनयू का छात्र है। वहां वह राष्ट्रविरोधी वामपंथी छात्रों की गतिविधियों से बेचैन हो जाता है और उनके खिलाफ आवाज उठाता है।

